वर्ष : 3 ▸ अंक : 280 ▸ मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 9 जून 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 0.50 फीसदी बढ़ाई

### रेपो रेट की नई दर बढ़कर 4.90 फीसदी हुई, और महंगी हो जाएगी ईएमआई



मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को फिर से नीतिगत दरों में बढ़ोतरी की है। गवर्नर शक्तिकांत दास पहले ही इसके संकेत दे चुके थे। पिछले ही महीने रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी की थी और अब इस महीने फिर से 0.50 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। अब रेपो रेट की नई दर 4.90 फीसदी हो गई है। इस बढ़ोतरी के चलते फिर से आपकी ईएमआई महंगी हो जाएगी। रेपो रेट बढ़ने का सीधा सा मतलब है कि रिजर्व बैंक की तरफ से बैंकों को लोन महंगी दर पर मिलेगा। ऐसे में बैंक इस बढ़ोतरी को ग्राहकों तक ट्रांसफर करेंगे और उनके लिए भी कर्ज लेने की दरें महंगी हो जाएंगी। वहीं अगर आपको होम लोन चल रहा है तो उसकी ईएमआई में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि इससे पहले देश में लगातार बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए मई महीने में आरबीआई ने बिना पूर्व सूचना के एमपीसी की बैठक का आयोजन किया था और इसमें रेपो रेट में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी करने का एलान किया था। इसके बाद ये दरें 2020 से एतिहासिक निचले स्तर यानी चार फीसदी पर रहने के बाद अचानक से 4.40 फीसदी हो गईं। इस इजाफे के बाद आरबीआई गवर्नर ने भी पहले ही संकेत दे दिए थे कि रेपो दरों में जून में होने वाली बैठक में और बढ़ोतरी की जा सकती है। दास ने एमपीसी की बैठक में लिए गए नतीजों का एलान करते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और वैश्विक घटनाक्रमों के चलते सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इस बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए आरबीआई का सख्त कदम उठाना पड़ा है।

रेपो दरों में बढ़ोतरी के साथ ही आरबीआई ने एमएसएफ को 50 बीपीएस बढ़ाकर 5.15 फीसदी, स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को बढ़ाकर 4.65 फीसदी कर दिया है। आरबीआई के इस फैसले के बाद लोन लेने वाले ग्राहकों को तगड़ा झटका लगा है, क्योंकि रेपो दरों में वृद्धि के चलते होम, ऑटो और पर्सनल लोन समेत सभी तरह के लोन महंगे हो जाएंगे और ग्राहकों की ईएमआई में इजाफा हो जाएगा। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जिस तक के भू-राजनैतिक हालात पैदा हुए हैं, इनके बीच इस तरह का फैसला लेना बेहद जरूरी था।

## सीमा पर यथास्थिति में एकतरफा बदलाव को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा भारत : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत यथास्थिति में एकतरफा बदलाव करने के किसी प्रयास को स्वीकार नहीं करेगा और स्थापित समझ से परे किसी रुख पर वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी। एस जयशंकर की यह प्रतिक्रिया पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा गतिरोध लम्बा खिंचने की पृष्ठभूमि में आई है।

विदेशी सम्पर्क में बदलाव विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत के सम्पूर्ण रुख का उल्लेख किया। उन्होंने कहा हम इतिहास की झिझक से बाहर निकल आए हैं और हम किसी को भी अपने विकल्पों को वीटो करने की अनुमति नहीं देंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में शामिल होने, वैश्विक हितों के खिलाफ राजनीतिक बाधाओं से पार पाने को लेकर आशान्वित है। जयशंकर की इन टिप्पणियों को चीन के संदर्भ में देखा जा रहा है।



आतंकवाद का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि कूटनीति ने इस चुनौती से निपटने में काफी योगदान किया है, जो आतंकवाद को समर्थन देने से इंकार के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा हमारी सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है और हम यथास्थिति में एकतरफा तरीके से बदलाव करने के प्रयास को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। एक ऐसा रुख जो स्थापित समझ से परे होगा, उसे वैसी ही प्रतिक्रिया मिलेगी। विदेश मंत्री ने कहा जहां तक सुरक्षा की बात आती है, हम अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर काम करेंगे।

हम अपने विश्वसनीय सहयोगियों की भूमिका को मानते हैं जो हमारे साथ भारत को हर दिन सुरक्षित बनाने में मदद कर रहे हैं। जयशंकर ने इस दौरान आत्मनिर्भर भारत का उल्लेख करते हुए कहा, हम भारत में निर्माण करना चाहते हैं लेकिन हम दुनिया के साथ और दुनिया के लिये भी निर्माण करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति खुली सोच और व्यवहारिकता पर आधारित सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सूत्र पर आधारित है तथा जटिल मुद्दों के समाधान के लिये इसमें सबका प्रयास के तत्व भी समाहित हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की कूटनीति अहम आर्थिक मुद्दों एवं ऊर्जा स्रोतों पर प्रभावी क्षेत्रीय ताकतों एवं महत्वपूर्ण शक्तियों पर केंद्रित रही है। उन्होंने कहा हमने इसे खुली सोच और व्यावहारिकता पर आधारित सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सूत्र पर आगे बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने इस संदर्भ में कोविड महामारी को लेकर देश की प्रतिक्रिया, व्यापक टीकाकरण अभियान के अलावा वित्तीय, डिजिटल एवं संवाद के क्षेत्र में बदलाव आदि का उल्लेख किया।

इसके साथ ही आवास, विद्युतीकरण, जल कनेक्शन, रसोई गैस तक पहुंच जैसी सरकार की योजनाओं के प्रभाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने हाल में भारत द्वारा अंतिम रूप दिये गए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया और कहा, हमारा संदेश दुनिया को सघनता के साथ जोड़ने का है और इसमें स्वाभाविक तौर पर अपने लोगों को फायदा पहुंचाना एवं वैश्विक कल्याण, विकास एवं सुरक्षा में भी योगदान देना है।

### संक्षिप्त समाचार

## मोदी सरकार ने सभी अल्पसंख्यकों को तरक्की में बराबर का हिस्सेदार बनाया : नकवी



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा पिछले आठ सालों में नरेंद्र मोदी सरकार के भेदभाव रहित विकास के संकल्प ने अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गों को तरक्की में बराबर का भागीदार बनाया है। यही माहौल भारत विरोधी तत्वों की बेचैनी का कारण है। उन्होंने कहा भारत में सह-अस्तित्व का समावेशी संस्कार किसी को भी संकीर्ण सांप्रदायिक साजिश का शिकार नहीं होने देता। नकवी ने कहा वसुधैव कुटुम्बकम् के संस्कार और सर्वे भवन्तु सुखिनः के संकल्प का ही नतीजा है कि हिंदुस्तान में दुनिया के सभी धर्मावलंबी समानता, स्वतंत्रता और समावेशी माहौल में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा अलकायदा, मुसलमानों की हिफाजत नहीं मुसीबत है जो इस्लाम को सुरक्षा कवच बनाकर इंसानियत को लहूलुहान करने में लगा है। नकवी ने कहा दुनिया भर में रहने वाले हर दस मुसलमान में से एक मुसलमान भारत में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक, संवैधानिक स्वंत्रता और सुरक्षा के साथ रह रहा है। वहीं पड़ोस के इस्लामिक देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे जुर्म और जुल्म पर खामोशी के चुनिंदा अधिकारों और स्वतंत्रता की सोच आश्चर्यचकित करने वाली है। नकवी ने कहा कि भारत में तीन लाख से ज्यादा मस्जिदें हैं, जहां इबादत होती है, इतने ही अन्य इबादतस्थल हैं। हजारों चर्च, गुरुद्वारे, बौद्ध प्रार्थना घर, पारसी और जैन मंदिर और पूजा स्थल हैं। इस तरह 50 हजार से ज्यादा पंजीकृत मदरसे हैं, 50 हजार से ज्यादा अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान। जो कई इस्लामिक देशों से भी ज्यादा हैं। यह सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की ताकत के एहसास को पुख्ता करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मुसलमानों सहित सभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा, सम्मान, हिंदुस्तान के संस्कृति-संस्कार-संकल्प का हिस्सा हैं। नकवी ने जोर देकर कहा पिछले आठ वर्षों में मोदी सरकार के बिना भेदभाव के विकास के संकल्प ने सभी वर्गों को तरक्की का बराबर का हिस्सेदार-भागीदार बनाया है। यही विश्वास और विकास का माहौल भारत विरोधी तत्वों की बेचैनी का कारण है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत केंद्रीय कार्यालय का गृह प्रवेश एवं वास्तु पूजन हुआ संपन्न




नई दिल्ली, ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2079 तदनुसार 8 जून, 2022 को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के केंद्रीय कार्यालय (ग्राहक शक्ति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान) का गृह प्रवेश एवं वास्तु पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात सुन्दरकाण्ड, हवन एवं प्रसाद वितरण हुआ।

जिसमें अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस जी, सचिव श्री अरुण देशपांडे जी, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप बंसल जी, कार्यालय सचिव श्री ज्ञान शंकर त्रिपाठी जी, हरियाणा एवं मेरठ प्रान्त के अध्यक्ष श्री नवीन जैन और श्री विपिन गुप्ता जी, भारतीय जनता पार्टी के संगठक श्री वी. सतीश जी एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक श्री कश्मीरी लाल जी, सह-संगठक श्री सतीश जी, भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय कार्यालय प्रमुख श्री श्याम बिहारी प्रजापति, डॉ. दीपेन्द्र चाहर महामंत्री दिल्ली प्रान्त, राष्ट्रीय सेवा भारती के डॉ. राम कुमार जी, भारतीय किसान संघ के चन्द्रशेखर जी एवं दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुऐ




कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दिल्ली प्रान्त के द्वारा किया गया जिसमे प्रांत के अध्यक्ष श्री राजवीर सोलंकी, सचिव श्री विजय केसरी एवं प्रान्त के समस्त पदाधिकारियों सहित दिल्ली प्रांत की सभी इकाइयों के सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कानून को मानने वाली पार्टी, सोनिया और राहुल गांधी ईडी के सामने पेश होंगे : पवन खेड़ा



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने वाले हैं, क्योंकि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, 'हम कानून को मानने वाली पार्टी हैं। हम नियमों का अनुसरण करते हैं। अगर उन्हें तलब किया गया है, तब निश्चित तौर पर वे जाएंगे। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम भाजपा की तरह नहीं है। हमें याद है, जब अमित शाह 2002 से 2013 के दौरान भागते फिर रहे थे।' खेड़ा ने कहा, हमें कोई घबराहट नहीं है। वहां लोग नियमों को तोड़कर नोटिस भिजवाते हैं। उन्हें समझ आएगा कि किससे पाला पड़ा है।'

दरअसल ईडी ने 'नेशनल हेराल्ड' से जुड़े कथित धनशोधन मामले में सोनिया गांधी को आठ जून को पेश होने के लिए नोटिस दिया था, हालांकि सोनिया गांधी ने पेश होने के लिए और समय मांगा है, क्योंकि वह कोरोना से संक्रमित हैं तथा अब तक स्वस्थ नहीं हुई हैं। सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी गत बृहस्पतिवार को कोरोना से संक्रमित हुई थीं और उनकी जांच रिपोर्ट अभी निगेटिव नहीं आई है। कथित धनशोधन के इसी मामले में ईडी की ओर से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 13 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने इससे पहले राहुल गांधी को दो जून को पेश होने को कहा था, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए कोई दूसरी तारीख देने का अनुरोध कर कहा था कि वह देश से बाहर हैं। राहुल गांधी गत सप्ताहांत स्वेदश लौटे।

## नूपुर शर्मा को भेड़ियों के बीच अकेले नहीं छोड़ा जाना चाहिए : उमा भारती

नई दिल्ली, एजेंसी। बीजेपी नेता उमा भारती ने पार्टी से सस्पेंड की गई नूपुर शर्मा को लेकर सहानुभूति जाहिर की है। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके बयान पर उनके खिलाफ सही एक्शन लिया है, लेकिन इसके बावजूद हम सबको नूपुर के साथ खड़ा होना चाहिए। खरी-खरी कहने वाली उमा भारती ने कहा कि नूपुर को मिल रही धमकियों के मद्देनजर मुस्लिम नेताओं को भी उनके पक्ष में सबके साथ खड़ा होना चाहिए। बीजेपी नेता उमा भारती ने नूपुर शर्मा प्रकरण पर साफ कहा कि नूपुर ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर दूसरे धर्म के खिलाफ बोला, इसलिए पार्टी ने उनके साथ सही किया। उन्होंने कहा कि नूपुर के बयान पर इस्लामिक देशों की प्रतिक्रिया वाजिब है। वहां धर्म और समाज अलग नहीं हैं। बीजेपी नेता उमा भारती ने भड़काऊ बयानों के लिए यूपी चुनावों को जवाबदेह ठहराया है। उन्होंने कहा कि भड़काऊ बयानों की आग यूपी चुनाव से शुरू हुई थी, जो अब दावानल बन गई है। वोट के लिए सबने एक दूसरे के धर्म को निशाना बनाया, लेकिन अब ये बंद होना चाहिए। पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद से ही बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उनके इस बयान की आग खाड़ी देशों से पहुंचकर खुद के देश में भी उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलने के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया करवाई है। वहीं महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा पुलिस ने उनके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की है और उन्हें 22 जून को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। ऐसे में बीजेपी की वरिष्ठ महिला नेता उमा भारती के लिए उनके सपोर्ट में चंद बातें बोलने से शायद उन्हें कुछ राहत महसूस हो।

## आर. के पुरम में ग्राहकों हेतु 'ऋण संपर्क कार्यक्रम' की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ




वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निदेर्शानुसार दिनांक 08.06.2022 को जिला अग्रणी बैंक केनरा बैंक, नई दिल्ली व जिले में स्थित अन्य बैंकों के सहयोग से तमिल संगम भवन, आर. के पुरम में ग्राहकों हेतु 'ऋण संपर्क कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, इसके बाद अतिथियों का अभिनंदन किया गया। गणमान्य व्यक्तियों में श्रीमती मीनाक्षी लेखी राज्य मंत्री भारत सरकार, श्री बाबू लाल मीना एडीएम नई दिल्ली, श्री एम परमशिवम, मुख्य महाप्रबंधक, केनरा बैंक, श्री आर .पी सिंह महाप्रबंधक रिजर्व बैंक, अनिल बंसल, महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक और एसएलबीसी, दिल्ली राज्य के संयोजक और श्री अरूण कुमार उपमहाप्रबंधक, नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने सभा को सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं और उनके कार्यान्वयन के बारे में बताया, उन्होंने केनरा बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए बैंकों से जरूरतमंदों को ऋण देने के लिए कहा।

केनरा बैंक के श्री एम परमशिवम ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और सदस्य बैंकों से देश के विकास के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए कहा और ग्राहकों से समय पर ऋण चुकाने का अनुरोध किया।

स्वीकृति पत्रों के वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आज के ऋण संपर्क कार्यक्रम में 22 बैंकों ने भाग लिया और 272 करोड़ रुपये वाले कुल 2356 खातों को मंजूरी दी गई।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय आइकॉनिक सप्ताह समारोह मना रहे हैं

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय 06 जून से 12 जून 2022 तक आइकॉनिक सप्ताह समारोह मना रहे हैं। इसी क्रम में मध्य दिल्ली ज़िला के अग्रणी बैंक कार्यालय केनरा बैंक द्वारा ऋण संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 08/06/2022 को अणुव्रत भवन, डीडीयू मार्ग, दिल्ली में भव्य रूप में किया गया।

माननीय डॉ. हर्षवर्धन, सांसद (चांदनी चौक) ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सुशोभित किया। इस अवसर पर श्री श्रीकांत महापात्र, महा प्रबंधक, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली, श्री प्रफुल्ल कुमार गिरी, महा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, श्री विनय कुमार, उप महा प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य दिल्ली, श्री बलबीर सिंह शेरावत, सहायक महा प्रबंधक, श्री विनीत कुमार, मंडल प्रबंधक, श्री गोपाल जी, मंडल प्रबंधक और श्री विनोद कुमार, मंडल प्रबंधक, केनरा बैंक व अग्रणी बैंक प्रबंधक, मध्य दिल्ली समेत केनरा बैंक के कार्यपालकगण और कर्मचारी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही अन्य बैंकों के कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।



मध्य दिल्ली में केनरा बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय की भूमिका निभा रहा है। ऋण संपर्क कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, दिल्ली के सभी सदस्य बैंकों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जनता को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डोर स्टेप बैंकिंग, आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, गोल्ड लोन, डिजिटल बैंकिंग और अन्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राहकों को मुख्य अतिथियों के हाथों से ऋण मंजूरी पत्र दिलवाए गए।

आयोजन के दौरान केनरा बैंक ने ग्राहकों को कुल 238 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किए। इस कार्यक्रम में लगभग 225 ग्राहक शामिल हुए और सभी सदस्य बैंकों को मिला कर 926 करोड़ रुपए का कुल ऋण स्वीकृत किया गया।


## आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिहाज से अन्य देशों की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है भारत : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि मध्यम अवधि के लिहाज से भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद काफी मजबूत है। भारत अन्य देशों के मुकाबले आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिहाज से बेहतर स्थिति में है। वित्त मंत्रालय द्वारा ह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्ल के तहत आयोजित विशेष साप्ताहिक समारोह को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि भारत आज ऐसी स्थिति में है, जहां उसे वैश्विक वृहद मौद्रिक नीतियों और राजनीतिक घटनाक्रमों दोनों की वजह से कई तरह की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है।

सीईए ने कहा इस साल भारत के समक्ष सतत उच्च वृद्धि, मुद्रास्फीति को नीचे लाने और राजकोषीय घाटे को संतुलन में रखने की चुनौतियां होंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि भारतीय रुपए का बाह्य मूल्य कायम रहे। उन्होंने कहा हमें यह समझने की जरूरत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की बुनियाद मजबूत है और भारत अन्य देशों की तुलना में चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कहीं बेहतर स्थिति में है।

सीईए ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से तय रूपरेखा या विभिन्न विकल्प नहीं हो सकते। वित्त मंत्रालय इस तरह की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा आप मुद्रास्फीति की मौजूदा चिंता को छोड़कर देखें। भारत अपनी वित्तीय प्रणाली के बूते पिछले दशक से बाहर आया है। न केवल बैंकों और वित्तीय क्षेत्र का बही-खाता सुधरा है, बल्कि कॉरपोरेट क्षेत्र की स्थिति भी बेहतर हुई है।

नागेश्वरन ने कहा सरकार के तहत जीएसटी और आईबीसी जैसे कुछ संरचनात्मक सुधारों का असर बेशक अस्थायी तौर पर महामारी और भू-राजनीतिक तनाव जैसे बाहरी घटनाक्रमों की वजह से दिखाई नहीं दे रहा है।





# मोदी सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों पर संसद बिधूड़ी ने किया चर्चा

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर



नई दिल्ली। आज दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने अपने सरकारी आवास 48 लोधी इस्टेट पर केन्द्र में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता कर सरकार के कार्यों, उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और अपने संसदीय क्षेत्र में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बिधूड़ी ने कहा कि भारत देश में आवश्यकताओं की पूर्ति, गरीब कल्याण, विकास, सेवाभाव व सुशासन के उद्देश्य से कार्य करने वाली सरकार की आवश्यकता थी। वर्ष 2014 में भारत को मिले प्रधानमंत्री के रूप में भारत की धरोहर माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी। जिसके बाद से पिछले 8 वर्षों में समाज के हर वर्ग व अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में काम हुआ है। 45.21 करोड़ जनधन खाते खुले जिनमें 22.6 लाख करोड़ पैसा सीधा गरीबों के खाते में पहुँचा जिससे भ्रष्टाचार खत्म हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.5 करोड़ टॉयलेट बनवाए गए जिससे माताओं बहनों को खुले में शौच जाने से मुक्ति मिली। उज्जवला योजना से 9.1 करोड़ माताओं-बहनों को मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हे प्रदान किए गए जिससे उन्हें धुँए से होने वाली बीमारियों से निजात मिली। आयुष्मान भारत से 17.9 करोड़ लोग जुड़े और 3.28 करोड़ गरीब लोगों को लाभ मिला। 35 करोड़ लोगों को मुद्रा लोन मिला जिसमें 68 प्रतिशत महिलाएं और 50 प्रतिशत से अधिक एससी/एसटी/आबीसी हैं। कोविड में 80 करोड़ लोगों को 2 वर्ष तक मुफ्त अनाज व दिल्ली में 80 लाख को लाभ मिला। 2.3 करोड़ परिवारों को पक्का मकान पीएम आवास योजना से मिला। 11 करोड़ छोटे किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपए किसान सम्मान निधि जिसमें अब तक 23 लाख करोड़ रू0 सीधे किसानों के खातों में पहुँचाए गए। ई-श्रम कार्ड योजना में 27.63 करोड़ मजदूर असंगठित क्षेत्र से जुड़े हैं और श्रमिकों व कामगारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उनकी वृद्धावस्था में सहायक श्रम योगी मानधन योजना जिसमें 60 वर्ष के बाद प्रतिमाह 3000 रू0 पेंशन मिलेगी। 32 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को स्वनिधि योजना से 10000 रुपए ब्याज मुक्त लोन दिया गया। मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 2.78 करोड़ गर्भवती महिलाओं को 5000 रुपए पोषण हेतु दिए गए व मातृत्व अवकास 12 हफ्तों से बढ़ कर 26 हफ्तों का किया गया। जल जीवन मिशन के तहत 9.5 करोड़ परिवारों को नल से जल दिया गया। दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक फैसला जो पिछले 20 वर्षों से लटका हुआ था, दिल्ली की 1731 अनधिकृत कॉलोनियों को पास कर 40 लाख लोगों को मालिकाना हक। बिधूड़ी ने पूर्व में रही सरकार की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए कहा कि मेट्रो वर्ष 2000-2014 तक 248 कि.मी. 5 शहरों में थी और वर्ष 2014-2021 तक 550 कि.मी. 20 शहरों में है। इसी प्रकार वर्ष 2014 तक हवाई अड्डो की संख्या 74 थी और अब 2022 तक 140 हवाई अड्डे हैं उड़ान योजना के तहत। 2014 तक प्रतिदिन सड़क निर्माण 11 कि.मी. था जो बढ़कर 2022 तक प्रतिदिन 37 कि.मी. है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य -1947 से 2014 तक 7 एम्सए 16 आई.आई.टीए 723 विश्वविद्यालय व आई.आई.एम. 13 थे और 2014 से 2022 तक 15 एम्सए 7 आई.आई.टीए विश्वविद्यालय 320 और आई.आई.एम. 7 बनवाए गए, पिछले 70 वर्षों में और मोदी सरकार के 8 वर्ष में कार्यों की गति क्या रही है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके बाद सांसद रमेश बिधूड़ी ने केन्द्र सरकार द्वारा दक्षिणी दिल्ली लोक सभा में कराये गए ऐतिहासिक विकास कार्यों की जानकारी दी, 25 करोड़ की लागत से कन्वेंशन सेन्टर, महिपालपुर फ्लाईओवर, छत्तरपुर में नए गर्ल्स कॉलेज कार्य प्रगति पर है, 4 फेज मेट्रो कार्य प्रगति पर है, 550 करोड़ की लागत से दिल्ली में वॉक साइकिल ट्रैक जिसका 63 कि0मी0 दक्षिणी दिल्ली में पहले फेस का कार्य प्रारंभ, अम्बेडकर नगर में 400 बेड का अस्पताल, 3 रेलवे फुट ओवर ब्रिज, सरिता विहार अंडर पास, 863 एकड़ में ईको पार्क, बदरपुर में एम्स आयुर्वेद अस्पताल, 35 करोड़ की लागत से डी.एन.डी मीठापुर 6 लेन हाईवे 59 कि.मी., व मुंबई हाईवे कार्य प्रगति पर है, 22 छठ घाट और 28 बारात घरों का निर्माण। बिधूड़ी ने कहा कि मोदी है तो ही मुमकिन है, का यह स्पष्ट उदाहरण है, कई दशकों से लम्बित कार्य जो असंभव लगते थे वह कार्य मोदी सरकार में संभव हुए हैं।

# विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारका की सचिव न्यायाधीश अनुराधा प्रसाद ने आयोजित किया पर्यावरण कानूनी साक्षरता सप्ताह



दक्षिण पश्चिम जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण द्वारका, नालसा एवं दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में एवं मनोज जैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष दक्षिण पश्चिम जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण द्वारका के मार्गदर्शन में आजादी के महोत्स्व के उपलक्ष्य में 30 मई से पर्यावरण कानूनी साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम दक्षिण पश्चिम जिला में संपन्न हुए जिसमें प्रमुख थे : वृक्षारोपण कार्यक्रम जो द्वारका कोर्ट परिसर, सेन्ट्रल जेल नंबर एक परिसर, डाबरी पुलिस स्टेशन परिसर, नगर निगम स्कूल परिसर, स्वीट होम अनाथालय परिसर एवं महावीर एन्क्लेव और कापसहेड़ा क्षेत्र इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों एवं आम जनता को पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया और दक्षिण पश्चिम जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण द्वारका द्वारा दी जाने वाली निशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधान से अवगत कराया गया दक्षिण पश्चिम जिला विधिक सेवायें प्राधिकरण द्वारका की सचिव न्यायाधीश अनुराधा प्रसाद ने विशेष सत्र के माध्यम से आम जनता को पर्यावरण के महत्व एवं जन सहयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला इस कड़ी में प्राधकरण के द्वारा आयोजित एक वर्तुळ वेबिनार में डॉ० निदा रिजवी ने पर्यावरण से सम्बंधित कानूनी प्रावधानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया न्यायाधीश अनुराधा प्रसाद ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम मनन, अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता गण एवं क्षेत्र के गण मान्य लोगो ने जुड़ कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जिले में पर्यावरण सप्ताह पर आधारित जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये गए



## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल एंड कम्पनी की पुरानी आदत है देश के जवानों के शौर्य और राष्ट्रीय एजेंसियों पर सवाल उठाने की-आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर हो रही कार्रवाई से आप नेता बौखला गए हैं। देश की प्रमुख एजेंसियां ईडी और सीबीआई को तोता-मैना कहने वाले आप नेता की तो शुरू से ही आदत है कि वे देश के जवानों के शौर्य और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों पर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी आप नेताओं पर कार्रवाई होती है तो केजरीवाल के मंत्री, सांसद और विधायक सरकारी एजेंसियों पर सवाल उठाने लगते हैं। सतेंद्र जैन पर जो भी कानूनी कार्रवाई है वह सब कानून के दायरे में हो रही है लेकिन केजरीवाल एंड कम्पनी को ये बातें पच नहीं रही है। क्योंकि उन्हें तो इस बात का डर सता रहा है कि कही कानून का शिकंजा में वे भी न आ जाये। श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख सचिव थप्पड़ मारने का काम केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में होता है लेकिन भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है और देश के कानून और संविधान को मानने वाली पार्टी है। आज जब अपने एक-एक साथी कानून की नजरों में आ रहे हैं, तो आप नेताओ को दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज अगर सतेंद्र जैन दोषी नहीं है तो फिर आम आदमी पार्टी को जरूरत क्यों पड़ रही है रोज-रोज सफाई देने की। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल और उनकी सरकार को अगर देश के कानून पर इतना ही भरोसा है तो जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने दें। जो दोषी होगा वह सजा पायेगा और निर्दोष होगा वह दोषमुक्त होगा। शोर मचाकर केजरीवाल के चहेतों ने बता दिया है कि वह किस तरह एक भ्रष्टाचारी को छुड़ाने में लगे हुए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पीजी-2021 में खाली सीटों पर मेडिकल काउंसलिंग कमेटी को फटकार लगा दी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी-2021 में 1,456 खाली सीटों पर मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) को फटकार लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा है कि अगर छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाता है, तब वह आदेश पारित कर और उन्हें मुआवजा भी देगा। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की अवकाशकालीन पीठ ने एमसीसी के वकील से कहा, 'भले ही एकल पाठ्यक्रम खाली रह गया हो, यह देखना आपका कर्तव्य है कि वे खाली न रहें।' पीठ यह जानकर नाराज हुई कि 2021-22 सत्र में मेडिकल कॉलेजों में 1,456 सीटें खाली रह गई हैं। इसमे कहा गया कि एमसीसी और केंद्र छात्रों के लिए काउंसलिंग का मॉप अप राउंड आयोजित नहीं करके छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पीठ ने कहा, 'आप छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं... पीठ ने कहा कि मई में अधिकारियों को पता चला कि सीटें खाली हैं, तब उन्होंने मॉप अप राउंड क्यों नहीं किया। पीठ ने एमसीसी के वकील से कहा कि काउंसिलिंग के दौरान, आप सीटों को क्यों जोड़ रहे हैं? एक कट ऑफ होना चाहिए कि आज की तारीख में कई सीटें हैं।

# 25 हजार का इनामी बदमाश लोनी पुलिस की गिरफ्त में

» मदरलैंड संवाददाता



चेकिंग के दौरान थाना लोनी पुलिस ने मोटरसाईकिल सवार दो बदमाशों को चैकिंग के दौरान रोका गया तो बदमाश बंथला चिरोड़ी रोड पर तेज गति से मोटरसाईकिल को पीछे मोडकर पुलिस पर फायर करते हुए सकलपुरा रोड पर भागने लगे, जिस पर थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा अपने साहस का परिचय देते बदमाशों की घेराबन्दी की गयी बदमाशों के द्वारा पुलिस को लक्ष्य करके जान से मारने की नीयत से फायर की गई, पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में दोनो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए

पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम दिलशाद पुत्र कल्लू निवासी निठोरा रोड थाना लोनी गाजियाबाद बताया तथा दूसरे ने अपना नाम छोटू उर्फ परवेज पुत्र हनीफ निवासी लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताया है



अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त दिलशाद पुत्र कल्लू*

*आपराधिक इतिहास अभियुक्त छोटू उर्फ परवेज*

*नोट अभियुक्त दिलशाद टोनिका सिटी के गैंगस्टर के मुकदमे व दिल्ली हर्ष विहार से गोकशी के मुकदमे में वांछित चल रहा है दिलशाद के ऊपर 25 हजार का इनाम गाजियाबाद से घोषित है*

# अरविंद केजरीवाल का प्लान चुनाव से पहले भंग की 'आप' की स्टेट यूनिट



नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी ने अपनी गुजरात यूनिट को भंग कर दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर सभी नेताओं को दायित्व मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही सारे मोर्चे भी भंग कर दिए गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यह फैसला लिया गया है। नई लीडरशिप और नए नेताओं की टीम के जरिए ऊर्जा भरने का काम किया जाएगा। इससे हिमाचल प्रदेश में भी ह्यआपह्ण ने प्रदेश संगठन को भंग कर दिया था और फिर नई टीम चुनी थी। मंगलवार को ही हिमाचल के नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान आम आदमी पार्टी ने किया था। आम आदमी पार्टी ने अपनी गुजरात यूनिट को भंग कर दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष को छोड़कर सभी नेताओं को दायित्व मुक्त कर दिया है। इसके साथ ही सारे मोर्चे भी भंग कर दिए गए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यह फैसला लिया गया है। नई लीडरशिप और नए नेताओं की टीम के जरिए ऊर्जा भरने का काम किया जाएगा। इससे हिमाचल प्रदेश में भी ह्यआपह्ण ने प्रदेश संगठन को भंग कर दिया था और फिर नई टीम चुनी थी। हिमाचल के नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान आम आदमी पार्टी ने किया था। आप के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल खुद कई बार गुजरात का दौरा कर चुके हैं। हाल ही में वह मेहसाणा गए थे और तिरंगा यात्रा के आयोजन में शामिल हुए थे। यही नहीं आम आदमी पार्टी की ओर से लगातार गुजरात मॉडल पर सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। पिछले दिनों गुजरात के एक सरकारी स्कूल की तस्वीरें मनीष सिसोदिया ने शेयर की थीं और भाजपा सरकार के कामकाज पर सवाल खड़े किए थे। गौरतलब है कि गुजरात में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और उससे पहले हलचल तेज है। इसी महीने की शुरूआत में हार्दिक पटेल ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दाम थान लिया था।

# दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव अंशु प्रकाश को कोर्ट से झटका सीएम केजरीवाल-सिसोदिया को राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी (आप) के 9 अन्य विधायकों को बुधवार को सत्र अदालत से बड़ी राहत मिली। अदालत ने मारपीट मामले में केजरीवाल समेत अन्य को क्लीनचिट देने संबंधी निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की याचिका खारिज कर दिया है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल की अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया समेत अन्य को क्लीनचिट देने संबंधी फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि निर्णय को रद्द करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री आवास पर नौकरशाह पर मुख्यमंत्री व अन्य विधायकों द्वारा हमले का आरोप लगा था। 30 मार्च को, प्रकाश ने अदालत में कहा था कि केजरीवाल और सिसोदिया एक साजिश के ह्लकिंगपिनह्व थे, जिसके कारण उनके साथ मारपीट की गई। यह मामला 19 फरवरी, 2018 को केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर एक बैठक के दौरान प्रकाश पर हुए कथित हमले से जुड़ा है। इस घटना ने दिल्ली सरकार और नौकरशही के बीच तीखी नोकझोंक शुरू कर दी थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान, प्रकाश के वकील ने तर्क दिया था कि निचली अदालत ने अपने फैसले में गलती की थी और दिल्ली सरकार ने अभियोजन पक्ष को बल द्वारा लिखित अनुरोध के बावजूद आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर करने की अनुमति नहीं दी थी। अंशु प्रकाश ने अपनी पुनर्विचार याचिका में कहा था कि केजरीवाल और सिसोदिया साजिश के सरगना थे, जिसमें 11 विशिष्ट विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया गया था। बैठक विशेष रूप से मुख्यमंत्री के ड्राइंग रूम में रखी गई थी, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने अदालत में यह तर्क पेश किया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के आगमन से एक घंटे पहले विधायकों को उपस्थित होने के लिए कहा गया था और बैठक को ह्लबिना किसी एजेंडे के बुलाया गया था, जहां इस मुद्दे से संबंधित अधिकारियों / मंत्रियों को विशेष रूप से गोपनीयता बनाए रखने के लिए नहीं बुलाया गया था।

# नाव जीतने के पश्चात राजेन्द्र नगर को पुनः दिल्ली का सर्वोत्तम चुनाव क्षेत्र बनाना मेरी वरीयता होगा : राजेश भाटिया

नई दिल्ली, ईएमएस। राजेन्द्र नगर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी राजेश भाटिया ने आज प्रातः संत नगर एवं सौ क्वार्टर, करोल बाग में पदयात्रा के माध्यम से जनसम्पर्क किया और शाम को चुनाव कार्यालय में बूथ प्रबंधन की बैठक को सम्बोधित किया।

आज की पदयात्रा में राजेश भाटिया के साथ निवर्तमान पार्षद रमेश कुमार, पूर्व महापौर योगेन्द्र चंदोलिया, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, मंडल अध्यक्ष संजय सिंहल, अश्वनी साहनी एवं विकास उज्जैनवाल सहित मंडल पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता सम्मलित हुऐ। संगठात्मक बैठक में प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, चुनाव प्रभारी विधायक अजय महावर सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी आदि सम्मलित हुऐ। बाल्मीकि बस्ती सौ क्वार्टर की पदयात्रा के दौरान अनेक गलियों एवं घरों में महिलाओं ने फूल माला पहना कर एवं आरती कर राजेश भाटिया का अभिनंदन किया। श्री भाटिया ने सौ क्वार्टर चौक पर एकत्र स्थानीय नागरिकों को सम्बोधित करते हुऐ कहा की राजेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र



2008 तक दिल्ली के सबसे प्रगतिशील क्षेत्रों में गिना जाता था पर उसके बाद खासकर गत 7 वर्ष में हमारा राजेन्द्र नगर विकास के साथ ही पेयजल के उपलब्धता के मामले में भी सबसे पिछड़ गया है। खेद का विषय रहा की दिल्ली जल बोर्ड उपाध्यक्ष का चुनाव क्षेत्र होने के बावजूद भी गत दो वर्ष से क्षेत्र के गांव, बस्तियाँ ही नही राजेन्द्र नगर एवं नारायणा कालोनी तक सीवर जाम की समस्या झेल रहे हैं। श्री भाटिया ने कहा की चुनाव जीतने के पश्चात राजेन्द्र नगर को पुनः दिल्ली का सर्वोत्तम चुनाव क्षेत्र बनाना मेरी वरीयता होगा।

# एडीसी ने बैंकों के आउटरीच कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लाभार्थियों को रू1 करोड़ 27 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। अतिरिक्त जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में कार्यरत सभी बैंक केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का बिना किसी देरी के तय समय में निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी ऋण का सदुपयोग तभी हो सकता है जब निर्धारित अवधि में मिले। बैंकों की तय समय सीमा व आवेदक की जरूरत का समय बीत जाने के बाद मिलने वाले ऋण का कोई औचित्य नही है। श्री मीणा आज आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देश पर बैंकरों द्वारा सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 06 जून से 12 जून तक आइकोनिक सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें बैंकर्स द्वारा जिलावासियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।



मीणा ने कार्यक्रम में आए सभी ग्राहकों से बैंकों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर भ्रमण करने एवं बैंक से संबंधित योजनाओं की जानकारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैंकों के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

कार्यक्रम में उपस्थित एलडीएम अशोक कुमार जुलाहा ने उन्हें बताया कि विभिन्न बैंकों ने अभी तक 93 जिलावासियों को केसीसी, मुद्रा लोन, स्टैंड अप इंडिया, व्हीकल लोन, हाउसिंग लोन, एग्रीकल्चर लोन व अन्य सेक्टर से संबंधित लोगों को रू1 करोड़ 27 लाख राशि का ऋण मंजूर किया है। इसमें रुड़सेट से प्रशिक्षण प्राप्त आठ महिलाएं भी शामिल है जिन्हें मुद्रा लोन के तहत 25-25 हजार की राशि का लोन उपलब्ध कराया गया है।

रुड़सेट गुरुग्राम के निदेशक संजय ढींगरा, का कहना है की रुडसेट के मध्यम 20000 बीस हजार से ज्यादा लोगो को रोजगार मुह्यया कराया है। बेरोजगार महिलाओं व पुरुषो को हमने स्वालंबी बनाया है उनको वित्तीय सहायता से लेकर उसके मॉल को मार्केट में बेचने में भी हम मदद करते हैं। गुरुग्राम में सरस मेले में लोगो ने रुदसेट के लोगो द्वारा बनाए गए सभी आइटम्स को उपभोगताओ ने पसंद किया।।

कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु श्योकंद, नाबार्ड गुरुग्राम के डीडीएम जगदीश परिहार, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सुनील पातड़, रुड़सेट गुरुग्राम के निदेशक संजय ढींगरा, एनआरएलएम की जिला प्रबंधक दीप्ति ढींडसा सहित बैंकिंग सेक्टर के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हम बढ़ते वैश्विक तापमान को नियंत्रित नहीं करते हैं तो हमें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे: संजय सिंह आईपीएस

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ

द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर इंडिया दिल्ली स्टेट सेंटर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इंजीनियर भवन में किया गया। राकेश जैन सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था एवं संजय सिंह आईपीएस विशेष पुलिस आयुक्त, लाइसेंसिंग और कानूनी प्रभाग दिल्ली पुलिस द्वारा इस एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। प्रोफेसर डॉक्टर एस0के0 सिंह चेयरमैन दिल्ली स्टेट सेंटर द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर इंडिया ने अपने स्वागत अभिभाषण में विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह आईपीएस विशेष पुलिस आयुक्त, लाइसेंसिंग और कानूनी प्रभाग ने पर्यावरण को बचाने के महत्व पर प्रकाश डाला।संजय सिंह आईपीएस ने बताया कि जलवायु को स्थिर करने के लिए तेजी से कार्रवाई की आवश्यकता है। अगर हम बढ़ते वैश्विक तापमान को नियंत्रित नहीं करते हैं तो हमें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जलवायु को स्थिर करने के लिए तेजी से कार्रवाई की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि आज दुनिया 88 बिलियन बैरल का उपयोग कर रही है और परिवहन क्षेत्र



सबसे बड़ी ग्रीन हाउस गैसों का उत्पादन करता है जो मुख्य रूप से कारों, ट्रकों, जहाजों, ट्रेनों और विमानों से आने वाले ईंधन से आती हैं।मुख्य अतिथि राकेश जैन राष्ट्रीय सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था ने अपने भाषण में वृक्ष लगाने और पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें प्रति व्यक्ति 400 वृक्ष की आवश्यकता है जो कि अभी सिर्फ 40 ही है। इस अवसर पर उन्होंने कई समाजसेवी लोगों का उल्लेख किया जोकि वृक्ष संरक्षण एवं वृक्षों को अधिक से अधिक मात्रा में लगाकर हमारे पर्यावरण और पृथ्वी की रक्षा कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदीप चतुवेर्दी पूर्व चेयरमैन दिल्ली स्टेट सेंटर और डॉक्टर हरिताश अमित कुमार प्रोफेसर डीटीयू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राजेश शर्मा हॉनरेरी सेक्रेटरी दिल्ली स्टेट सेंटर ने इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



संक्षिप्त समाचार

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ग्राम गोशलपुर में ट ह मनीवाईज सैंटर के माध्यम से समूह की महिलाओं को योजनाओं की दी गई जानकारी




मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। ब्लाक जागीर के गोशलपुर में समूह की महिलाओं को लखनऊ से आये अ ॠ ट पहलाद जी ने बैंकों के माध्यम से सरकार की प्रधानमंत्री मंत्री सुरक्षा बीमा,अटल पेंशन योजना, ज्योति बीमा योजना आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक सातों दिन नहीं खुलते हैं सरकार ने समूह के माध्यम से गांव में ही बैंक ( समूहों) के रूप में स्थापित किया है। आगे सैंटर मैनैजर धर्मेंद्र जी ने कहा कि समूह में शामिल होना सरकार की मंशा है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव मदद करना है। इससे सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी भी मिलती है। और सरकार समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी प्रदान करती है । आगे ऊ ऊ ट अनुपम दत्ता ने भी समूहों की महिलाओं को सरकार के सभी बीमाओं की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पहलाद अॠट , धमेंद्र सैंटर मैनैजर, देवेंद्र इटट आदर्श जी , सीमा , पंकज आदि मौजूद थे।

## शासन की 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत आग से बचाने के लिए विशेष दल तैयार



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। आईजी आगरा जोन नचिकेता झा आज पुलिस अधीक्षक गार्डन जहां पर पुलिसकर्मियों ने सलामी देते हुए उनका सम्मान किया वही सरकार की दिन की कार्य योजना के चलते आंख से बचाव के लिए तैयार किए गए कल के सभी युवाओं को उनके द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया उत्तर प्रदेश सरकार की 100 दिन की योजना के चलते विशेष दल तैयार किया जा रहा है जो अचानक आग लग जाने अगर कहीं अचानक आगजनी हो जाती है तो यह दल तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य प्रारंभ करेगा आज यहां पहुंच कर आईजी जोन ने अग्नि बचाव दल की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## 6 दिन पूर्व हुई घटना में घायल युवक की मौत



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। किशनी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 1 तारीख को दावत का कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर दो पक्ष आपस में किसी बात को लेकर भिड़ गए थे आपस में गए थे। जहां चचेरे भाई के पूरे परिवार ने युवक को पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया । जिसकी उपचार के दौरान 6 दिन बाद मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट नामजदों के विरुद्ध दर्ज कराई गई है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । यह पूरी घटना जनपद मैनपुरी के थाना किशनी क्षेत्र के ग्राम रतिभानपुर की है । जहां गांव के रहने वाले रामेंद्र सिंह और पवन सिंह जो आपस में चचेरे भाई है के बीच किसी बात को लेकर बातों बातों में विवाद होने लगा विवाद इतना तूल पकड़ गया कि एक दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे तो वही मौके पर पहुंचे पवन के परिजन रामेंद्र को एक साथ मिलकर मारपीट करने लगे और उसे पीट-पीटकर मरणासन्न स्थिति में कर दिया ।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रामेंद्र के परिजन उसे गंभीर हालत में प्राइवेट चिकित्सालय ले गए जहां उसका उपचार किया गया कुछ आवश्यक होने पर परिजन उसे घर ले गए अचानक उसकी हालत बिगड़ी तू परिजन उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां उसे भर्ती कराया लेकिन उसकी उपचार के दौरान 6 दिन बाद मौत हो गई । घटना की रिपोर्ट पवन व उसके परिजनों के विरुद्ध दर्ज कराई गई है तो वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है ।

## शहीद सैनिको की विधवा सरकारी सुविधा हेतु आइडेंटिटी प्ररूफ जमा करे

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। सूबेदार (अ.प्रा.) राजेन्द्र सिंह ने जनपद के शहीद सैनिकों की विधवाओं को सूचित किया है कि वह अपना पी.पी.ओ., आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक लेकर पूर्व सैनिक सेवा केन्द्र माफर्त जिला सैनिक कल्याण एवं पुनवार्स कायालर्य में शीघ्र दर्ज करायें ताकि इसकी सूचना उच्च कायालर्यों को कायवार्ही हेतु भेजी जा सके।

## 14 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह

मदरलैंड संवादाता, एटा। जनपद में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने को ध्यान में रखते हुए डीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके 14 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाए जाने का निणर्य लिया गया है। संबंधित विभागीय अधिकारी अपने अपने कर्मचारियों आदि को सफल आयोजन हेतु निर्देश कर दें जिससे कि जनपद में योग सप्ताह एवं योग दिवस को सफल बनाया जा सके। जनपद में विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसको सफल बनाने के लिए अभी से सभी तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाएं। आयुर्वेद अधिकारी विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर इसकी कार्ययोजना तैयार करें ताकि जनपद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम के दिन योगाभ्यास से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। योग दिवस के दिन जिला मुख्यालय तहसील ब्लॉक ग्राम पंचायत आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर योग दिवस का आयोजन किया जायेगा जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। सभी उपजिला अधिकारियों एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण आपस में तालमेल बनाकर योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराए और कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के साथ साथ स्कूल कॉलेज औद्योगिक संगठनों आदि के युवक युवतियों को भी प्रतिभाग कराये।

## विकास कार्यक्रमो निर्माण कार्यों में लाएं तेजी -डीएम



» **मदरलैंड संवादाता**

एटा। जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों एवं शासन के नवीन प्राथमिकता बिंदुओं पर जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने समीक्षा बैठक आयोजित की। जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यक्रमों में युद्ध स्तर पर तेजी लाते हुए पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। सीवरेज कार्य एवं जल जीवन मिशन के तहत कार्य को पूरा कराया जाए।

डीएम ने कहा कि जनपद कारागार तरगवां विद्यालय स्टेडियम अग्निशमन केन्द्र ड्रग वेयर हाउस के निर्माण कार्य में जो अधूरा कार्य है उसे पूरा कराएं तथा संबंधित विभाग को हैंडोवर करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा मारहरा एवं अलीगंज में निमार्णाधीन आईटीआई के कार्य में तेजी लाई जाए। सिंचाई विभाग द्वारा रोस्टर के अनुसार नहरों में टैल तक पानी की उपलब्धता समय से करायें।

**उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराएं**

बिजली कनेक्शन उपभोक्ता को विद्युत कनेक्शन दिए जाने में विद्युत विभाग लापरवाही न बरते साथ ही रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुचारू रहनी चाहिए।

डीएम ने प्रभारी जिला कायर्क्रम अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता आरईडी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर हैडोवर की कार्यवाही इस माह प्रत्येक दशा में पूर्ण कराएं। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड की प्रगति में सुधार करें लापरवाही किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में सीडीओ डा0 अवधेश कुमार वाजपेयी, सीएमओ डा0 यूके त्रिपाठी, सीवीओ एसपी सिंह, पीडी निर्मल द्विवेदी, डीसी मनरेगा प्रतिमा निमेष, डीएसटीओ रमेश चन्द्र, प्राचार्य डायट जितेन्द्र सिंह, डीआईओएस मिथलेश कुमार, बीएसए संजय सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतीश कुमार, अधिशासी अभियंता आरईडी मो0 शमीम सहित अन्य अधिकारीगण कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## 258 लाभार्थियों को 28 करोड़ के किए गए ऋण वितरित




» **मदरलैंड संवादाता**

एटा। आजादी के अमृत महोत्सब की श्रंखला में लीड बैंक कार्यालय में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का फीता काटकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। डीएम ने कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा संचालित पीएमईजीपी योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुद्रा लोन योजना एनआरएलएम सहित विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किए गए लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि 100 दिनों की कार्ययोजना के तहत जनपद में बैंकर्स द्वारा कार्य में तेजी लाते हुए लंबित आवेदनों को स्वीकृत कर ऋण वितरण किए जाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि देश के विकास में बैंकों की अहम भूमिका होती है आज के समय में बैंक खाता लगभग प्रत्येक व्यक्ति का खुला हुआ है। सभी खाताधारक अपने खाते का ईकेवाईसी अवश्य कराएं जिससे कि योजना का लाभ उन्हें मिल सके और समय से उनके खाते में सब्सिडी सहित अन्य योजनाओं की किश्त ऑनलाईन धनराशि हस्तांतरित की जा सके। क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में 258 लाभार्थियों को 28 करोड़ का ऋण वितरण किया गया।

इस अवसर पर एलडीएम वीरेन्द्र सिंह जीएमडीआईसी बांके लाल खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश सिंह नाबार्ड के आशुतोष गौतम सहित अन्य बैंकर्स योजनाओं के लाभार्थीगण मौजूद रहे।

## शहर के विभिन्न मार्गों पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

» **अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवादाता**



एटा। मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में दिए गए दिशा-निदेर्शों पर आज पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, परिवहन निगम व परिवहन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग अभियान के तहत सड़क किनारे खड़े ट्रकों, बसों, अन्य माल एवं सवारी वाहनों को सख्त चेतावनी देकर हटवाया गया, विशेष रूप से चेकिंग अभियान आगरा रोड, अलीगढ़ रोड़, कासगंज रोड़ पर चलाया गया।

ओवरलोड में तीन बिना हेलमेट में 12, सीटबेल्ट 6, नो पार्किंग 10 तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर चार लोगों का चालान किया गया, इसके साथ ही एलईडी युक्त प्रचार वाहन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जनसामान्य को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस विशेष अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) हेमचंद्र गौतम, यात्री मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी, यातायात उपनिरीक्षक बचान सिंह शाक्य के अलावा पुलिस, यातायात पुलिसकर्मी एवं प्रवर्तन कर्मी शामिल रहे।

## वोट कटने से छीना गया मतदान का अधिकार, जल्द ही वोटर जाऐंगे न्यायालय की शरण में, गिर सकती है बीएलओ व अन्य अधिकारियों पर गाज

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। नूंह नगर परिषद के चुनाव में इस बार करीब 3 से 4 हजार मतें कटे होने के अलावा सैंकडों मत इधर-उधर करने से चुनावी समीकरण बिगडा हुआ हैं तथा 10550 मत बचें है। जबकि विधानसभा की चुनाव लिस्ट में लगभग 14000 मत थे।

हैरानी इस बात की है कि नगर परिषद के लिहाज से करीब 50,000 मत होने अनिवार्य हैं और प्रशासन ने इसके बावजूद भी नूंह को नगर परिषद का दर्जा देकर चुनाव कराया जा रहा है। लेकिन इस बार वार्डबंदी के अलावा वोट कटने से खफा वोटरों को अपना मत का अधिकार छिनने से वह जल्द ही बीएलओ, नगर परिषद के कर्मचारियों के अलावा चुनाव कार्यालय नूंह के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ शासन-प्रशासन तक शिकायत व कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उनकी माने तो उनकी वोट कटने के चलते इस बार चुनाव में भारी धांधली हुई हैं जिससे उनके चुनावी समीकरण बिगड गये हैं।इन सबके पीछे नगर परिषद कार्यालय, चुनाव कार्यालय के अलावा बीएलओ हैं।

सुरेन्द्र कुमार, सरोज, रवि कुमार, मोहन, सुदेशदेवी, गोबिन्द, इमरान, सलीम आदि ने बताया कि इस बार नगर परिषद के चुनाव में करीब साल भर से ही राजनीति खेली जा रही थी। उन्होंने बताया कि जनवरी 2022 में उनकी वोटे नगर परिषद की मतदाता सूची में गायब थी तो उन्होंने वोट जुड़वाने के लिए अपने- अपने फार्म भरकर संबंधित बीएलओ को दे दिये थे जिसके बाद वह निश्चित हो गए थे। लेकिन अब नई मतदाता सूची में करीब 3000 से 4000 मत कटे होने से उनका मत डालने का अधिकार छीन लिया गया है, इसके अलावा हर वार्ड से वोट इधर-उधर करने से भी हा हाकार मचा हुआ हैं जबकि उनके विधानसभा की मतदान सूची में मत हैं। उन्होंने बताया कि अचानक चुनाव की घोषणा व आचार संहिता लगने के बाद वह मत जुडवा नही सके और मतदान से वंचित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यह एक सोची समझी साजिश हैं जिसके तहत जातिय समीकरण बिगाडने के लिए यह एक प्लान के तहत किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह शासन-प्रशासन के अलावा न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा बीएलओ के खिलाफ हर संभव कार्यवाही करेंगे।

वहीं, इस बारे में एक बीएलओ ने माना कि इस बार नगर परिषद ने अपने स्तर पर वोट तैयार नही की थी और बीएलओ ने कटी वोट के फार्म उन तक पहुंचा दिये थे लेकिन नगर परिषद के कर्मचारियों की लापरवाही से वोट जुड नही सके और वोट इधर-उधर हो गई हैं।

## भू राजस्व रिकार्ड में हेरा फेरी का मामला मुख्यमंत्री तक, राजस्व विभाग रिकार्ड दुरूस्ती में जुटा

» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता**



नूंह/मेवात। जिला राजस्व विभाग में कथिततौर से भू राजस्व रिकार्ड मौका अनुसार न मिलने का मामला मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व मुख्य ससंदीय सचिव आदि के संज्ञान में आने के बाद राजस्व विभाग अब हरकत में आ गया हैं। संबंधित शिकायतकर्ता के आगे पीछे घूमकर तुरंत प्रभाव से रिकार्ड दुरूस्त कराने का भरोसा दिलाया जा रहा है लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह अपने भू राजस्व रिकार्ड में मिली खामी को ठीक कराने के लिए विगत तीन माह से स्थानीय व जिला राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों के यहां एडिया घिस रहे हैं और साथ ही यह भी इल्जाम लगाया है कि जिला की तहसीलों में भ्रष्टाचार चर्म सीमा पर हैं। रिकार्ड में खामी दुरूस्त, अन्य कामकाज के लिए बगैर सुविधा शुल्क लिए काम कराना टेडी खीर के बराबर हैं।

उल्लेखनीय है कि गांव खोरी खुर्द (तावडू) निवासियान ओमप्रकाश, वेदप्रकाश व चन्द्रप्रकाश पुत्रान कांशीराम ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री , मुख्य ससंदीय सचिव के अलावा सीएम विंडो में दी गई शिकायतों में आरोप लगाकर कहा कि उनके भू राजस्व रिकार्ड मौके अनुसार नही हैं और खामी को दुरूस्त कराने के लिए पिछले 3 माह से स्थानीय, जिला प्रशासन के यहां एडिया घिस रहे हैं। उन्होंने बताया कि थक हार कर मामला प्रशासन व मुख्यमंत्री के संज्ञान में जाने के बाद अब राजस्व विभाग रिकार्ड ठीक करने व शिकायत वापिस लेने का दबाव बनाया जा रहा हैं और इसमें आला अधिकारी भी भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी शिकायत पर अडिग हैं और सरकारी सेवा में भ्रष्टाचार अपना अधिकार माने बैठे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए वह हर संभव प्रयासरत हैं।

इस बारे में कानूनगों ने माना कि गांव खोरी खुर्द(तावडू) के एक किसान की भू राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने के लिए पहुंची शिकायत पर कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं।

## निकाय चुनाव में भाजपा -जजपा प्रत्याशियों की जीत की राह में बागी बने रोड़ा

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला की नूंह नगर परिषद व पुन्हाना,फिरोजपुर झिरका नगरपालिकाओं के लिए 19 जून को होने वाले मतदान को लेकर उम्मीदवारों को चुनाव चिहन अलाट होने के बाद अब भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों में चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। नूंह नगर परिषद अध्यक्ष से भाजपा- जजपा गठबंधन के तहत जजपा के हिस्से में आने से संजय मनोचा गठबंधन प्रत्याशी हैं लेकिन भाजपा से टिकट कट जाने से कमल गोयल ने निर्दलीय व थान सिंह कश्यप ने आप की टोपी पहनकर ताल ठोक दी हैं जबकि इनेलो ने जैकम अल्वी, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार विष्णू सिंगला के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों के मैदान में आने से मुकाबला रोचक बना हुआ है। फिरोजपुर झिरका नगरपालिका से अध्यक्ष पद के लिए मनीष जैन पर उम्मीद जताई है लेकिन कई मर्तबा नगर पालिका की कमान संभाल चुके व भाजपा की टिकट मांग रहे अर्जुनदेव चावला पार्टी से बगावत कर निर्दलीय मैदान में कूदे हुए हैं। फिरोजपुर झिरका से इनेलो का कोई अध्यक्ष पद का प्रत्याशी नही मिल सका है। इसके अलावा पूर्व चेयरमैन जयसिंह सैनी, आदिल आजाद उम्मीदवार के तौर पर और वसीम जाफर आप की टोपी पहनकर चैयरमैनी के लिए जुट गए हैं। ऐसे ही पुन्हाना नगर पालिका के लिए भाजपा ने बलराज सिंगला, आप ने मौ0 शाहरूख, इनेलो ने चमन को मैदान में उतारा है, जबकि जुबेर खां, नरेश कुमार व शमसुदीन आजाद प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं।

# प्रदेश सरकार की योजना के अंतर्गत 100 करोड रु. के ऋण स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी ने सोपे

### बैंको के माध्यम से सरकार बेरोजगारों को ऋण उपलब्ध कराएगी

» **अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता**




मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप चैहान ने बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, आर्यवर्त बैंक, यूनियन बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूको बैंक, सेंन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, एचडीएफसी, आईसीआईसी, एक्सिस बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा क्रेडिट आउटरीच कायर्क्रम मे 3201 हितग्रहियों को 100 करोड रु. के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र, प्रदेश सरकार के लाभाथीर्परक योजनाओं में बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए। ऋण से बेरोजगारों को अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर आत्मनिभर्र बनने के अवसर मिलेंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूह की महिलाओं को स्वावलंबी बनेंगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। वह अपने परिवार, समाज के विकास में योगदान दे सकेंगी। समाज के हर वर्ग को विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए ऋण का फायदा मिलेगा और उनका सवार्गीण विकास होगा। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से कहा कि उपलब्ध कराए गए ऋण से अपना रोजगार स्थापित करें इस धनराशि को किसी अन्य कार्य पर व्यय न करें। स्वतः रोजगार का संचालन कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृण करें और बैंक से लिए गए ऋण की किश्तें समय से जमा करें।

श्री सिंह ने कहा कि जनपद की 14 बैंकों द्वारा आज ग्राहक जनसंपर्क अभियान कायर्क्रम के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री निधि योजना आदि के लाभाथियों को ऋण की स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराए हैं। वास्तव में बैंकों द्वारा बड़ी संख्या में लाभाथियों को ऋण उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है ।जनपद के बैंकर्स द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी, लाभाथीर्परक योजनाओं में ऋण वितरण की प्रगति संतोषजनक है। उन्होने कायर्क्रम में उपस्थित विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधकों, अन्य अधिकारियों से कहा कि बैंकर्स द्वारा समय से उपलब्ध कराए जा रहे ऋण से बेरोजगार युवाओं को अपना रोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होने प्रधानमंत्री स्वःनिधि योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए ऋण से स्ट्रीट वेंडर को काफी फायदा मिलेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित शीतला स्वयं सहायता समूह, सरस्वती स्वयं सहायता समूह, राधा स्वयं सहायता समूह आदि समूहों की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराते उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि धनराशि से कार्य प्रारंभ कर मेहनत से आगे बढ़ें। अपने साथ क्षेत्र की अन्य महिला शक्ति को जोडें ताकि सभी महिलाएं आत्मनिभर्र बन सकें।

जिलाध्यक्ष प्रदीप चैहान ने मेगा क्रेडिट आउटरीच कायर्क्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, अन्य योजनाओं के लाभाथियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र, प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक मिशन अंत्योदय के तहत संचालित योजना का लाभ पहुंचाकर उन्हे भी विकास की मुख्यधारा से जोड़कर सम्मान से जीवन यापन करने का हक प्रदान कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर में बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं को नौकरियां उपलब्ध करायीं। बैंकों के माध्यम से बड़ी संख्या में जन कल्याणकारी, लाभाथीर्परक योजनाओं में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी कार्य किया। प्रदेश मे सुरक्षा का वातावरण सृजन कर उद्योगों को बढ़ावा दिया। उद्योगों में भी बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बैंकर्स द्वारा निधार्रित समय से अधिक समय तक कार्य कर लोगों की सेवा की, बैंकर्स ने आपदा काल में अपने दायित्वों का निवर्हन निष्ठा के साथ किया। सरकार द्वारा गरीबों को विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध कराई गई राशि के भुगतान के साथ-साथ कोराना काल के उपरांत तेजी से ऋण उपलब्ध कराकर लोगो की मदद की।

अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वःनिधि योजना, किसान क्रेडिट काड्र्स, एक जनपद-एक उत्पाद, शिक्षा ऋण, गृह ऋण, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण, एम.एस.एम.ई आदि के लाभार्थियों को आयोजित कैंप में ऋण स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। आज आयोजित मेगा क्रेडिड्स आउटरीच कायर्क्रम में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 356 हितग्रहियों को 22 करोड़ 77 लाख, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 831 लाभार्थियों को 20 करोड़ 93 लाख, आयार्वत ग्रामीण बैंक द्वारा 970 हितग्राहियों को 21 करोड़ 25 लाख, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 222 लाभाथियों को 05 करोड़ 97 लाख, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 99 हितग्राहियों को 04 करोड़ 62 लाख, कैनरा बैंक द्वारा 222 लाभार्थियों को 05 करोड़ 14 लाख के ऋण वितरित किए गए।

इस अवसर पर आंचलिक प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया शैलेन्द्र कुमार राव, उप आंचलिक प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया संजय टंडन, जिला विकास प्रबन्धक नवर्डस अनुपम दत्ता, एल.डी.ओ. रिजर्व बैंक प्रहलाद कुमार, उपायुक्त उद्योग मो. सऊद, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि उपस्थित रहे। कायर्क्रम का संचालन राजेश कुमार दीक्षित ने किया। कैंप में विभिन्न बैंकों द्वारा अपने स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

संक्षिप्त समाचार

## शिवाजी कालोनी में आयोजित योग शिविर सम्पन्न, क्षेत्र भर से जुटे लोग



फोटो-9

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की ! पंतजलि योगपीठ समिति द्वारा शिवाजी कॉलोनी में सेवानिवृत्त कैप्टन मायाराम भट्ट के नेतृत्व में एक सप्ताह से आयोजित योगा कैंप का मंगलवार को समापन हो गया ! इस अवसर पर शिविर में शिवाजी कॉलोनी अध्यक्ष देव सिंह सांवत, महिला अध्यक्ष नंदा ऐरी, प्रतिमा बिष्ट सचिव, गौर सिंह भंडारी अध्यक्षआदर्श शिवाजी नगर, संतोषी राणा, उषा पटवाल, सतीश नेगी , विजय सिंह पवार, राम भरोसे पाल कोषाध्यक्ष योगपीठ, नरेश कुमार, विकास दास आदि उपस्थित रहे ! सर्वेश गोस्वामी ने महिलाओं को योग के फायदे बताते हुए योगासन के तरीके समझाए ! कहा कि आज के जीवन में योग बेहद जरूरी है ! योग से जहां खुद को पूरी तरह से स्वस्थ रखा जा सकता है ! वहीं कई बीमारियों का भी इलाज योग में छुपा है ! आज भारत समेत पूरी दुनिया योग को अपना रही है ! इसलिए हमें भी नियमित योग करना चाहिए ! इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक और प्रेरित करने की बात कही !

## दो पक्षों में विवाद, शान्ति भंग में 3 गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, भगवानपुर । ग्राम मक्खनपुर में मकान निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गयाह्ल सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अंतर्गत सीआरपीसी की धारा 151, 107, 116 के तहत अभियोग पंजीकृत कियाह्ल भगवानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मक्खनपुर गांव में हसीन पुत्र खुर्सैद निवासी जिजोली तहसील ऊन जनपद शामली हाल निवासी मक्खनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार अपना मकान निर्माण कार्य करा रहा था ह्ल जिसमें बाबर पुत्र आखिल ,अजरा पत्नी बाबर तथा कुरेशा पत्नी आखिल ने मकान निर्माण में बाधा उत्पन्न की तथा मारपीट पर उतारू हो गएह्ल पुलिस को भनक लगते ही टीम मौके पर पहुंच गईह्ल पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना होते होते टल गईह्ल पुलिस गिरफ्तार कर सभी को थाने ले आई बहुत समझाने बुझाने का प्रयास किया किन्तु आरोपियों ने नहीं मानाह्ल इसके पश्चात बाबर पुत्र आखिल, अजरा पत्नी बाबर तथा कुरेशा पत्नी आखिल पर अंतर्गत सीआरपीसी की धारा 151, 107, 116 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा ह्ल पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक अंजना चौहान, कांस्टेबल रविदत्त, ह्रदय पाल पंवार तथा सीमा रमन रहेह्ल

## केंवी-1 रूड़की में मना विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

मदरलैंड संवाददाता , रुड़की ! विश्व खाद्य सुरक्षा दिवसह्ल का आयोजन प्रत्येक वर्ष 7 जून को ह्यविश्व खाद्य सुरक्षा दिवसह्ल के रूप में मनाया जाता है इसके अन्तर्गत छात्रों, अभिभावकों तथा समाज को जागरूक करने के उद्येश्य से केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रूड़की में इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गयो कार्यक्रम के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य वीके त्यागी ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है और मानव शरीर के लिए पोषण से भरपूर भोजन के महत्व की जानकारी देनी है दरअसल, हर साल फास्ट फूड्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है और लोग, विशेषकर बच्चे कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं ऐसे में जरूरी है कि लोग अपनी बेहतर सेहत के लिए अपने खानपान और उनका चुनाव सही जानकारी के साथ कर सकें यही नहीं, यह सुनिश्चित किया जाना भी है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिलें इसके साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को बताकर उन्हें जागरूक बनाना ही इस दिन को मनाने का खास उद्धेश्य है । इस अवसर पर छात्रों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया ! इनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृषा (7 स) ने प्रथम, लाय्बा (7 स) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिदा अहमद (7 ब) ने प्रथम, अभिनव कुमार (8अ) ने द्वितीय तथा आदर्श कुमार (7 ब) ने तृतीय स्थान प्राप्त कियोभाषण वीडिओ प्रतियोगिता में आयुष प्रसाद (7 ब) ने प्रथम तथा श्रेया उपाध्याय (7 ब) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियो नारा लेखन प्रतियोगिता में स्मृति सौम्या बाग (8 ब) ने प्रथम स्थान, कनिष्का (7 स) ने द्वितीय स्थान तथा तृषा (7 स) ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो चित्रकला प्रतियोगिता में स्मृति आर्लोव (7 अ) तथा किंजल शर्मा (6 अ) ने प्रथम स्थान, हिमांशु (7 अ) ने द्वितीय स्थान तथा तनु (6 अ) ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो प्राथमिक विभाग से आदिना शाकिर (2 अ) ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए तथा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उप प्राचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि असुरक्षित खानपान की चीजों के सेवन से सेहत संबंधी कई सारी बीमारियां पनपती हैं । ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मकसद हर एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना तथा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज को इसके प्रति जागरूक करना है ।

# स्वामी विवेकानंद विद्या भारती हाई स्कूल के छात्रों ने किया श्रेष्ठतम प्रदर्शन



फोटो-7

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की ! हाईस्कूल परीक्षाफल 2022 में स्वामी विवेकानंद विद्या भारती हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया। रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा। 13 छात्र-छात्राओं ने डिस्टिंक्शन और प्रथम श्रेणी के अंक अर्जित किए। वही 32 छात्र-छात्राओं ने अच्छी सैकिंड डिविजन अर्थात 45 प्रतिशत से लेकर 59 प्रतिशत तक अंक अर्जित किए। इनमें कीर्ति, हर्षित मिश्रा, आवेश हसन, प्रिया सैनी, प्रियांशु धारीवाल, रोहित राणा, दीक्षा जोया नाज, हलीमा, नीतू सैनी, प्रगति ने प्रथम श्रेणी के अंक अर्जित किए। छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए स्कूल के डायरेक्टर राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि परिश्रम और लगन के साथ किया गया कार्य फल अवश्य देता है ! जिन छात्रों के अंक अपेक्षा से कम रह गए उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बच्चों को 11वी की प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम और विषयों के बारे में विस्तार से समझाया और छात्रों को 11वीं की तैयारी के लिए अभी से जुड़ने को कहा ।शीघ्र ही विद्यालय कक्षा 11 की पुस्तक सूची और पाठ्यक्रम जारी करेगा ताकि विद्यार्थियों का समय व्यर्थ ना जाए। अंत में सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अभिजीत राघव, नीलम, अनिल कुमार, दिव्यांशी आदि उपस्थिति रहे। उधर जीजीआईसी विद्यालय रुड़की की छात्रा रितु कुमारी ने इंटरमीडिएट उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में 79 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टाप किया है ! होनहार बेटी की इस सफलता से जहां पूरे परिवार में खुशी की लहर है ! वहीं विद्यालय प्रबंधन ने भी खुशी जताई है और उज्जवल भविष्य की कामना की है ! रितु का सपना मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का है ! रितु ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सालियर में एक किराए के कमरे में रह रही है ! साईकिल से 12 किलोमीटर चलकर वह प्रतिदिन विद्यालय पहुंचती थी ! परीक्षा में कामयाबी के लिए उसने प्रतिदिन लगातार 8-8 घंटे तक पढ़ाई की है ! निरंतर परिश्रम और कड़ी मेहनत के बाद उसने यह सफलता अर्जित की है ! रितु ने दूसरे छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि मेहनत और लगन कभी बेकार नहीं जाती है ! हौसलों और निरंतर परिश्रम से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है !



फोटो-6

## भाजपाइयों ने की दुर्घटना का शिकार लोगों की आत्मा शांति की कामना



फोटो-14

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की ! भाजपाइयों ने बुधवार को शोक सभा का आयोजन कर दुर्घटनाओं का शिकार हुए लोगों की आत्मा शांति की कामना की ! वरिष्ठ समाजसेवी आयुर्वेदिक चिकित्सक भाजपा नेता वैद्य टेक वल्लभ ने कहा कि हाल ही में उत्तराखंड में कई दुर्घटनाएं हुई है जिसमें अकस्मात और असमय में जाने गई है 25 लोग उत्तरकाशी के डामटा मैं बस खाई में गिरने से हुए हादसे में मारे गए , 3 लोग घायल हुए ! उधर चंपावत में कार खाई में गिरने से 3 लोगों की जानें गई रुड़की में नहाने के लिए गंग नहर में कूदे 5 लोगों में से तीन लोगों और नगला इमरती के पास बाईपास पर कार के पलटने से एक बालक समेत 3 लोगों की मृत्यु हुई और उधर मेन बाजार के व्यापारी की लाश गंग नहर से मिली ! इन सभी अकस्मात असमय मृत्यु को प्राप्त हुई दिवंगत आत्माओं को वभ प्रणाम करते हैं उनके लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनको शांति प्रदान करें, उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उन सभी के परिजनों को इस महान दुख को सहन करने के लिए धैर्य प्रदान करें ! घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें ! दुख की इस घड़ी में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का वह आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने इस घटना का तुरंत संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की ! साथी मृतकों के परिजनों व घायलों को सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की ! वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने भी हादसों का तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायता राशि की घोषणा की और खेद प्रकट किया ! कहा कि उत्तराखंड व देश की जनता राज्य और केंद्र सरकार के इस कदम का आभार व्यक्त करती है ! इस अवसर पर सचिन कश्यप, ममता राणा

## पर्यावरण बचाने के लिए जनसहभागिता जरूरी

देहरादून, एजेंसी। स्व. सुंदर लाल बहुगुणा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जनसहभागिता को जरूरी बताया। केंद्रीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान में स्व सुंदर लाल बहुगुणा स्मृति तमंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अपने घर से पहल करनी होगी और ऐसे क्रियाकलापों से परहेज करना होगा, जिनसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। उन्होंने स्व सुंदर लाल बहुगुणा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि प्रकृति और इस धरती से ज्यादा लेने की भोगवादी प्रवृत्ति को छोड़ते हुए उससे मां जैसा व्यवहार करना होगा। तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए समृद्ध धरती और पर्यावरण छोड़ सकेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए सुंदर लाल बहुगुणा के पुत्र प्रदीप बहुगुणा ने कहा कि स्व. बहुगुणा हमेशा धरती को हरा-भरा बनाने की बात करते थे। उनका कहना था कि हिमालय देश का मुकुट है और इसके संरक्षण में ही पूरे देश का अस्तित्व निहित है। उनका कहना था कि पानी का उपयोग सबसे पहले पहाड़ों को हरा-भरा बनाने के लिए होना चाहिए, जिससे भूक्षरण और बाढ़ जैसी समस्या से छुटकारा मिल सके। इसके लिए उन्होंने नारा दिया था धार ऐंच पाणी, ढाल पर डाला, बिजली बनावा खाला खाला। 70 के दशक में पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन की शुरूआत करते हुए उन्होंने पेड़ों की मुख्य पैदावार ऑक्सीजन और पानी बताया था। नारा दिया था क्या है जंगल के उपकार, मिट्टी, पानी और बयार। मिट्टी, पानी और बयार-जिंदा रहने के आधार। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बहुगुणा ने कहा कि स्व बहुगुणा सिद्धांतों के इतने पक्के थे कि सरकार द्वारा पेड़ों का कटान न रोके जाने पर उन्होंने पदमश्री को भी ठुकरा दिया। उनका मानना था कि पानी के अत्यधिक दोहन और इसके संरक्षण पर ध्यान न दिए जाने से जल संकट आने वाले समय की सबसे बड़ी समस्या बन सकता है और अगला विश्व युद्ध पानी के लिए ही छिड़ सकता है। स्व बहुगुणा ने चावल खाना केवल इसलिए छोड़ दिया था कि धान का पौधा जमीन से भारी संख्या में पानी सोखता है। इसी तरह उन्होंने सेब खाना भी इसलिए छोड़ दिया कि सेब को शहरों तक पहुंचाने के लिए पेटियां बनाने में बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाते हैं।

## शिक्षक संघ, भाजपा एससी मोर्चा ने किया राज्यसभा सदस्य डॉ. कल्पना का स्वागत



फोटो-1



फोटो-13

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की ! भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा डॉ. कल्पना सैनी को निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने जाने पर खुशी जताई गई ! मंगलवार को मोर्चा पदाधिकारियों ने डॉ. कल्पना के आवास पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया ! इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन, जिला महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव सिंह, एडवोकेट मनोज प्रालिया मंडल अध्यक्ष पार्षद आदि मौजूद रहे ! चतरसेन ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है ! डॉ. कल्पना सैनी को राज्यसभा भेजकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे ज्यादा किसान, दलित, पिछड़ों, गरीब एवं कमजोर परिवारों को मजबूत करने में लगे हैं ! इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ. कल्पना सैनी ने सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिया ! उधर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरिद्वार की ओर से जिलाध्यक्ष पवन सैनी, जिला महामंत्री किरतपाल सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष जीतपाल, प्रांतीय वरिष्ठ संयुक्त मंत्री अरुण कुमार, रूड़की ब्लॉक अध्यक्ष मनोज धीमान, मंत्री वीपी सिंह, नारसन ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सुधीर कुमार आदि ने डॉ कल्पना सैनी के आवास पर पहुंचकर उन्हें राज्यसभा सांसद बनने पर बधाई दी और गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया ! जिला महामंत्री किरत पाल सिंह ने कहा कि हरिद्वार के इतिहास में यह पहला अवसर है जब जनपद और पिछड़ा वर्ग से खासकर कोई महिला राज्यसभा पहुंची हों ! यह वास्तव में पूरे जनपद के लोगों के लोगों के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी खुशी है !

## पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण जरूरीः अजय

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की ! जनपद हरिद्वार में वृक्षारोपण की मुहिम चला रहे पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने बुधवार को नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजय कुमार से मुलाकात कर उन्हें फल एवं छायादार पौधा भेंट किया ! इस दौरान उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी भी मौजूद रहे ! शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि प्रथ्वी पर जिस तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है उसे देखते हुए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है ! वृक्ष हमें ताजी हवा, फल, फूल एवं जड़ी-बूटियां प्रदान करते हैं ! वृक्षों से ही हमें आक्सीजन प्राप्त होती है ! कोरोना काल में गहराए आक्सीजन संकट के बीच हमें वृक्षों का महत्व समझ में आ गया है ! भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने कहा कि वृक्षारोपण को लेकर जनपद भर में चलाई जा रही शिक्षक अशोक पाल की मुहिम सराहनीय है, जिसमें आगे आकर सभी को सहयोग करना चाहिए ! बिना वृक्षों के प्रथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है ! इसलिए जरूरी है कि सभी अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं ! यह जीवन में हमेशा यादगार भी रहेंगे ! नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, इसका पर्यावरण पर भी गहरा असर पड़ रहा है ! प्रथ्वी का संतुलन बनाए रखने को धरती पर वृक्षों का होना बेहद जरूरी है ! वृक्ष हमारे सच्चे साथी भी है, जो हमें फल, फूल, जड़ी-बूटियां प्रदान करने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से बचाते हैं ! धरती पर वर्षा कराने में सहायक है ! वृक्षारोपण की दिशा में शिक्षक अशोक पाल के प्रयास वाकई सराहनीय है ! नगर पंचायत इस दिशा में उनसे सहयोग लेकर तालाबों और सड़क किनारे अधिक से अधिक फल एवं छायादार वृक्ष लगाएगी ! साथ ही इस दिशा में नगर के लोगों को भी जागरुक करेंगी !

## प्रो. हबीबुर्रहमान ने दरगाह में चादर पेश कर मांगी मुल्क की सलामती की दुआएं

» मदरलैंड संवाददाता



फोटो-8

रुड़की। आल इंडिया सूफी संत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. हबीबुर्रहमान नियाजी ने दरगाह साबिर पाक में चादर पेश की और मुल्क में अमन-शांति की दुआ की। जयपुर से पिरान कलियर पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नियाजी का प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय शायर व परिषद के राष्ट्रीय सचिव अफजल मंगलौरी ने स्वागत किया। दरगाह साबिर पाक में शाह यावर मियां ने प्रोफेसर नियाजी की हाजरी कराई और उनको दस्तार पेश की। इस अवसर पर तहसीलदार नगमा खान, आचार्य विकास वशिष्ठ, मुश्ताक अहमद, अमन खान, शिक्षक अशोक पाल, मुकर्रम खान, परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मुजाहिर हुसैन साबरी, रियाज अहमद आदि मौजूद रहे। आल इंडिया सूफी संत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर हबीबुर्रहमान नियाजी ने कहा कि इस वक्त जो देश में हालात चल रहे हैं वे देश की तरक्की के लिए फायदेमंद नहीं है। उन्होंने कहा जब भारत विश्व में अपना खास रुतबा कायम कर रहा ऐसे में कुछ आंतरिक शक्तियां इसे कमजोर करने में लग गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को पार्टी से निष्कासित करके अच्छा संदेश दिया है, जिसका हिन्दुओं और मुसलमानों ने स्वागत किया है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी करेगी। प्रो. नियाजी ने कहा कि परिषद का हमेशा राष्ट्रवादी नजरिया रहा है ! इसलिए सभी आंतरिक मामलों को आपस में मिल बैठ कर हल करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी परिषद में हिंदू, सिख, बौद्ध, इसाई, जैन सभी धर्मों के धर्म गुरु शामिल है और अगस्त में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा।

## इंटरमीडिएट में पूर्वशी, हाईस्कूल में सृष्टि ने किया विद्यालय टाप

» मदरलैंड संवाददाता



फोटो-3



फोटो-4



फोटो-5

रुड़की ! उत्तराखंड बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक बार फिर से बेटियों ने बाजी मार ली है ! 12वीं में लड़कियों का कुल 85.38 प्रतिशत रहा, जबकि 82.63% छात्र को कामयाबी मिली है ! 12वीं में कुल 127895 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 99091 परीक्षार्थी पास हुए। श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज लालकुर्ती में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में पूर्वशी सैनी 85.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही है ! पूर्वशी न 500 में से 427 अंक प्राप्त किए हैं ! विद्यालय की इंटरमीडिएट की छात्रा हिमानी 83.80 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और उजमा 75 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान रही है ! इसके अलावा अंजली सैनी ने 73.40 सिमरन कौर ने 72.10 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है ! हाईस्कूल में सृष्टि पाल 72.50 अंकों के साथ अव्वल रही है ! उर्वशी ने 70 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और 68 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है ! विद्यालय की छात्राओं की कामयाबी पर प्रबंधन कमेटी और प्रधानाचार्य भारती अग्रवाल ने खुशी जाहिर की है ! विद्यालय अध्यक्ष ललित मोहन अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की ! उधर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, ढंडेरा में विज्ञान वर्ग में प्रिंसी ने 500 में से 418 नंबरों के साथ 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं ! प्रिंसी ने हिन्दी में 75, अंग्रेजी में 90, भौतिक विज्ञान 85, रसायन विज्ञान 88 एवं जीव विज्ञान में 80 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है ! प्रिंसी के पिता धर्मेन्द्र कुमार ने बिटिया के 12वी में प्रथम स्थान पाने पर खुशी जताई है। वहीं छात्रा की इस कामयाबी से विद्यालय प्रबंधन भी गदगद बना है !

## गंगा दशहरा चार सुपर जोन, 16 जोन तथा 37 सेक्टर में बांटा

### डीएम व एसएसपी ने जोनल व सेक्टर मजिस्टेज्टों को किया ब्रीफ

हरिद्वार, एजेंसी। गंगा दशहरा स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ- योगेन्द्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से ट्रषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार में बुधवार को मेला ड्यूटी में तैनात जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस ब्रीफ किया गया। गंगा दशहरा स्नान पर्व को 04 सुपर जोन, 16 जोन तथा 37 सेक्टर में बांटा गया है। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से आपने सोमवती अमावस्या पर्व को सकुशल सम्पन्न कराया, उसी तरह से गंगा दशहरा स्नान पर्व को भी गंभीरता से लेते हुये सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। पिछले सोमवती स्नान पर्व को गंगा घाटों में श्रद्धालु काफी देर तक गंगा में डुबकी लगा रहे थे, जिसकी वजह से कई श्रद्धालुओं को काफी देर तक स्नान के लिए अपनी बारी आने का इन्तजार करना पड़ रहा था। इसलिए स्नान के समय यह ध्यान रखा जाये कि श्रद्धालु स्नान करने में अधिक समय न लगाये, इसके लिये वहां पर जिस तरह की भी व्यवस्थाओं की आवश्यकता हो, वह बनाई जाये। उन्होंने मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाये रखें तथा उन्हें जो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, उन्हें प्रदर्शित करके रखें। आकस्मिकता प्लान का जिक्र करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि इसका अध्ययन व निरीक्षण जरूर कर लें, ताकि कोई आकस्मिकता आने पर आप तुरन्त दी गयी व्यवस्था के अनुसार कदम उठा सकें। विनय शंकर पाण्डेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि वे विगत अमावस्या स्नान पर्व की तरह ही जहां-जहां एम्बुलेंस तैनात की गयी थी, वहां-वहां एम्बुलेंस तैनात करें तथा अस्पतालों में पर्याप्त जीवन रक्षक दवायें तथा अन्य अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाओं का मौका-मुआयना करते हुये सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त रखना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि जिस स्थान पर आपकी ड्यूटी लगी है, उस स्थान पर आपको किन-किन चीजों की आवश्यकता होगी, उसका जायजा पहले से ही ले लें तथा उसी अनुसार अपनी व्यवस्थायें पूरी रखें। उन्होंने कहा कि जितना अच्छा होम वर्क होता है, कार्य का संचालन भी उतनी ही अच्छी तरह होता है तथा आपकी ताकत दस गुना बढ़ जाती है। कहा कि जहां-जहां डायवर्जन है, वहां-वहां पर आपको हर समय सक्रिय रहने की आवश्यकता है, ऐसी व्यवस्था बनायें कि सभी घाटों में श्रद्धालु पहुंचें तथा मुख्य-मुख्य घाटों पर ही भीड़ जमा न हो। उन्होंने कहा कि यह टीम वर्क है तथा परिस्थितियों के अनुसार अपने विवेक व अनुभव से जहां पर जैसा निर्णय लेना है, उस अनुसार निर्णय लीजिये। उन्होंने कहा कि सतर्क रहते हुये सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। ब्रीफिंग में एसपी ट्रैफिक ने गंगा दशहरा स्नान पर्व के मद्देनजर तैयार की गयी योजना एवं व्यवस्थाओं आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरन सिंह राणा, एसडीएम भगवानपुर वैभव गुप्ता, एसडीएम लक्सर गोपाल राम बिनवाल, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, सचिव रेडक्रास डॉ. नरेश चैधरी सहित पुलिस तथा प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमूल्या, चंडीगढ़, 8 जून। मेयर ने चंडीगढ़ से सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए 'आपके साथ' अभियान शुरू किया



मदरलैंड संवाददाता, अमूल्या, चण्डीगढ़। स्थलीय और जलीय पारिस्थितिक तंत्र दोनों पर एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़ की मेयर सरबजीत कौर ने चंडीगढ़ से सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने का आह्वान किया। इसी को ध्यान में रखते हुए लोकल मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ जुड़ने के लिए आज शहर के विभिन्न हिस्सों में ₹आपके साथ₹ थीम के तहत विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित किए। महापौर ने सामुदायिक केंद्र, गोबिंदपुरा, मनीमाजरा में अभियान की शुरूआत की, जिसमें लोकल मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन ने भाग लिया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए सामुदायिक केंद्र सेक्टर 26, सामुदायिक केंद्र सेक्टर 8, सामुदायिक केंद्र सेक्टर 22 और सामुदायिक केंद्र सेक्टर 46, चंडीगढ़ में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां क्षेत्र के पार्षदों ने शपथ दिलाई। एकल उपयोग प्लास्टिक और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद सत्र के दौरान मेयर सरबजीत कौर ने नकद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने में हतोत्साहित करते हुए एमसीसी बाजारों से प्लास्टिक कैरी बैग को जब्त कर रही है और साथ ही कपड़े के बैग की अवधारणा को प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, दुकानदार प्रत्येक ग्राहक से अपना शॉपिंग बैग लाने का अनुरोध कर सकते हैं और इसके लिए नोटिस बोर्ड भी लगा सकते हैं। सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 26 में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कमिश्नर, अनिंदिता मित्रा, आईएएस ने कहा कि कचरे में बढ़ते मिश्रित प्लास्टिक कचरे को जड़ से खत्म करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि एमसीसी ने बाजार कल्याण संघों के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए तीन महीने लंबा अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि अभियान की योजना नागरिकों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को अस्वीकार करने के महत्व के बारे में जागरूक करने की है और ये उत्पाद पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव कैसे डालते हैं। उसने कहा कि अधिकारी 2016 से प्लास्टिक कैरी बैग पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, लेकिन हाल ही में इसका उपयोग बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि एमसीसी ने बाजार कल्याण संघों के सहयोग से वैकल्पिक उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित करने और जनता को जागरूक करने के लिए स्ट्रीट वॉक आयोजित करने की योजना बनाई है। एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक की वस्तुओं को खत्म करने के लिए आगे आते हुए, सेक्टर 46 में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन ने उन निवासियों के लिए सभी वस्तुओं पर 2% छूट देने का फैसला किया, जो दुकानों से किराने का सामान ले जाने के लिए अपना शॉपिंग बैग लाएंगे। सामुदायिक केंद्र सेक्टर 46 में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने स्थानीय क्षेत्र में हानिकारक प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएंगे।

### मुख्यमंत्री उत्थान परिवार योजना के लाभार्थियों से उनके घर जाकर मिले डीसी



मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री उत्थान परिवार योजना शुरू की गई है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से इसमें कम आय वाले परिवारों को सरकार की ओर से चिन्हित किया गया है। इन परिवारों को किसी ने किसी योजना के साथ जोड़कर इनकी आय का साधन सुनिश्चित किया जाएगा। यह बात उपायुक्त डा. जय कृष्ण आभीर ने आज जिला के विभिन्न गांव में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों से मुलाकात के दौरान कहीं। उपायुक्त आज उन परिवारों से मिले जिन्होंने अंत्योदय मेलों के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लोन के लिए आवेदन किया था लेकिन बैंक की तरफ से किसी न किसी कारण से आवेदन रद्द कर दिया गया था। इसी बात की तस्दीक करने के लिए डीसी गांव पटीकरा तथा सेका में पहुंचे और इस योजना के कई लाभार्थियों से मुलाकात की। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही तीसरे चरण के अंत्योदय मेले शुरू होने वाले हैं। अगर लाभार्थियों किसी अन्य योजना के माध्यम से लोन लेना चाहें तो वे आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कृतीश कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# 70 युवा उद्यमियों ने व्यापार परिवर्तन सत्र में हिस्सा लिया

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फीको) ने मुंजाल बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के सहयोग से, पंजाब में उद्यमिता को बदलने के उद्देश्य से; फीको सचिवालय, जैमल रोड, जनता नगर, लुधियाना में व्यापार परिवर्तन पर एक सत्र का आयोजन किया।

श्री बर्नार्ड कुरेन, सफल उद्यमों को बनाने, विकसित करने में 40 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, कंपनी के पूर्ण निदेशक, बिक्री निदेशक से लेकर प्रबंध निदेशक से लेकर बोर्ड अध्यक्ष तक की भूमिकाओं में काम कर रहे हैं, जिन्होंने गैर-कार्यकारी से लेकर औपचारिक परामर्श तक विभिन्न भूमिकाओं में 1000 से अधिक व्यवसायों को सफलतापूर्वक सलाह, कोचिंग और सलाह प्रदान की है और कई ऊष्मायन निकायों के सलाहकार के रूप में काम किया है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता थे।

श्री बर्नार्ड कुरेन ने बताया कि कैसे व्यवसायों को रूपांतरित किया जा रहा है, पारंपरिक तरीकों की तुलना में एक नियोजित व्यवसाय कैसे तेजी से बढ़ता है, और कैसे व्यवसाय अध्ययन तकनीक जैसे व्यवसाय संरचना, व्यवसाय योजना और विनियमन, वित्तीय योजना, परिचालन योजना, विपणन योजना और अनुसंधान सहायता व्यवसाय अपने बहुत ही बुनियादी चरणों में है और कई गुना बढ़ने और बढ़ने के लिए व्यवसाय की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इन दिनों, कंपनियां भारी मात्रा में डेटा एकत्र करती हैं और वे इसके साथ क्या करना है, चुनते हैं, यह या तो उनके ग्राहक संबंधों में सुधार कर सकता



है या मरम्मत से परे उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है।

श्री एस.के. राय वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हीरो साइकिल्स लिमिटेड ने व्यावसायिक विचारों के बारे में बात की और जोमैटो, ओला के विचार ने व्यवसाय बिरादरी को कैसे बदल दिया, उन्होंने एक विचार पर काम करने, उस पर काम करने और लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने पर जोर दिया।

श्री गुरमीत सिंह कुलार प्रधान फीको ने कहा कि साझा किए बिना सीखना केवल जानकारी है, उन्होंने कहा कि सीखने के लिए हमें पहले यह जानने की जरूरत है कि हम पहले से क्या कर रहे हैं, फिर सीखें कि हम इसे बेहतर तरीके से कैसे कर सकते हैं।

उपस्थित लोगों में थे श्री एस.के. राय, श्री के.के. सेठ चेयरमैन फीको, श्री गुरमीत सिंह कुलार प्रधान फीको, श्री मनजिंदर सिंह सचदेवा वरिष्ठ उप प्रदान फीको, श्री बलदेव सिंह अमर उप प्रधान फीको, श्री राजीव जैन महासचिव फीको, श्री अशप्रीत साहनी आयोजन सचिव फीको, श्री बलबीर सिंह मनकू वित्त सचिव फीको, श्री सतनाम सिंह मक्कड़ प्रचार सचिव फीको, श्री रघबीर सिंह सोहल हेड प्लाईवुड डिवीजन फीको, श्री सुखदयाल सिंह बसंत हेड मशीन टूल्स डिवीजन फीको, श्री मंजीत सिंह मथारू सचिव मशीन टूल्स डिवीजन फीको, श्री गुरमुख सिंह रूपल हेड सिलाई मशीन डिवीजन फीको।

## सिद्धू मूसेवाला कत्ल केस: विदेश में बैठे चोटी के गैंगस्टर गोल्डी बराड़, हरविन्दर रिन्दा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ़्तारी वारंट /रैड्ड कार्नर नोटिस /प्रत्यर्पण सम्बन्धी कार्यवाही के लिए पंजाब की तरफ से ठोस यत्न जारी

» मदरलैंड संवाददाता

अमूल्या, चण्डीगढ़। पंजाब पुलिस की तरफ से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ जिसने लारेंस बिशनोयी गैंग की तरफ से सिद्धू मूसेवाला के कत्ल की जिम्मेदारी ली है, के प्रत्यर्पण के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही। सतिन्दरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, जोकि श्री मुक्तसर साहिब का निवासी है और 2017 में स्टूडैंट वीजे पर कैनेडा गया था, लारेंस बिशनोयी गिरोह का सक्रिय मैंबर है।

इस संबंधी जानकारी देते हुये पंजाब पुलिस के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब पुलिस ने सिद्धू मूसेवाला के कत्ल से 10 दिन पहले 19 मई, 2022 को गोल्डी बराड़ के विरुद्ध रैड्ड कार्नर नोटिस जारी करने का प्रस्ताव सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवैस्टीगेशन (सी.बी.आई.) को भेज दिया था, जिससे उसे काबू करके भारत लाने का रास्ता साफ किया जा सके।

प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रस्ताव दो मामलों, एफआईआर नंबर 409, तारीख 12.11.2020 को आई.पी.सी. की धारा 307 /427 /148 /149 /120-बी, आर्मज एक्ट की धारा 25 /27 /54 /59 के अधीन थाना सिटी फरीदकोट जिला फरीदकोट और एफआईआर नं. 44, तारीख 18.02.2021 को आई.पी.सी. की धारा 302 /120 -बी /34, हथियार एक्ट की धारा 25 /54 /59 के अधीन सिटी फरीदकोट, जिला फरीदकोट में दर्ज मामले के आधार पर भेजा गया था।

इसके इलावा पंजाब पुलिस की तरफ से गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविन्दर सिंह संधू उर्फ रिन्दा निवासी गाँव रत्तोके, तरन तारन के विरुद्ध भी रैड्ड कार्नर नोटिस (आरसीएन) जारी करने की माँग की है, जिस सम्बन्धी प्रस्ताव 5मई, 2022 को सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवैस्टीगेशन (सीबीआइ) को भेजा गया था। रिन्दा, जो हाल ही में पंजाब में कई आतंकवादी माड्यूल तैयार करने और चलाने के लिए जिम्मेदार है, अब पाकिस्तान में रह रहा है। पाक आईएसआई की हिमायत प्राप्त, रिन्दा भारत में भारी मात्रा में हथियारों और गोला बारूद की तस्करी में भी जिम्मेदार रहा है। पंजाब पुलिस के साथ सांझे आपरेशन के दौरान करनाल में गिरफ़्तार किये गए चार आतंकवादियों से भारी मात्रा में हथियार /गोला बारूद और आई.ई.डीज बरामद किये गए हैं, जोकि रिन्दा से सम्बन्धित थे। हाल ही में, वह अपने संचालकों के द्वारा इंटेलिजेंस हैडक्वाटर पर आरपीजी हमले, नवंबर, 2021 में सीआईए दफ़्तर, एसबीएस नगर पर ग्रनेड हमले, आनंदपुर साहिब, रूपनगर में पुलिस चौकी काहलवां पर आईईडी हमले के लिए जिम्मेदार था।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि रिन्दा के विरुद्ध जिला पटियाला के तीन मामलों में रेड कार्नर नोटिस जारी किया गया है जिनमें एफआईआर नंबर 03 तारीख 06.01.2014 को आइपीसी का धारा 307, 332, 353, 186, 148, 149 के अंतर्गत थाना त्रिपुरी में दर्ज मामला, एफ आई आर नं. 74 तारीख 26.05.2016 को आइपीसी का धारा 307, 341, 473, 34 और आर्मज एक्ट की धारा 25, 54, 59 के अंतर्गत थाना सदर पटियाला में दर्ज मामला और एफ. आई.आर नं. 173 तारीख 19.07.2016 को आइपीसी का धारा 399, 402, 413, 473, 120-बी, आर्मज एक्ट की धारा 25, 54, 59 और एन.डी.पी.एस एक्ट की धारा 22, 61, 85 के अंतर्गत थाना सिटी राजपुरा में दर्ज मामला शामिल है।

प्रवक्ता ने कहा कि इंटरपोल के साथ तालमेल के लिए सीबीआइ, सैंट्रल नेशनल ब्यूरो के स्तर पर प्रस्ताव प्रक्रिया अधीन है। उन्होंने आगे कहा कि आरसीएन के लागू होने पर प्रत्यर्पण प्रस्ताव एमएचए और एमईए के द्वारा भेजा जायेगा।

जिक्रयोग्य है कि पंजाब सरकार विदेशी धरती से राज्य की शांति को भंग करने वाले अपराधिक ग्रुपों /गिरोहों के विरुद्ध अपनी जंग के लिए वचनबद्ध है। अपराधिक ग्रुपों /गिरोहों के विरुद्ध मिसाली कार्यवाही करने सम्बन्धी राज्य सरकार की प्राथमिकता के मद्देनजर राज्य सरकार भविष्य में विदेश आधारित अपराधियों के प्रत्यर्पण के सभी मामलों की सख़्त पैरवी करती रहेगी।

## नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 8 साल बेमिसाल कार्यक्रमों का आयोजन

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। भाजपा के द्वारा केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 8 साल बेमिसाल कार्यक्रमों का आयोजन लुधियाना के विभिन मंडलों वार्डों में किया जायेगा इसी अभियान की शुरूआत भाजपा के जिला प्रधान पुष्पेंदर सिंगल दवारा स्थानीय सलेम टाबरी के वार्ड न 89 से सुरु की गयी इसमें विशेष रूप से भाजपा के पंजाब उपध्यक्ष व लुधियाना नार्थ हलके से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके परवीन बंसल शामिल हुए।

'8 साल बेमिसाल₹ कार्यक्रमों का आयोजन कर भाजपा ने मोदी सरकार के उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी. भाजपा के जिला प्रधान पुष्पेंदर सिंगल ने अभियान की शुरूआत करते हुए कहा की भाजपा को जनता ने कांग्रेस के वंशवाद और भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर 2014 में चुना था और तब से हमारी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरी है देश में जहां कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी खुद की घोषणाओं को पूरा नही किया जा सका, वहीं केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश में विभिन्न ऐतिहासिक कामों को सम्पन्न कर राष्ट्र हित में विकास की विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पेंदर सिंगल ने कहा की मोदी जी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के गुनाहगारों को उनके किए सजाएं कानून के माध्यम से दिलवाई। 84 के दंगा पीड़ितों को 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि दी। मोदी सरकार ने पंजाब के बठिंडा में अकटर, अमृतसर में ककट, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्प्रेस-वे, आदि दिए। पंजाब में आयुष्मान भारत योजना के तहत 2857 सेंटर खोले गए जिनमें 1,45,88 ,537 लोगों की जांच 18 मई 2022 तक की गई।आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के



तहत 1,003 अस्पतालों में 11.48 लाख लोगों को 1372.01 करोड़ रुपए का मुफ्त उपचार मुहैया करवाया गया। केन्देर सरकार ने पंजाब में ऊढककळ के मान्यता प्राप्त २३१३-४स्त्र२ की संख्या 667 है, जो युवाओं की प्रतिभा का स्पष्ट प्रमाण हैं। यह युवा खुद के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं। परवीन बंसल ने कहा कि देश को मजबूत करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक, लंबे समय से विवाद में रहे राम मंदिर निर्माण, कश्मीर को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए धारा 370 हटाना, अल्पसंख्यक महिलाओं को न्याय के लिए तीन तलाक पर रोक जैसे बड़े मुद्दों से हमारी पार्टी ने सबका साथ सबका विकास के नारे को चरितार्थ करने का प्रयास किया है। परवीन बंसल कहा की स्वच्छता अभियान, इज्जत घर, उज्ज्वला गैस योजना जैसी योजनाओं के बारे में बताया कि किस प्रकार धरातल पर इनका प्रभाव नजर आया। भाजपा नेताओं ने कहा की सरकार के कार्यकाल मे जन धन योजना के तहत लाखों लोगों को बैंकिग सुविधा से जोड़कर सीधा उनका लाभ उनके खातों में पंहुचाया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष यशपाल जनोत्रा, महेश दत्त शर्मा, मंडल प्रधान अमित शर्मा, महिला मोर्चा की महामंत्री सीमा शर्मा, पवन शर्मा अश्वनी जोशी राहुल शर्मा, रोहित शर्मा, नरेश कुमार, ओ.पी.सिंधी, लवली, महिला मोर्चा की मंडल प्रधान ज्योति वर्मा सुरजीत कौर ,रजनी जसविंदर कौर, बलराज शर्मा, प्रितपाल सिंह आदि।

## कांग्रेस के कई पूर्व मंत्री और सांसद भी भाजपा की किश्ती में सवार होने को तैयार

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। पंजाब में कांग्रेस पार्टी का बुरा हाल है कांग्रेस के पंजाब प्रधान राजा को पुराने सीनियर नेता पसंद नहीं कर रहे है राजा की डूबती कश्ती को कोई नहीं बचा सकता है पंजाब कांग्रेस का इन दिनों बुरा हाल है। ऐसा कोई धाकड़ नेता नहीं दिखता, जो पार्टी की डूबती नाव की पतवार थाम सके। कांग्रेस जो भी कदम उठाती है, वह उसे उल्टा ही पड़ रहा है। पहले सुनील जाखड़ और उसके बाद चार अन्य पूर्व मंत्रियों के एक साथ भाजपा में शामिल हो जाने से कांग्रेस में हड़कंप मचा हुआ है। इतना ही नहीं, कई अन्य पूर्व मंत्री और सांसद भी भाजपा की नाव में सवार होने के लिए तैयार बैठे हैं। जानकार बताते हैं कि भाजपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे यह नेता लगातार सीधे अमित शाह के संपर्क में हैं। यह नेता लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में हैं। अब पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग डूबती नैया को कैसे संभालें? खैर, वे यह कहकर मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं कि अब नए कार्यकताओं को मौका मिल पाएगा।

**कैप्टन का डर तो है..**

भले ही कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को पद से हटा दिया और फिर उन्होंने कांग्रेस छोड़ नई पार्टी खड़ी कर ली, लेकिन आज भी प्रशासनिक और पुलिस अफसरों में कैप्टन का दबदबा बरकरार है। कैप्टन से बात करते हुए आज भी अफसरों के माथे से पसीने छूटने लगते हैं। कुछ ऐसा ही वाक्या लुधियाना में हुआ। पंजाब लोक कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के घर में पुलिस ने आपरेशन ब्लू स्टार की बरसी को लेकर दबिश दे दी। दबाव डालकर पूछताछ की जाने लगी। अंत में नेता जी ने कैप्टन को फोन लगा दिया और उनकी अफसर से बात करवा दी। जब कैप्टन ने घुड़की दी तो अफसर के सुर ही बदल गए। उन्होंने कैप्टन से कहा कि हम तो इनकी सुरक्षा के लिए ही पूछताछ करने आए हैं और फिर पुलिस अधिकारी फुर्र हो गया। इससे पता चलता है कि कैप्टन का डर तो आज भी है।

**चिंतन के बाद बढ़ी चिंता**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस ने उदयपुर में चिंतन शिविर का आय

## एमसीएम ने परीक्षा से पूर्व छात्राओं को शुभ आशीष देने के लिए हवन किया

» मदरलैंड संवाददाता

अमूल्या, चण्डीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षा 2022 के मद्देनजर अपनी छात्राओं के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए और हर माह की शुरूआत में हवन करने की अपनी परंपरा को ध्यान में रखते हुए, मेहर चंद महाजन डीएवी महिला कॉलेज, चंडीगढ़ ने आज यहाँ हवन यज्ञ का आयोजन किया। डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष श्री एचआर गांधार और विभिन्न डीएवी संस्थानों के वरिष्ठ शासी निकाय सदस्य श्रीमती सुदेश गांधार ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर पर छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं। छात्राओं में मजबूत मूल्य प्रणाली और आध्यात्म का भाव उत्पन्न करने के लिए कॉलेज के प्रयास की सराहना करते हुए, कहा कि बौद्धिक एवं भावनात्मक बुद्धि के विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक बुद्धि को बढ़ाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्राओं में एमसीएम जैसे संस्थान का हिस्सा होने के लिए गौरव का भाव होना चाहिए जहाँ शिक्षा एवं शोध के साथ लोकाचार, नैतिकता, संस्कृति और मूल्यों



की विशेष सुगंध है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे अपने माता-पिता के अथक प्रयासों और शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहें। श्री गांधार ने छात्राओं से करुणा, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प, दृढ़ता, सहिष्णुता, ध्यान और बहुत से सकारात्मक गुणों को विकसित करने का आग्रह किया। श्लोकों और मंत्रों के जाप के बीच पवित्र अग्नि की प्रार्थना ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। इस अवसर पर जिन कर्मचारियों का जन्मदिन जून के महीने में पड़ता है, उन्हें भी माला पहनाई गई। महाविद्यालय की चरित्र निर्माण समिति द्वारा आयोजित भोर सुहानी के विजेताओं को भी हवन के बाद सम्मानित किया गया।

प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने छात्राओं को अपनी योग्यता का सर्वोत्तम देने की सलाह दी और उनके जीवन में सफलता की कामना की। उन्होंने बताया कि एमसीएम में छात्राओं में वैदिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से हर महीने हवन का आयोजन किया जाता है, उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें छात्राओं को सफलता के लिए तैयार करने के अलावा, नैतिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाता है।

## वार्ड नंबर 20 के कांग्रेसी पार्षद गुरचरणजीत सिंह काला भाजपा में शामिल

### चंडीगढ़ को भी कांग्रेस मुक्त करने को प्रयासरत भाजपा

» मदरलैंड संवाददाता

अमूल्या, चण्डीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियो व सरकार की विकास यात्रा तथा भारतीय जनता पार्टी की कार्य शैली व विचारधारा से प्रभावित होकर वार्ड नंबर 20 से कांग्रेस के पार्षद गुरचरण जीत सिंह काला आज पार्टी अध्यक्ष अरुण सूद ,सांसद किरण खेर, मेयर सरबजीत कौर ढिल्लों की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता कैलाश चंद जैन ने बताया कि दिसंबर 2021 में हुए नगर निगम के चुनावों में गुरचरण जीत सिंह काला ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा तथा हल्लोमाजरा व राम दरबार एरिया से वार्ड नंबर 20 से जीत दर्ज की थी उन्होंने आज भरतीय जनता पार्टी का दामन थामने का फैसला लिया है।

इस इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद ने कहा कि गुरचरणजीत सिंह काला की आज




घर वापसी है क्योंकि वह पूर्व में दो बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विकास की नीतियों से प्रभावित होकर गुरचरणजीत सिंह काला ने भाजपा ज्वाइन करने का जो फैसला किया है उसका हम स्वागत करते हैं। पार्टी में उनकी वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। अरूण सूद ने विश्वास दिलाया कि इन्हें पार्टी में उचित मान-सम्मान मिलेगा।

वहीं सांसद किरण खेर ने गुरचरणजीत सिंह काला का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल भारतीय जनता पार्टी ही है जो विकास के कार्य करवाने में हमेशा अग्रणी रहती है किसी और पार्टी की विकास के कार्यों में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरचरण जीत सिंह काला के पार्टी में आने से शहर के विकास के कार्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे लोगो के काम करवाने के लिए है कोई भी व्यक्ति शहर के कामो के लिए उनसे मिल सकता है। भाजपा ने हमेशा लोगो के काम किये है और आगे भी करती रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद देवेंदर सिंह बबला ने भी अपने विचार रखे।

मोके पर उपरोक्त के अलावा भाजपा प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, चंद्रशेखर, डिप्टी मेयर अनूप गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता कैलाश चन्द जैन, जिला अध्यक्ष मनीष भसीन, डॉ. नरेश पांचाल, पार्षद हरप्रीत कौर बबला, जसमनप्रीत सिंह, महेश इन्द्र सिंह सिद्धू, कनवर राणा, पूर्व पार्षद देवेंद्र सिंह बबला, शीला फूल सिंह, जगतार सिंह जग्गा आदि भी उपस्थित रहे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लांच किया ई-दक्षता पोर्टल

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

यह पोर्टल कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बनाया गया




नारनौल। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ई-दक्षता पोर्टल लांच किया। यह पोर्टल चुनाव कार्यालय को पेपरलैस करने में अहम भूमिका निभाएगा। महेंद्रगढ़ जिला की तरफ से नगराधीश डॉ मंगल सैन ने आश्वासन दिया कि इस पोर्टल का सत प्रतिशत उपयोग किया जाएगा।

अग्रवाल ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी चुनाव कार्यालय में ई-दक्षता पोर्टल का तुरंत प्रभाव से प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में मुख्यालय से जिला कार्यालय तक जो भी इंफॉर्मेशन जाएगी वह इसी पोर्टल के माध्यम से जाएगी। अब भविष्य में चुनाव कार्यालयों से संबंधित जो भी ईमेल आनी है वह भी इसी पोर्टल के माध्यम से आएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस पोर्टल से कर्मचारियों की दक्षता में और अधिक बढ़ोतरी होगी। यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास किया गया है। अब समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना अहम योगदान देगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिक्षण संस्थानों में मतदान जागरूकता क्लब गठित किए गए हैं, उन सभी में चुनाव वाटिका या लोकतंत्र वाटिका बनाई जाए। यह अभियान जुलाई-अगस्त में शुरू होगा।

इस मौके पर नायब तहसीलदार चुनाव विनोद तंवर के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# बदलता पर्यावरण खेती के लिए खतरे की घंटी



मुकेश तिवारी

जलवायु परिवर्तन खाद्य सुरक्षा के सभी 4 आयामों खाद्य उपलब्धता, खाद्य पहुंच खाद्य उपयोग और खाद्य प्रणाली स्थिरता को प्रभावित करेगा कड़वा सच है कि यदि धरातल का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो इंसानो के समक्ष 2050 तक पेट भरने के लिए अनाज जुटाना मुश्किल हो जाएगा।

वर्तमान दौर में कृषि पर जलवायु परिवर्तन का बुरा असर पड़ रहा है, बदलते मौसम के प्रभाव से सिर्फ फसलों का उत्पादन ही प्रभावित नहीं हो रहा है, बल्कि उनकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ रहा है, यह बात देश की खाद्य सुरक्षा के लिए आहम चुनौती बन रही है, एक अनुमान के अनुसार यदि 2040 तक तापमान मैं1, 5 डिग्री तक इजाफा होता है तो फसलों की पैदावार पर इसका गंभीर असर पड़ेगा, इस चेतावनी को भविष्य की मह ज संभावना की तर ह नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि अगर हम अभी से नहीं चेते तो य ह खतरा निश्चित है, इस तरह जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है तो अप्रत्यक्ष प्रभाव आमदनी की हानि और अनाजों की बढ़ती दरों के रूप में परिलक्षित हो रहा है, ज्ञात रहे कि कृषि की उत्पादकता बढ़ाने में उपजाऊ मृदा, जल, अनुकूल वातावरण किट पतंगों से बचाव आदि की भूमिका रहती है प्रत्येक फसल को विकसित होने के लिए उचित तापमान उचित प्रकार की मृदा वर्षा तथा आंध्र की जरूरत होती है लेकिन इनमें से किसी भी मान क में फेरबदल होने से फसलों की पैदावार काफी हद तक प्रभावित होती है, जबकि आने वाले दिनों में देश की जनसंख्या में इजाफा होगा ऐसे में प्रथक प्रथक फसलों की मांग बढ़ेगी, मगर जलवायु परिवर्तन इस राह में मुश्किल उत्पन्न करेगा, लिहाजा कृषि नीति को जलवायु परिवर्तन के जोखिम से निबटने के लिए फसल उत्पादकता में सुधार और सुरक्षा जाल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा तभी हम खाद्यान्न अ सुरक्षा जैसे संकटों से जूझ सकते हैं जलवायु परिवर्तन खाद सुरक्षा के सभी चार आयामों खाद उपलब्धता, खाद्य पहुंच खाद्य उपयोग, और खाद्य प्रणाली स्थिरता को प्रभावित करेगा कड़वा सच यह है कि यदि धरातल का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो हमारे सामने खाने का संकट उत्पन्न हो जाएगा, तापमान की बढ़ती गति को देखें तो आंकड़े बोलते हैं कि इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 3.7 डिग्री से 4.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा जिसका सीधा असर खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ेगा उदाहरण के लिए आज यहां गेहूं, सरसों और आलू की खेती हो रही है तापमान बढ़ने से इन फसलों की खेती कदापि नहीं हो सकेगी, क्योंकि इन फसलों को ठंडक की आवश्यकता होती है ठीक इसी प्रकार अधिक तापमान बढ़ने से मक्का, धान, ज्वार आदि फसलों का क्षरण हो सकता है क्योंकि इन फसलों में अधिक तापमान के कारण दाना नहीं बनता है अथवा कम बनता है इससे इन फसलों की खेती करना असंभव हो सकता है ।



### तापमान वृद्धि से वर्षा की किल्लत

इसके अतिरिक्त तापमान वृद्धि से वर्षा में कमी होती है जिससे मिट्टी में नमी समाप्त हो जाती है, भूमि में निरंतर तापमान की कमी व वृद्धिसे अप्रक्षय की क्रिया प्रारंभ हो जाती है इसके साथ तापमान वृद्धि से गंभीर सूखे की संभावना बलवती हो जाती है इतना ही काफी नहीं जलवायु परिवर्तन मिट्टी की सेहत को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है क्योंकि बढ़ता तापमान प्राकृतिक नाइट्रोजन की उपलब्धता कम कर रहा है और इसे बढ़ाने के लिए हम रसायनिक खादों का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं जो मिट्टी की उर्वरता को काफी प्रभावित कर रहा है ।

सीएस ई की रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल में 68 प्रतिशत पशु पक्षी घट गए हैं 2050 तक इंसानों को पेट भरने के लिए भी अनाज मिलना मुश्किल हो जाएगा खतरे की घंटी इस साल 16 राज्यों में 280हिट देव चली जिसमें से 28% राजस्थान, मध्य प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ तापमान तेजी से घटते जंगल , दूषित नदियां बर्बाद होती मिट्टी बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं और जहरीली हवा ने मानव जीवन के लिए बड़े खतरे उत्पन्न कर दिए हैं सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की महानिदेशक सुनीता नारायण द्वारा जारी ताजा साला रिपोर्ट के मुताबिक 11 मार्च से 18 मई 2022 के मध्य 16 राज्यों में 280 चली यानी इतनी बार तापमान सामान्य से 6,4डिग्री ज्यादा रहा वहीं, 1970 से 1916 के बीच दुनिया में 68% पशु पक्षी घट गए।

आज समूचे विश्व में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पड़ रहा है एवं इसका प्रभाव कहीं ज्यादा तो कहीं कम देखने में आ रहा है जलवायु परिवर्तन जोखिम सूचकक्षक में हम शीर्ष 20 देशों में शामिल हैं, पिछले 40 वर्षों में हमारी धरा का तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बड़ा है इसके कारण बाढ़ सूखे और तूफान जैसी आपदाएं भी बढ़ी हैं क्योंकि अपने मुल्क में अधिकांश कृषकों के पास छोटा रुकवाहै इसलिए इन आपदाओं के कारण उनकी आमदनी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बढ़ते तापमान का संकट हिंदुस्तान पर मर्डर रहा है, इसलिए जलवायु परिवर्तन के फल स्वरुप उत्पन्न चुनौतियों के परिपेक्ष में ऐसे तरीकों की समीक्षा किया जाना बेहद जरूरी है जिसके द्वारा हमारे किसान जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करते हुए फसल का उत्पादन कर सकें एवं उन्हें फायदा भी हो सके साथ ही कृषि से उनका मोहभंग भी न हो, क्योंकि जलवायु परिवर्तन किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है इसलिए इसमें कमी लाने के लिए सभी स्तरों पर ठोस उपाय की जरूरत है कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि जलवायु परिवर्तन न केवल कृषि के लिए बल्कि संपूर्ण मानव सभ्यता के लिए भी खतरे के रूप में सामने आया है कोई भी मुल्क इसकी तपिश से बच नहीं सकता।

## संपादकीय



### कश्मीर में आतंक

कश्मीर घाटी में अचानक से सक्रिय हुए आतंकियों ने सेना से लेकर सरकार तक की टेंशन बढ़ा दी है। आतंकी गतिविधियों में तेजी कई बातों की ओर इशारा कर रही है और यह किसी एक घटना या फैसले से प्रेरित कतई नहीं है। धारा-370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की तरफ से जिस तरह की आपाधापी दिखाई गई और आज भी गाहे-बगाहे उसका कश्मीर प्रेम दिखता है, वह आतंकियों को सुरक्षित रास्ता मुहैया करा रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोमवार रात से चल रहे दो एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर हुए। सोपोर जिले के जालूरा इलाके में रात 10 बजे लश्कर-ए-तैयबा का एक और कुपवाड़ा में सुबह दो आतंकी मारे गए। तीन में से दो आतंकी पाकिस्तानी थे, जबकि एक लोकल। दूसरी ओर बीएसएफ ने सोमवार रात ही कनाचक के दयारान में नजर आए एक ड्रोन पर गोलियां चलाईं। रात करीब 11 बजे हुई फायरिंग के बाद ड्रोन से जुड़े पेलोड को नीचे लाया गया। पेलोड में बच्चों के टिफिन बॉक्स के अंदर 3 मैग्नेट आईईडी थे। जिनमें टाइमर सेट था। आतंकियों की एकदम से सामने आई हरकत भारत की उस चिंता पर भी मुहर लगा रही है जो उसने अफगानिस्तान को लेकर जताई थी। भारत लंबे समय से जिस खतरे की ओर संकेत करता आया है, वह अब हकीकत में दिखने भी लगा है। पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने आशंका जताई थी कि यह मुल्क आतंकी संगठनों का नया गढ़ बन सकता है। भारत की यह आशंका बेबुनियाद नहीं थी। सबसे बड़ा कारण तो यही कि तालिबान को सत्ता तक पहुंचाने में पाकिस्तान ने जिस तरह की भूमिका अदा की और उसकी हर तरह से मदद की, उससे तभी साफ हो चला था कि अफगानिस्तान को आतंकी संगठनों का नया ठिकाना बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। भारत ही नहीं, अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देश और खासतौर से अफगानिस्तान से सटे मुल्क भी यहां अलकायदा, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों की जड़ें मजबूत होने से चिंतित हैं। अब अफगानिस्तान में जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठनों को जमीन मिल गई है तो उसका असर कश्मीर में दिखना स्वाभाविक है। अभी भी कश्मीर घाटी में आतंकवाद फैलाने में यही दोनों गुट ज्यादा सक्रिय हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही भारत कहता भी रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन पर तैयार होने वाले लड़ाकों का इस्तेमाल कश्मीर में किया जा सकता है। भारत ने तालिबान की सरकार को मान्यता इसीलिए नहीं दी थी कि वह पहले यह वादा करे कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी तैयार करने में नहीं किया जाएगा। लेकिन अब तक अफगानिस्तान की ओर से ऐसा कोई संकेत कहां मिला है! बल्कि अब तो यही सामने आ गया है कि जैश और लश्कर के लड़ाके उसी की जमीन पर तैयार हो रहे हैं। भारत अब भी अफगानिस्तान को संकट से उबारने पर जोर दे रहा है और इसके लिए कोशिशों में जुटा है, ताकि उसकी जमीन से भारत पर खतरा न बढने पाए, मगर अभी तो भारत की यह कोशिश विफल है।

# बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा?



तनवीर जाफरी

**विदेशों में रहने वाले अनेक भारतीय व उनके समाजसेवी संगठन समय समय पर समाज विभाजक एजेंडा चलाने वाले ऐसे नेताओं का मुखर होकर विरोध करते रहते हैं। अभी पिछले दिनों भाजपा के युवा सांसद तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमुख तेजस्वी सूर्या 31 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होने वाले ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। बताया जाता है कि 'ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग' भारत व आस्ट्रेलिया के युवाओं के मध्य संवाद बढ़ाने में सहायता करने वाला एक संगठन है जोकि हर दूसरे वर्ष भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक सम्मेलन आयोजित करता है। इस सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष प्रतिभावान पंद्रह पंद्रह चुनिंदा युवाओं को आमंत्रित किया जाता है जो दोनों देशों के युवाओं से परस्पर अपने विचारों को साझा करते हैं।**



अपनी पीठ थपथपाने में महारत रखने वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा आये दिन किसी न किसी मंच के माध्यम से भारतवासियों को यह जताने की कोशिश की जाती है कि 2014 के बाद से ही भारत ने अपनी विकास यात्रा तय करनी शुरू की है। कुछ चाटुकार किस्म के सत्ता समर्थक तो यहाँ तक कह चुके कि देश को सही मायने में स्वतंत्रता ही 2014 के बाद मिली है। ऐसा कहने वाले बेशर्म लोग यह भी नहीं सोचते कि उनके इस प्रकार के सत्ता की खुशामद करने वाले बयानों से स्वतंत्रता संग्राम के लाखों शहीदों का कितना अपमान होता है। परन्तु 'विकास पथ पर ' कथित तौर पर आगे बढ़ने वाले उस वर्तमान भारत में जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आये दिन जलील करने की कोशिश की जाती हो और उनके हत्यारे गोडसे को राष्ट्रभक्त बताया जाता हो, देश के उस पहले आतंकवादी गुणगान किया जाता हो व उसकी प्रतिमायें स्थापित की जाती हों,जहाँ प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा बनाये गये कई सरकारी संस्थानों को उन्हीं को गालियां दे देकर बेचा जा रहा हो वहाँ कुछ भी प्रचारित करना संभव है। जिन नेताओं को उनके दलों के लोग यशस्वी और पूजनीय कहते हुये नहीं थकते उन्हीं नेताओं की विदेशों में कितनी फजीहत होती यह 'भक्तों ' व 'चाटुकारों' को दिखाई नहीं देता। इन 'सावन के अंधों' को केवल यही नजर आता है कि यशस्वी 'डांकापति ' की लोकप्रियता के चलते पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। इन्हें न तो यह दिखाई दे रहा है कि कितनी विदेशी कम्पनियाँ भारत से बिदा हो चुकी हैं और हो रही हैं। इन्हें डॉलर की तुलना में रुपए की क ीमत अभूतपूर्व तरीके से गिरने से कोई वास्ता नहीं, इनकी नजरों में बढ़ती बेरोजगारी और आसमान छूती मंहगाई कोई मायने नहीं रखती।

अनेक बार यह भी देखा गया है कि तमाम प्रतिष्ठित विदेशी समाचार पत्र व पत्रिकायें अपने सम्पादकीय आलेख में इसी सरकार की कठोर शब्दों में आलोचना करती दिखाई दी हैं। विश्व प्रसिद्ध टाइम मैगजीन तो हमारे 'यशस्वी ' प्रधानमंत्री को 'डिवाइडर इन चीफ' की उपाधि देते हुये कवर स्टोरी के साथ पूरा आलेख प्रकाशित कर चुकी है। विदेश यात्राओं के दौरान कई बार इनके विरुद्ध छोटे बड़े अनेक प्रदर्शन होते रहे हैं। परन्तु हमारे देश का 'घुटना टेक ' मीडिया खासकर टी वी चैनल्स मीडिया छवि निर्माण अभियान में मस्त होकर केवल 'यशस्वियों का यशगान ' करने में लगे रहते हैं। कबीर दास को आदर्श महापुरुष व महान आलोचक मानने वाले हमारे देश का मीडिया सत्ता की निंदा करना तो दूर आलोचनाओं से भी डरता और कतराता है। वह कबीर दास के इस आदर्श दोहे को भूल जाता है जिसमें उन्होंने फरमाया था कि - निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय। अथार्तः जो हमारी निंदा करता है, उसे अपने अधिक से अधिक पास ही रखना चाहिए क्योंकि वह बिना साबुन और पानी के हमारी कमियां बताकर हमारे स्वभाव को साफ कर देता है। परन्तु आज की सत्ता निंदा करना तो दूर अपनी सही आलोचना भी पसंद नहीं करती। उसे केवल अपना 'यशगान ' करने वाले लोग व मीडिया चाहिये।

परन्तु विदेशों में रहने वाले अनेक भारतीय व उनके समाजसेवी संगठन समय समय पर समाज विभाजक एजेंडा चलाने वाले ऐसे नेताओं का मुखर होकर विरोध करते रहते हैं। अभी पिछले दिनों भाजपा के युवा सांसद तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमुख तेजस्वी सूर्या 31 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होने वाले ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। बताया जाता है कि 'ऑस्ट्रेलिया-इंडिया यूथ डॉयलॉग' भारत व आस्ट्रेलिया के युवाओं के मध्य संवाद बढ़ाने में सहायता करने वाला एक संगठन है जोकि हर दूसरे वर्ष भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक सम्मेलन आयोजित करता है। इस सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष प्रतिभावान पंद्रह पंद्रह चुनिंदा युवाओं को आमंत्रित किया जाता है जो दोनों देशों के युवाओं से परस्पर अपने विचारों को साझा करते हैं। भारत की तरफ से पंद्रह लोगों की सूची में युवा सांसद व भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या का नाम प्रमुख है। तेजस्वी सूर्या को विगत 30 मई को सिडनी की स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कैंपस में एजुकेशन सेंटर ऑफ ऑस्ट्रेलिया (ईसीए) नमक संगठन के बैनर तले आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करना था। परन्तु अनेक संगठन द्वारा सूर्या के विरुद्ध विरोध प्रदर्शनों के नोटिस के बाद आयोजकों ने इस कार्यक्रम को रद्द कर दिया। विरोध करने वालों का कहना है कि 'एक फासीवादी सांसद का सरकारी एजेंसियों के खर्च और नाम पर ऑस्ट्रेलिया में बुलावा अस्वीकार्य है।ह्न विरोध कताओं का कहना है कि तेजस्वी सूर्या, स्वयं को आरएसएस स्वयंसेवक के तौर पर पेश करते हैं। और चूंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक कट्टरपंथी हिंदू संगठन है, जो यूरोपीय फासीवादी तौर तरीकों से लोगों को एक-दूसरे का दुश्मन बना रहा है। उसके दर्शन को मंच देना समझदारी नहीं होगी।'

गौरतलब है कि यह वही तेजस्वी सूर्या हैं जिन्होंने अपने एक अतिविवादित ट्वीट में कहा था कि '95 प्रतिशत अरब महिलाओं को अपने पिछले कुछ सौ सालों में यौन संतुष्टि नहीं मिली है। हर मां ने बच्चों को सिर्फ सेक्स करके पैदा किया है, प्यार करके नहीं।' उसी समय सूर्या के इस ट्वीट का अरब व मध्य एशियाई अनेक देशों में जबरदस्त विरोध हुआ था। यहाँ तक कि यूएई में भारत के तत्कालीन राजदूत पवन कपूर को उस समय सूर्या का बचाव करते हुये सोशल मीडिया पर सफाई तक देनी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया में उनका विरोध करने वाले आज तेजस्वी सूयार्के उन्हीं विवादित बयानों को याद कर स्पष्ट तौर पर यह कह रहे हैं कि 'तेजस्वी सूर्या की धर्मांधता, महिलाओं के प्रति उनकी नफरत और बर्बरता के दस्तावेज मौजूद हैं। लिहाजा ऐसे व्यक्ति का ऑस्ट्रेलिया के युवाओं से संवाद न केवल बेमानी बल्कि हानिकारक भी है। विदेशों की धरती पर भारतीय नेताओं का इसतरह का विरोध निश्चित रूप से भारतवर्ष की छवि को भी धूमिल करता है। परन्तु अफसोस की बात है कि सांप्रदायिक व पूर्वाग्रही राजनीति से संस्कारित लोगों को इस बात की कोई चिंता नहीं होती। इन्हें भारत में मिल रहे ''यशगान ' से ही संतुष्टि मिलती है। चाहे वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बकौल 'शेफ़्ता' -'हम तालिब-ए- शोहरत हैं हमें नंग से क्या काम = बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा ।

# मां गंगा के अवतरण का पर्व है 'गंगा दशहरा'



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

जिस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था,उस पवित्र दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए भागीरथ गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे ।जिसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या भी की थी। गंगा दशहरा पर हर वर्ष गंगा में आस्था की डुबकी लगाई जाती हैं। ऐसा कहते हैं कि इस दिन गंगा में स्नान करने से 10 प्रकार के पाप मिट जाते हैं ।इस बार गंगा दशहरा पर दो शुभ संयोग बन रहे हैं। गंगा दशहरा पर रवि योग बन रहा है। इस दिन सूर्योदय के साथ ही रवि योग भी शुरू हो जाएगा। इस शुभ योग में पूजा-पाठ और मांगलिक कार्यों को करना बहुत ही शुभ माना जाता है ।गंगा ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हस्त नक्षत्र में धरती पर अवतरित हुई थी। इस बार हस्त नक्षत्र 9 जून को सुबह 4 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ होकर 10 जून को सुबह 4 बजकर 26 मिनट तक रहेगा ।यही गंगा स्नान का सबसे उपयुक्त मूहर्त है ।गंगा में डुबकी लगाते समय ह्यऊँ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमःह्न मंत्र का उच्चारण करना चाहिए। घर में नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर भी स्नान किया जा सकता हैं।

गंगा दशहरा के दिन दान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन दान-धर्म के कार्य करना बहुत ही शुभ माना जाता है। दशहरा का अर्थ 10 मनोविकारों के विनाश से है। ये दस मनोविकार हैं-क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी ।जिनसे मुक्ति के लिए ज्ञान गंगा का स्नान करने से हम विकारमुक्त होकर पवित्र बन सकते है। राजा भागीरथ की कठोर तपस्या, उनके अथक प्रयास और परिश्रम से इसी दिन गंगा ब्रह्मा जी के कमंडल से निकलकर शिव की जटाओं में विराजमान हुई थी और शिवजी ने अपनी शिखा को खोल कर गंगा को धरती पर जाने की अनुमति दी थी। इसलिए गंगा के धरा अवतरण दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है।

गंगा दशहरा के दिन प्रातः काल गंगा में स्नान करके मां गंगा की आरती करने से समस्त पापों का विनाश हो जाने की धार्मिक मान्यता है। गंगा का जल हमेशा पवित्र व गुणकारी होता है,उसमें कभी भी कीड़े नहीं पड़ते और इसका जल प्रदूषित नहीं होता ।इसलिए इस जल में स्नान करने से रोगों का विनाश हो जाता है।

गंगा दशहरा के दिन स्नान, ध्यान और तर्पण करने से शरीर शुद्ध और मानसिक विकारों से मुक्त हो जाता है ।अमृत दायिनी मां गंगा के स्पर्श मात्र से ही चराचर जीवो के पापों का अंत हो जाता है और उसे मुक्ति मिल जाती है। कहते है कि एक बार महाराज सगर ने एक बड़ा यज्ञ किया। उस यज्ञ की रक्षा का भार उनके पौत्र अंशुमान ने संभाला। इंद्र ने सगर के यज्ञीय अश्व का अपहरण कर लिया। यह यज्ञ के लिए विघ्न था। परिणाम स्वरूप अंशुमान ने सगर की साठ हजार प्रजा लेकर अश्व को खोजना शुरू कर दिया। सारा भूमंडल खोज लिया पर अश्व नहीं मिला ।फिर अश्व को पाताल लोक में खोजने के लिए पृथ्वी को खोदा गया। खुदाई पर उन्होंने देखा कि साक्षात भगवान ह्यमहर्षि कपिलह्न के रूप में तपस्या कर रहे हैं। उन्हीं के पास महाराज सगर का अश्व घास चर रहा है। प्रजा उन्हें देखकर ह्यचोर-चोरह्न चिल्लाने लगी।

महर्षि कपिल की समाधि टूट गई। ज्यों ही महर्षि ने अपने आग्नेय नेत्र खोले, त्यों ही सारी प्रजा भस्म हो गई। इन मृत लोगों के उद्धार के लिए ही महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ ने कठोर तपस्या की थी ।भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उनसे वर मांगने को कहा तो भगीरथ ने ह्यगंगाह्न की मांग की ।इस पर ब्रह्मा ने कहा- ह्यराजन! तुम गंगा का पृथ्वी पर अवतरण तो चाहते हो? परंतु क्या तुमने पृथ्वी से पूछा है कि वह गंगा के भार तथा वेग को संभाल पाएगी? मेरा विचार है कि गंगा के वेग को संभालने की शक्ति केवल भगवान शंकर में है। इसलिए उचित यह होगा कि गंगा का भार एवं वेग संभालने के लिए भगवान शिव का अनुग्रह प्राप्त कर लिया जाए।ह्न

महाराज भगीरथ ने वैसा ही किया। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने गंगा की धारा को अपने कमंडल से छोड़ा। तब भगवान शिव ने गंगा की धारा को अपनी जटाओं में समेटकर जटाएं बांध लीं। इसका परिणाम यह हुआ कि गंगा को जटाओं से बाहर निकलने का पथ नहीं मिल सका ।अब महाराज भगीरथ को और भी अधिक चिंता हुई। उन्होंने एक बार फिर भगवान शिव की घोर तपस्या शुरू की। तब कहीं जाकर भगवान शिव ने गंगा की धारा को मुक्त करने का वरदान दिया। इस प्रकार शिवजी की जटाओं से छूट कर गंगाजी हिमालय की घाटियों में कल-कल निनाद करके मैदान की ओर आई ।इस प्रकार भगीरथ पृथ्वी पर गंगा का वरण करके बड़े भाग्यशाली हुए। उन्होंने जनमानस को अपने पुण्य से उपकृत कर दिया। युगों-युगों तक बहने वाली गंगा की धारा महाराज भगीरथ की साधना की गाथा कहती है। गंगा प्राणीमात्र को जीवनदान ही नहीं देती, मुक्ति भी देती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### थाना परिसर में हुआ शराब का विनष्टीकरण



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। बुधवार को बथनाहा पुलिस की ओर से विभिन्न कांडों में जब्त देसी, विदेशी और महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। अपर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार की उपस्थिति में थाना परिसर में ही जेसीबी से विनष्टीकरण कर को बहाने के बाद गड्ढा खोद जमींदोज कर दिया गया। थानाध्यक्ष नंद किशोर नंदन ने बताया कि विभागीय के आदेश के आलोक मे थाना के विभिन्न कांडों में जब्त किए देसी, विदेशी, महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। उन्होंने बताया कुल मिलाकर 6 सौ लीटर सभी शराबो का विनष्टीकरण हुआ। मौके पर मिट्ठू पासवान(मुंसी),पप्पू पासवान,उपेंद्र दास सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक जख्मी

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। बुधवार को बेगूसराय-रोसडा



मुख्य पथ एस एच 55 पर खोदावंदपुर बाजार के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जख्मी बाइक सवार युवक की पहचान मेघौल पंचायत के बिदुलिया गांव निवासी संजय कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गयी. घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार अपने गांव की ओर जा रहा था, तभी घटनास्थल के समीप एक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार कर भागने में सफल रहा. इस घटना में अपाची बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जख्मी युवक को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से जख्मी युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया.

### प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी पहुंचे जमुई मंत्री सुमित सिंह ने किया स्वागत



मदरलैण्ड संवाददाता, जमुई। जमुई के प्रभारी मंत्री सह बिहार के माननीय भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी अपने दो दिवसीय दौरे पर जमुई पहुंचे जहां मंत्री सुमित कुमार सिंह की उपस्थिति में उनका भव्य स्वागत किया गया। आज प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी के द्वारा चंद्रमंडी स्थित बामदह आदिवासी कल्याण छात्रावास के समीप आयोजित होने वाले विकास मेला का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही बेरबारी गांव में स्वच्छता अभियान के तहत मनरेगा योजना से बने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन, पौधारोपण, अमृत सरोवर एवं जल-जीवन-हरियाली पार्क का भी शिलान्यास होगा। विकास शिविर में आम जनता को सरकार द्वारा लागू किए गए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न स्टाल के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। मंत्री सुमित सिंह ने कहा बिहार में जनता की सहूलियत के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं जिसके बारे में जन जन को सूचित किया जाना बेहद आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता फैलती है और ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी विकास कार्यों का हिस्सा बन पाते हैं। सभी सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके और सभी लोगों तक पहुंचे यही तो हमारा कर्तव्य है।

### डीडीसी ने किया पंचायत का निरीक्षण

मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बुधवार को फारबिसगंज प्रखंड के बथनाहा पंचायत में डीडीसी मनोज कुमार ने सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी के निरीक्षण से पंचायत के मुखिया से लेकर पंचायत स्तर पर योजनाओं का अनुश्रवण करने वाले सरकारी कर्मी परेशान नजर आए। डीडीसी मनोज कुमार ने पीडीएस, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, मनरेगा, आवास योजना, हर घर नल का जल, पक्की गली नाली योजना, आदि की जांच की। डीडीसी मनोज कुमार अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र बथनाहा की स्थिति देख बिफर पड़े स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर उपस्थित नही मिले सिर्फ दो एएनएम ही मिली , तद्पश्चात बन्धुपोखर का निरीक्षण किया गया।डीडीसी मनोज कुमार प्रेस को संबोधित कर बताया कि डीएम महोदया के आदेशानुसार जिले के सभी पदाधिकारियो को पंचायत आवंटित किया गया हैं। जिसमे पंचायत में संचालित योजनाओं की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करना है। और समर्पित प्रतिवेदन की समीक्षा के बाद आगे की कार्रवाही की जाएगी। मौके पर मो०एखलाक(मुखिया),सहित पंचायत के सभी सरकारी कर्मियों के साथ वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे।

## डॉ कमाल हुसैन मिलेगा डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। अपने कर्तव्य और ईमानदार कार्यों को लेकर लगातार कई सम्मान से नवाजे जा चुके छौड़ाही के डॉ मो.कमाल हुसैन के नाम एक और उपलब्धि हो गयी है. इस बार डॉं हुसैन को वेस्ट अफ्रीका से मान्यता प्राप्त बेनिन विश्विद्यालय ने डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि के लिये चुना है. डॉ हुसैन को यह उपाधि सवास्थ्य प्रबंधन, पब्लिक हेल्थ एवं गुणवत्ता सुधार में किये गये में उतकृष्ट कार्य के लिये में दिया जायेगा. डॉ हुसैन को यह सुचना विश्विद्यालय के कुलसचिव ने ईमेल के जरिये दिया है. बेनिन विश्विद्यालय जो कि बेनिन की टॉप-10 यूनिवर्सिटी में शुमार है, ने इससे पहले दुनिया के मशहूर सिंगर मिस्टर पीटर ओकायो (मिस्टर पी) एवं कई अन्य को मानद की उपाधि प्रदान किया है. डॉ हुसैन पहले भारतीय होंगें जिनको बेनिन यूनिवर्सिटी ने यह उपाधि देने का निर्णय लिया है. डॉ हुसैन को यह उपाधि विश्वविद्यालय के अगले दीक्षांत समारोह में दिया जायेगा. इस खबर को सुनकर डॉ हुसैन काफी भावुक हो गये. उन्होंने कहा कि यह उपाधि बहुत ही बड़ी उपलब्धि है, जिसको पाने से और भी जिम्मेवार होना होगा. डॉ हुसैन का यहाँ तक का सफर बहुत कठिन था. एक सुदूर गांव से यहाँ तक का सफर एक सपने का साकार होने जैसा है. उन्होंने ये उपलब्धि अपने मरहुम पिता डॉं मो जुमेद अली उर्फ डॉं भोला एवं माता रशीदा बेगम को समर्पित किया और साथ ही अपने दोनों बड़े भाई एवं अपनी बहन को हर कदम में साथ देने के लिये आभिर व्यक्त किया. इसके साथ ही डॉं हुसैन अपने साथियों ग्रामीणों एवं शुभचिंतको के प्रति गहरी आस्था व्यक्त करते हुये कहा कि सभी के स्नेह प्यार और आशीर्वाद का नतीजा है कि हमें अपने कार्य के प्रति समय समय पर जिम्मेवारियों का एहसास कराते रहते हैं. डॉं हुसैन की उपलब्धि पर डीडी न्यूज दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार सह जयमंगला काबर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश राज, ज्ञानोदय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अंजेश कुमार, उनके विधालय जीवन के सहपाठी शिक्षक अजय कुमार, निशांत कुमार, जीवछ कुमार यादव, शिक्षक दिवाकर भारती, प्रखंड जदयु अध्यक्ष रामनरेश आजाद, युवा सामाजिक कार्यकर्ता दानिश आलम, राजीव रंजन राय, रविन्द्र कुमार, रणवीर रंजन उर्फ नूनू झा समेत दर्जनों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यह छौड़ाही के लिये गौरव की बात है. इनलोगों ने इस महान उपाधि के लिये चुने गये डॉं हुसैन को बधाई दी है.

## पंच-सरपंच की बैठक सम्पन्न, बकाये मानदेय भुगतान की मांग



» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। तरैया प्रखंड के ग्राम कचहरी तरैया के सरपंच राधिका देवी के आवास पर बुधवार को प्रखंड के सभी पंच व सरपंचों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने किया। बैठक के दौरान पंच सरपंचों ने अपनी समस्या को रखते हुए कहा की वित्तिय वर्ष में विगत 18 माह का उनलोगों का मानदेय बकाया है। वही नवनिर्वाचित पंच-सरपंचों के निर्वाचन के बाद से अब तक मानदेय नहीं मिल पाया है। जिस पर उपस्थित सभी पंच सरपंचों ने नाराजगी जाहिर की। सभी समस्याओं से अवगत होने पर सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव ने पंच-सरपंचों को आश्वासन दिया तथा उन्होंने विगत 18 माह के बकाये मानदेय एवं नवनिर्वाचित सभी पंच-सरपंचों के निर्वाचन के बाद से अबतक के मानदेय भुगतान की मांग की है। बैठक में तरैया सरपंच संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह उर्फ रवि सिंह, पचभिंडा सरपंच प्रतिनिधि सुदीश कुमार, भागवत सहनी, सुनील सिंह, मोहम्मद उमर, अजीत रंजन सिंह, राधिका देवी, उमेश सिंह, ललन राम समेत अन्य पंच व सरपंच शामिल थे।

## मधेपुरा जिले से अपहृत युवती बथनाहा ओपी क्षेत्र से बरामद



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। बुधवार को बथनाहा पुलिस ने मधेपूरा जिला अंतर्गत गम्हरिया थाना क्षेत्र के मानपुर गांव से अपहृत युवती को सकुशल व आरोपी अपहरण कर्ता को ओपी क्षेत्र के सहवाजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया हैं। बता दे कि दिनांक 03.06.022 को गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर गांव से शादी की नीयत से 18 वर्षीय युवती का अपहरण किया गया। युवती की माँ ने लिखित शिकायत दर्ज करवाई। मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान करने लगी। गम्हरिया पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी अपहरण कर्ता का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। इसी क्रम में बुधवार को मोबाइल का लोकेशन बथनाहा ओपी क्षेत्र से मिला। लोकेशन मिलते ही बथनाहा पुलिस से संपर्क साध कर इनको गिरफ्तार किया गया। और आगे उन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है, युवती का मेडिकल करवा कर माननीय न्यायालय में 164 का बयान करवाया जाएगा। वही आरोपी अपहरण कर्ता की पहचान विकास कुमार पिता रमेश सदा सा० लक्ष्मीनिया वार्ड 11 थाना त्रिवेणीगंज जिला सुपौल के रूप में करने के साथ-साथ पूछ ताछ व कागजी औपचारिकता पूरा करने बाद मधेपुरा(गम्हरिया)पुलिस को सुपुर्त कर दिया गया।

## बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम का आयोजन

### डीसीएलआर ने विभिन्न दस्तावेजों का किया गहन जांच पड़ताल

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेगूसराय। दिन प्रतिदिन बढ़ रहे भूमि विवाद के मामलों को लेकर सरकार गंभीर हैं. सरकार इन विवादों को जल्द से जल्द निपटाना चाहती है. इस कड़ी में बुधवार को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया. खोदावंदपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित एक दिवसीय शिविर में विशेष सर्वेक्षण के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया. मौके पर बेगूसराय डीसीएलआर सच्चिदानन्द सुमन, बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, एएसओ अबीर हुसैन मंडल, प्रभारी राजस्व अधिकारी कुमार रजनीश, राजस्व कर्मचारी अमरनाथ मिश्रा, अरुण कुमार, कानूनगो मनविलास मल, अमीन पंकज कुमार, कन्हैया कुमार, अशोक कुमार ने लोगों को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी. लोगों को रैयतों से स्वघोषणा की प्राप्ति, त्रिसीमाना एवं ग्राम सत्यापन, किश्तवार, खानापूरी, अधिकार अभिलेख प्रारूप प्रकाशन, सुनवाई के बाद लगान निर्धारण के तरीकों की जानकारी दी गयी. आमजनों को इस अभियान से जुड़कर अपनी जमीन संबंधी लंबित कार्यो को निपटा लेने की सलाह दी गयी. डीसीएलआर ने कहा कि रैयतों के शिकायतों एवं समस्याओं के सामाधान पर भी विस्तार से जानकारी अमीनों को दी गयी है. उन्होंने बताया कि अमीनों द्वारा किये गये सर्वेक्षण कार्यों का गहन जांच पड़ताल भी की गयी है.तथा सभी कर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिया गया है. डीसीएलआर ने कहा कि यह कार्य बिलकुल निःशुल्क है, अगर कोई भी व्यक्ति रुपया का लेन-देन करता है तो इसकी सूचना अविलंब बंदोबस्त कार्यालय को दें. उस पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

## लोकतंत्र को मजबूत करने का दायित्व देश के प्रत्येक नागरिकों पर है: सत्यनारायण शर्मा

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। कटिहार में प्रशांत किशोर के अभियान जन सुराज के बैनर तले एक प्राधिकृत बैठक का आयोजन अभियान के संचालक समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा के आवासीय कार्यालय पर हुई जिसकी अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा के नेता अजय साह ने किया। बैठक में अजय साह, ललन सुल्तानिया, राजेंद्र वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मंसूर आलम, चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव भुवन अग्रवाल, एलके प्रसाद, आदि वक्ताओं ने देश के चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा सरकार में जनता की सीधी भागीदारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान की जानकारी साझा करते हुए अपने उदगार व्यक्त किए। अभियान को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने का दायित्व हम सभी नागरिकों का है। उन्होंने बताया कि विकास योजनाएं और नीतियां सदन में बहुमत के बजाए आमजनों के समर्थन की होने चाहिए। श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि आज प्राधिकृत बैठक है, कटिहार जिला से एक शिष्टमंडल पटना जाकर प्रशांत किशोर से मिलेंगे और कटिहार में उनके कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तथा तिथि का निर्धारण जल्द हो जाएगा। अपने सम्बोधन में बैठक की अध्यक्षता कर रहे नेता अजय साह ने कहा कि पीके का जनसुराज अभियान बिहार में एक बड़े आंदोलन का रूप लेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी कलामुद्दीन अंसारी, डॉ अमरेश कुमार, भोला साह, राजेन्द्र कुमार वर्मा, गौरी सुल्तानिया, पूर्व जिप सदस्य मंसूर आलम, मनोज सिंह, राजेश कुमार भगत, मो० साबिर अंसारी, भुवन अग्रवाल, श्याम सुंदर दधीचि, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, विपिन चौधरी, रितेश चंद्रा, मो० ईशा फरताप, संजय पाठक, विकास यादव, राकेश कुमार, चुन्नू कुमार, इबरार अहमद दीवान, दीपक कुमार, राजेश कुमार भगत, कन्हैया अम्बष्ट, संजय कुमार सिंह, राजू महतो, एलके प्रसाद, जवाहर लाल चौधरी, आदित्य कुमार, विकास साह, बबलू कुमार, अभिनंदन कुमार सिंह, आनंद राज, रंजीत कुमार राय, मो० मुबारक, मो०आलम, मो० अशफाक, राकेश कुमार, रफीक, बबलू कुमार, सौरव कुमार त्रिवेदी, एसके चौधरी, प्रदीप कुमार आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## दूसरे की खरीदी जमीन को बताया अपना, विरोध करने पर किया मारपीट में महिला घायल

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। दूसरे की खरीदी हुई जमीन को अपना बताया, जब असली जमीन मालिक ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. यह घटना एस एच 55 किनारे दौलतपुर गांव के समीप घटी. मारपीट की घटना में जख्मी महिला समस्तीपुर जिला के रोसड़ा थाना क्षेत्र के रहुआ गांव निवासी रंजीत शर्मा की पत्नी सुनीता देवी है, जिसे इलाज के लिए खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया है. जख्मी महिला ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी देकर बताया है कि उसका पति रंजीत शर्मा एवं उनके बड़े भाई संदीप शर्मा मिलकर वर्ष 2005 में दौलतपुर गांव में जमीन खरीदा था. यह जमीन बसने के उद्देश्य से फफौत पंचायत के तारा गांव निवासी अनिल कुमार यादव से खरीदी गई थी. इस जमीन पर संदीप शर्मा ने घर बना लिया और रहना भी शुरू कर दिया है, परन्तु उसके छोटे भाई रंजीत शर्मा के हिस्से की जमीन खाली पड़ी है. जब मंगलवार को वह अपनी इस जमीन को देखने गयी तो बेगमपुर गांव के राज किशोर शर्मा की पत्नी मीना देवी व उसके पुत्री ने उसके हिस्से की जमीन को अपना बताया और गाली गलौज करना शुरू कर दिया. उसने जब इसका विरोध किया तो मीना देवी ने लाठी डंडे व ईट के टुकड़े से उसके साथ बुरी तरह से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया.जख्मी महिला का मायके भी बेगमपुर गांव ही है, उसने बताया है कि घटना की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस से की हूँ, परंतु घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना की जांच पड़ताल करना भी मुनासिब नहीं समझें. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारियों को भी दे दी गयी है.

## आजादी के अमृत महोत्सव पर टाउन हॉल कटिहार में समूहों के बीच 62.39 करोड़ ऋण का वितरण हुआ

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर टाउन हॉल कटिहार में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा, सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी,डीपीएम जीविका आर के निखिल, एलडीएम मनोज कुमार मधुकर, डीडीएम नाबार्ड अमित कुमार सिन्हा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर दिया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने सभी बैंक को आपसी समन्वय स्थापित कर ऋण लेने के इच्छुक लोगों को ऋण अवश्य दे ,सभी लोग जो बैंक से ऋण लेना चाहते हैं, उसे ऋण अवश्य दें, वहीं सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रेलवे कॉलोनी मिरचाईबाड़ी शाखा की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें सबसे ज्यादा जीविका दीदी ही बैंक से ऋण लेते हैं, और वापस भी करते हैं। इस बार खगड़िया जिले के जीविका दीदी ने गुलाबबाग पूर्णिया मंडी से भी ज्यादा मकई की खरीदारी की हैं, यह काफी खुशी की बात हैं। इस प्रकार से सभी बैंक जीविका दीदी के समूह को ऋण अवश्य रूप से दें, जीविका दीदी उद्योग स्थापित कर आम लोगों को रोजगार देंगे।डीपीएम जीविका आर के निखिल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं को जोड़कर समूह का निर्माण करें, अभी भारत में 10 लाख 35 हजार समूह हैं, एक करोड़ 40 लाख लोग इनसे लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं कटिहार में 33 हजार जीविका के समूह हैं,इसमें 4 लाख परिवार लाभान्वित हो रहें हैं।इस मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रेलवे कॉलोनी शाखा मिरचाईबारी के अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार मधुकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में 1901 लाभुकों को 62.39 करोड़ ऋण का वितरण किया गया जिसमें 52 जीविका एवं 77 आजीविका समूह को .95 करोड़ ऋण का वितरण किया गया।वहीं मंच संचालन कर रहे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रेलवे कॉलोनी मिरचाईबाड़ी के क्लर्क शालू कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में कटिहार जिले के सभी बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहकर आम लोगों सहित जीविका समूह को ऋण दिए। इस अवसर पर कटिहार सांसद दुलालचंद गोस्वामी, जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा,नगर आयुक्त मनोज कुमार गुप्ता, उरीय उप समाहर्ता रवि शंकर उरांव, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय उप प्रबंधक गोपाल प्रसाद, डीडीएम नावार्ड अमित कुमार सिन्हा, डीपीएम जीविका आरके निखिल, वरीय उप प्रबंधक रेलवे कॉलोनी कटिहार राहुल कुमार,सहायक प्रबंधक मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### ग्यारह से क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मंडल रेलवे के इतिहास में पहली बार डे नाईट अंतर्विभागीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ दिनांक 11 जून से चार दिनों तक मंडल रेल प्रबंधक कटिहार के द्वारा किया जाएगा। जिसमें कटिहार रेलवे मंडल के कुल दस विभाग की टीम हिस्सा लेंगी। डीआर एससी के स्पोर्ट्स पदाधिकारि संजीव पुष्कर, क्रिकेट सेक्रेटरी राकेश रंजन और डिवीजनल कॉमेंटेटर व मिडिया प्रभारी अमित सागर ने इसकी जानकारी दी। तैयारी पुरे जोड़ों सोडो से हो रही है। इस मौके पर सौरभ, संजीव, वेद, राकेश, बुबली, टीपू, विवेका, रोहित, फुलों, विक्रम, राजीव, सुमन, सुरज, सतीष, संतोष तमाम डिवीजननल रेलवे स्पोर्ट्स क्लब के मेम्बर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### मोटर वाहन संघ की ओर से जागरूकता कार्यक्रय का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार मनिहारी, यात्री वाहन परिचालन के नियमो व शर्तो से आमजन को अवगत कराने के उद्देश्य से मनिहारी बस स्टेशन मे मंगलवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जिला मोटर यात्री वाहन कर्मचारी संघ व्दारा किया गया। इस मौके पर मोटर यान निरीक्षक पंकज कुमार व प्रवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार ने भी लोगों को मोटरयान से संबंधित नियमों की जानकारी दी। संघ के सदस्य प्रमुख प्रमोद कुमार सिंहा ने मोटर वाहन चालकों, उप चालकों के हितों से संबंधित उपयोगी जानकारी दी। ओटो, टोटो चालकों से विभाग से ड्राविंग लाईसेंस लेने का आवश्यकता बताई। मार्ग मे वाहन से दुर्घटना हो जाने पर दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को अस्पताल ले जाकर लोगों की प्राण रक्षा करने की अपील की। कहा कि उनके इस कार्य मे कोई कानूनी अड़चन नहीं आयेगी। दुर्घटना के शिकार लोगों की रक्षा करनेवालों के लिए सरकार की ओर से प्रत्साहन राशि देने का प्रावधान है। कहा कि प्राधिकृत अजेंट को ही अपना सहयोग दें। इस मौके मोटर वाहन चालक उपचालक संघ के मनिहारी प्रतिनिधि सुजीत पासवान, सहयोगी असलम परवेज, सुभाष पासवान भी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष राजाराम यादब ने संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

### 90 लीटर विदेशी शराब बरामद



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। रेल मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के सीपीडीएस टीम और रेल पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर रेल में तस्करी कर ले जाते भारी मात्रा में 90 लीटर विदेशी शराब को बरामद करने में सफलता हासिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 13247 डाउन कैपिटल एक्सप्रेस ट्रेन के जर्नल बोगी के शौचालय से छुपा कर ले जाते 40 हजार का छोटा बड़ा विदेशी शराब के बोतलों को बरामद किया गया है। जिसके तहत रेल थाना कटिहार में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। वही रेल छेत्र में गठित विषेस टीम लगातार संयुक्त अभियान के तहत आय दिन शराब आदि नारकोटिक्स सामानों को जब्त किया जा रहा है। इस दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस अभियान में आरपीएफ सी पी डी एस टीम के प्रभारी सैयद एहसान अली, रेल एसएचओ ज्योति प्रकाश सहित कई सुरक्षा अधिकारीगण व जवान शामिल थे।

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभायात्रा



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कोढा.प्रखंड के रौतारा बाजार स्थित बाबा विशेश्वर स्थान शिव मंदिर में प्रतिमा स्थापन को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. मौके पर हजारों की संख्या में सौभाग्यवती महिलाएं व कुमारी कन्याओं ने इस कलश शोभायात्रा में हिस्सा लिया. वही कलश शोभायात्रा रौतारा शिव मंदिर प्रांगण से धरमगंज गांव के रास्ते काली मंदिर कोशी घाट में जल भरकर पुनः धरमगंज के रास्ते रौतारा शिव मंदिर स्थल पहुंचकर समाप्त हुई. मौके पर आयोजनकर्ता के रूप में प्रभात पौद्दार, मुकेश कुमार, सुबोध झा, पंचायत समिति सदस्य गौरीशंकर मंडल, करुण कुमार, मदन सिंह आदि ने बताया कि शिव मंदिर में प्रतिमा स्थापन को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई है. जिसमें सौभाग्यवती महिलाएं सहित कुमारी कन्याओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. बताया गांव की सुख समृद्धि व शांति को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई है, साथ ही बताया एनएच 31 फोरलेन निर्माण कार्य दौरान रौतारा बाजार स्थापित शिव मंदिर को निर्माण कार्य दौरान दूसरी जगह नए मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें शुभ मुहूर्त देखकर प्राण प्रतिष्ठा के साथ शिव लिंग का स्थापन किया जाएगा जिसको लेकर पूरे गांव में भक्ति का माहौल है. मौके पर कलश शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय रौतारा थानाध्यक्ष नितेश कुमार की अगुवाई में एएसआई ग्यानंद कुमार सहित पुलिस बल के जवान संयुक्त रूप से तैनात रहे।

## मदरलैण्ड वॉइस की खबर का हुआ असर

# आंगनबाड़ी सेविका के कार्यों की होगी जांच

» मदरलैण्ड संवाददाता


आंगनबाड़ी सेविका की दबंगई, वीडियो वायरल, बोली पक्का खिलाड़ी हैं, 25 साल का एक्सपीरियंस है

कितना मुखिया आया और गया, मेरा कुछ नहीं होगा

02.06.22_गुरुवार

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जिले के आंगनबाड़ी केंद्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिले वायरल वीडियो फलका प्रखंड के सोहथा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 06 के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 072 का है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत 40 बच्चों को पोशाक राशि मिलना था। लेकिन किये गए

कटिहार। फलका प्रखंड अंतर्गत सोहथा दक्षिण पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 072 की सेविका का एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें सेविका कह रही थी कि मैं भी कच्चा खिलाड़ी नहीं हूं, 25 साल से वार्ड को जोते हैं 25 साल का एक्सपीरियंस है, कितना मुखिया आया कितना गया, पक्का खिलाड़ी के तरह काम करते हैं, जाइये फोटो खींच लीजिए मेरा ठेंगा नहीं होगा। गौरतलब हो कि आंगनबाड़ी सेविका बड़े ही दबंग स्टाईल में केंद्र चलाती है। जिसकी खबर मदरलैंड वाईस ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। संबंधित मामले में सीडीपीओ उषा किरण ने बताया कि सेविका को सो-कॉज किया गया है एवं जनप्रतिनिधियों से सलीके से बात करने को कहा गया है। पोशाक राशि के वितरण में अनियमितता की खबर मिली है उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही विधिसम्बत करवाई की जायेगी।

## बाल श्रम के विरुद्ध बिहार अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। श्रम संसाधन विभाग एक्शन ऐड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे ₹बाल श्रम के विरूद्ध बिहार अभियान₹ के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार कटिहार में डीएम उदयन मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे बाल श्रम से रेस्क्यू कराए गए बच्चों से संबंधित चचाएं की गई। एक्शन एड/यूनिसेफ के द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम अभियान पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया एवं वैसे बच्चों को स्कूल से जोड़ने की बात कही जो बच्चे अपने माता- पिता के साथ उनकी मदद के लिए काम में चले जाते थे और स्कूल से वंचित रह जाते थे तभी एक्शनेड के द्वारा ₹बाल मैत्री₹ बारसोई तथा कदवा प्रखंड में चलाए जा रहे हैं, इसमें लगभग २०० बच्चे हैं, जिनको पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, इस बच्चे के संदर्भ में जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को इन बच्चों को ट्यूटोरियल क्लास जोड़ने की बात कही गई। वहीं बेबी रानी, बाल संरक्षण ईकाई ने रेस्क्यू होने वाले बच्चों से संबंधित अपनी बात रखी। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर आयुक्त कटिहार, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति कटिहार आदि मौजूद थे।

## अलबेडो पब्लिक स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली से मिली मान्यता



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। गरभेली पंचायत में स्थित अलबेडो पब्लिक स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त होने की खुशी में जिले के सभी प्रखंडों के सीबीएसई स्कूल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की एक बैठक स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित निदेशकों ने स्कूल के प्रबंध निदेशक एमडी अबुल हुसैन को उनके स्कूल एवं उनकी उपलब्धि पर बधाइयां देते हुए पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर अलबेडो पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एमडी अबुल हुसैन ने कहा कि 20 साल का तजुर्बा और मेहनत जो शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्होंने इतनी मेहनत की है वह जाकर आज सफल हुआ इस सफलता के पीछे जिले के स्कूल के डायरेक्टर का काफी सहयोग रहा और सब ने मिलकर साथ दिया। अप टू टेन क्लास तक एफ्लेशन हुआ है और टेन प्लस टू की प्रक्रिया जारी है। प्रारंभिक दौर से ही स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती नहीं है आगे और भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव ध्रुव चंद्र झा, अनंत आवासीय विद्यालय के निदेशक विकास चंद्र ठाकुर, प्रवक्ता डॉक्टर तहसील फातमा, गैप डिफेंस स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जावेद, प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के निदेशक पवन कुमार साह, एबीसी स्कूल के निदेशक ए के राज, कटिहार इंग्लिश स्कूल के निदेशक बदरे आलम सहित दर्जनों विद्यालय के निवेशकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## अंचल कार्यालय में बिचौलिए को पत्रकार के साथ बद्तमीजी करना पड़ा महंगा

### फलका थाना में हुआ मामला दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। फलका अंचल कार्यालय में बिचौलिए को पत्रकार के साथ बद्तमीजी करना पड़ा महंगा। फलका थाना में हुआ मामला दर्ज। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में एक दबंग व्यक्ति द्वारा पत्रकार के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट महंगा पड़ गया। फलका थाना अध्यक्ष उमेश पासवान ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए पीड़ित पत्रकार सुधांशु शेखर कुमार दास के आवेदन पर दबंग दीपक कुमार यादव के विरुद्ध फलका थाना कांड संख्या 379/22 दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में पत्रकार निजी कार्य के लिए अंचल कार्यालय गया था उन्हें सूचना मिली थी कि प्रखंड परिसर में दलाल सक्रिय है। खबर कवरेज के दौरान बिचौलिए की नजर पत्रकार पर पड़ी फिर क्या था इसी बीच दीपक कुमार यादव पिता कैलाश यादव साकिन पकड़िया ने पत्रकार को जातिसूचक गाली-गलौज दिया और पॉकेट से ₹15000 नगद छीन लिया और उन्होंने धमकी दिया कि तुम्हें जान से मार कर फेंक देंगे और कहा कि मेरे पास बहुत आदमी है और मेरा सभी आदमी नामी बदमाश है तुम्हें एक महीना के अंदर जान से मार देंगे और मेरी पत्नी बिहार पुलिस में है और पिताजी होमगार्ड हैं फलका थाना का बड़ा बाबू उमेश पासवान जो है उनका दिन रात में आगे पीछे करता रहता हूँ। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। संबंधित पत्रकार ने इस सम्बंध में लिखित सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है। आपको बताते चलें कि फलका प्रखंड में अगर कोई काम है तो वह बिचौलिए के माध्यम से ही होता है। जाति, आय, निवास, एलपीसी एवं अंचल से संबंधित कार्य हो या मनरेगा से कोई लाभ लेना हर जगह बिचौलियों के माध्यम से काम होता है। मामले में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी




दिवाकर कुमार नेमदरलैंड वॉइस को बताया कि लिखित सूचना मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## वर्ष 22-23 के लिए आजमनगर-बैरिया घाट का हुआ विधिवत डाक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर-बैरिया घाट का विधिवत हुआ डाक अधिक बोली लगाने वाले बलराम मंडल के दस्तावेज पूर्ण व योग्य पाए जाने पर बलराम मंडल को घाट का डाक विधिवत दिया गया। इस बार वर्ष22-23के लिए घाट की उच्चतम बोली9200रुपया बलराम मंडल द्वारा लगाया गया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित डाक में शामिल हुए डाक वक्ताओं की मौजूदगी में सभी डाक लगाने वालों को दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। जहां एक डाक वक्ता बलराम मंडल द्वारा घाट का डाक लेने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया जहां दस्तावेज अवलोकनार्थ बलराम मंडल का दस्तावेज पर्याप्त और योग्य पाए जाने पर घाट का डाक दिया गया। उनके द्वारा9200रुपये में घाट की बोली लगाई गई। उच्च डाक वक्ता की हैसियत से उनके नाम निबंधित किया गया है। बैठक में उपस्थित कई लोगों ने हस्ताक्षर किया। जब कि बैठक में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। पंचायत सचिव राम नारायण मिश्रा, मुखिया अबु तालिब ने दस्तावेज अवलोकनार्थ घाट का डाक विधिवत बलराम मंडल के नाम किया। तमाम गणमान्यों की मौजूदगी में बलराम मंडल को पर्याप्त दस्तावेज के आधार पर योग्य पाते हुए घाट के डाक से संबंधित प्रमाण पत्र बलराम मंडल को सुपुर्द किया गया। इस मौके पर बीपीआरओ अजयचंद्रा, रामनारायणमिश्रा, कार्यपालक सहायक बीरबल कुमार राय, संजय कुमार सिंह, बिमल कुमार, सिंह, श्रीपति सिंह, महबूब आलम, जियाउल, यूसुफ, अत्तू आदि लोग मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज के नेतृत्व में कमिटी गठित कर हो हत्या कांड की जांचः राज्यसभा सांसद



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड के बघौरा पंचायत के पस्तिया में हुए छात्रा हत्या कांड में शामिल आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी हो साथ ही हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज के नेतृत्व में एक टीम गठित कर हत्या कांड की जांच की जाए मृतक के परिजनों को बिहार सरकार मुआवजे के तौर पर रू2500000 मुआवजा दे। उक्त बातें राज्य सभा सांसद अहमद अशफाक करीम ने पस्तिया गांव पहुंच ग्रामीणों के समक्ष कही और मृतका छात्रा के परिजन को न्याय का भरोसा दिलाया सांसद अहमद अशफाक करीम ने हत्या कांड की निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज के नेतृत्व में टीम गठित कर छात्रा हत्याकांड की जांच कराए जाने की बिहार सरकार से मांग की अहमद अशफाक करीम ने राज्य सभा के पटल पर उक्त मामले को उठाए जाने की बात कही साथ ही तोड़फोड़ वाले मामले में मृतका के मां बाप भाई तथा मामा को आरोपी बनाए जाने पर पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किए साथ ही उक्त झूठा मुकदमा को वापस लेने की बिहार सरकार से मांग की मौके पर राजद नेता समरेंद्र कुणाल मो.मेराज आलम मो. सैयाद आलम पिंकू ने उक्त घटना की निंदा करते हुए मृतक के परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए झूठा केस वापस लेने की मांग की मौके पर जन क्रांति के ई.शाह फैसल आम आदमी पार्टी के एमआर हक जिला पार्षद प्रतिनिधि मसूद आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बाल कल्याण समिति बच्चों के हित में कार्य करती है :डीएम

### बैठक में श्रम विभाग की गयी समीक्षा

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। जिला समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी उदयन मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक बेबी रानी ने किया। बैठक में श्रम विभाग की समीक्षा की गई। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने समीक्षा बैठक में कहा कि जिले से विमुक्त बाल श्रमिकों की संख्या 137 है। जबकि सी एल टी एस पोर्टल पर दर्ज बाल श्रमिकों की संख्या 183 है। बिहार राज्य के अन्य जिले से कटिहार जिले में आवासीय बाल श्रमिकों की संख्या 24 है। राज्य से बाहर विमुक्त बाल श्रमिकों की संख्या 32 है। भौतिक रूप से सत्यापित बाल श्रमिकों की संख्या 138 है। भौतिक रूप से सत्यापित हेतु लंबित बाल श्रम श्रमिकों की संख्या 45 है। एम आर एफ हेतु योग्य सत्यापित बाल श्रमिकों की संख्या 7 है। बाल श्रमिकों की संख्या जिनका सावधि जमा हो चुका है। उनकी संख्या 77 है। वर्ष 2021 में 9 बाल श्रमिक को मुक्त कराए गए हैं। सभी विमुक्त बाल श्रमिकों का विमुक्ति के उपरांत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीते वर्ष 2022 में 15 बाल श्रमिक को मुक्ति कराई गई है। सभी विमुक्त बाल श्रमिकों का विमुक्ति के उपरांत श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर बाल श्रमिकों को श्रम से मुक्त करते हुए जिले को बाल श्रम मुक्त जिला घोषित कराने के दिशा में अग्रसर कार्रवाई की जा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक बेबी रानी ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे बाल श्रमिकों को श्रम से मुक्त कराने के दिशा में सक्रिय भूमिका श्रम विभाग को निभाने है। इस कार्य में संबंधित विभाग कार्य को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने कहा कि बच्चे के हित में बाल कल्याण समिति कार्य करती है। बच्चों से संबंधित अधिकारी आपस में कोआर्डिनेशन स्थापित कर कार्य का निष्पादन करेंगे। बच्चे के क्षेत्र में सभी स्वयंसेवी संस्था भी अपने अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे। जो सेवी संस्था इस कार्य में अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करेंगे। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित देते हुए कहा कि बच्चे के क्षेत्र में संवेदनशील रहते हुए कार्य का निष्पादन करेंगे। जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने श्रम विभाग के अधिकारियों को विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले बच्चे को मुक्त कराते हुए एसओपी का पालन करते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष बच्चों की उपस्थिति कराएंगे। बाल कल्याण समिति के नियमों का पालन अक्षरसः पालन करते हुए आगे की कार्य करेंगे। इस कार्य में जिला बाल संरक्षण इकाई सहयोग करेंगे। इस कार्य के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक को नोडल के रूप में कार्य करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार झा ने कहा कि बाल श्रम पुनर्वास योजना के अंतर्गत खतरनाक उद्योगों से मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य एवं अन्य मामलों में दिए गए निर्णय के आलोक में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित बाल श्रमिक पुनर्वास कल्याण कोष में प्रति विमुक्त बाल श्रमिकों को 20 हजार रुपये जो नियोजक से वसूला जाता है तथा 5 हजार रुपये जो सरकार के द्वारा दिया जाता है। कुल रकम 25 हजार रुपये उक्त कोष में जमा किया जाता है। साथ ही बाल श्रम से विमुक्त के समय भी मुक्त कराए गए बाल श्रमिक एवं उनके परिवार को तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से 3 हजार रुपये उपलब्ध कराया जाता है। जिससे बाल श्रमिक अपने लिए एक माह का भोजन, वस्त्र, आवश्यकता अनुसार दवाई आदि की व्यवस्था कर सकें। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि श्रम विभाग के द्वारा इन दिनों बाल श्रमिक मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग के अधिकारी बाल कल्याण समिति एवं बाल गृह तथा जिला बाल संरक्षण विभा इकाई के बीच का कोडिनेशन बनाकर कार्य का संचालन करेंगे। कार्य बच्चे के सर्वोत्तम हित में ध्यान में रखते हुए करना है। बैठक में बाल कल्याण समिति सदस्य रोशन कुमार, प्रियंका कुमारी, शिक्षा, स्वास्थ, श्रम विभाग के अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्था चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक प्रदीप कुमार, एक्शन एड के जिला समन्वयक शाहिदा, प्रियंका कुमारी, बचपन बचाओ आंदोल, कैलाश सत्यार्थी फोर्डेशन के समन्यक रश्मि कुमारी ने भाग लिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 09
नई दिल्ली, गुरुवार, 9 जून 2022

## संक्षिप्त समाचार

### बत्ती गुल मीटर चालु का उदाहरण बना प्रखंड

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बत्ती गुल मीटर चालु का सबसे बड़ा उदाहरण ठकराहा प्रखंड में कार्यरत पंचायत सचिव सत्यनारायण हजरा मौजूदा दिनों में बने हुए हैं। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि पंचायत सचिव सतनारायण हाजरा के जिम्मे चार पंचायतों का कार्य दिया गया है। विगत कई महीनों से हाजरा की स्वास्थ्य ठीक नहीं है उसके बावजूद भी प्रतिदिन उनका हाजिरी बन रहा है। हरपुर मुखिया प्रतिनिधि हरिंदर यादव ने बताया कि उनके जगह उनके पुत्र कार्य का संचालन करते हैं मौजूदा सत्र में मेरे पंचायत में कोई कार्य नहीं किया गया है जिससे मुझे उनकी अवश्यकता महसूस नहीं हुई। जगीरहा मुखिया प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि सोमवार से अगर सतनारायण हाजरा आकर पंचायत में कार्य का संचालन नहीं करते हैं तो करवाई के लिए बरिए पदाधिकारी को लिखा जाएगा। वही धूमनगर मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव सतनारायण हाजरा का स्वास्थ्य ठीक नहीं है जिसके चलते उनके पुत्र अनिल हाजरा ही पंचायत सचिव के कार्यों का संपादन करते हैं। ठकराहा प्रखण्ड के चार पंचायतों में कार्यरत पंचायत सेवक पिछले तीन वर्षों से बीमारी के चलते पंचायत से नदारद है। बावजूद पंचायतो में योजनाओ के क्रियान्वयन पर इसका कोई असर नही है। कारण है कि पंचायत सेवक के पुत्र बतौर पंचायत सचिव बन योजनाओ का सम्पादन समेत पदाधिकारियो के साथ बैठक आदि कार्यो का सम्पादन कर रहे है। इस बात की जानकारी स्थानीय पदाधिकारीयो को भी है। बावजूद पंचायत सेवक के पुत्र व रिस्तेदार के हाथों में पंचायतो में चल रहे योजनाओ के रेकड व अन्य कागजात सौपना कहा तक लाजमी है। बात पंचायत सचिव सत्यनारायण हाजरा का है। जो जागिरहा पंचायत के साथ ठकराहा, धुमनगर तथा हरपुर पंचायत के अतिरिक्त प्रभार में है। पंचायत सेवक श्री हाजरा पिछले तीन वर्षों से काफी अस्वस्थ्य चल रहे है। अब पंचायतो में कार्यो निष्पादन कैसे हो। वही ठकराहा बीडियो अजीत सिंह ने बताया कि सत्यनारायण हाजरा के द्वारा ही पंचायतों में कार्यों का संपादन किया जाता है।

### आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बुधवार शाम को आकाशीय बिजली गिरने से साठी थाना क्षेत्र के बरवा कला गांव निवासी शेख शहाबुद्दीन की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए साठी थाना को सुचना दिया गया है घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। मालूम हो कि मृतक शहाबुद्दीन कृषि कार्य हेतु अपने खेत में कुदाल चला रहे थे इसी बीच जोर आवाज के साथ आकाशीय बिजली चमका और उसके चपेट में आकर मौत हो गई। इस सम्बंध में घटना की के जानकारी देते हुए साठी थाना अध्यक्ष उदय कुमार द्वारा बताया गया की बरवा कला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौत की सूचना प्राप्त हुई है सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजेके हॉस्पिटल बेतिया भेजा जा रहा है वही इस संबंध में लौरिया अंचलाधिकारी संजय कुमार द्वारा बताया गया की जांच पड़ताल के बाद मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपैया अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा

### मनरेगा में मुखिया की मनमानी, वार्ड सदस्यों ने की जांच की मांग

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। चनपटिया ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को काम मिले इसके लिए भारत सरकार के द्वारा मनरेगा योजना की शुरआत की गई। लेकिन यह योजना अब कुछ जनप्रतिनिधियों के लिए लूट की योजना बन के रह गई है। चनपटिया प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी मनरेगा से काम कराया जा रहा है जिसमे ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। लेकिन वही प्रखंड के उतरी घोघा पंचायत में मनरेगा में मजदूरों की हकमारी हो रही है। बताया जा रहा है की मुखिया जी मनरेगा योजना के तहत एक पोखरा का निर्माण करा रहे है जिसमे जेसीबी से खुदाई करा रहे है, जिसके विरुद्ध पंचायत के 7 वार्ड सदस्यो ने सामूहिक रुप से मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी को आवेदन देकर पंचायत में चल रहे मनरेगा के कार्यों की जांच की मांग की है। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी शील भूषण ने बताया की वार्ड सदस्यो के द्वारा मुझे आवेदन मिली है, जिसका संज्ञान ले लिया गया है। फिलहाल उक्त कार्य पर रोक लगा दिया गया है और मजदूरों को रोजगार मिले इसके लिए विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर पहुंचे कटिहार



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर अपने दो दिवसीय दौरे पर कटिहार पहुंचे हैं। बुधवार को सुबह वे राजधानी पटना से कैपिटल एक्सप्रेस द्वारा कटिहार पहुंचे। कटिहार स्टेशन पर काँग्रेस नेता दिलीप विश्वास, शाहनवाज खान, संतोष यादव, मोहम्मद सऊद सहित उनके दर्जनों समर्थकों ने उनका स्वागत किया। स्टेशन से वे गामी टोला स्थित अपने आवासीय कार्यालय सदभावना भवन पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक जानकारी मिली है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अपने चुनावी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरारी विधानसभा के वैसागोविंदपुर, कॉलोनी हाट, कावर पिपरिया टोला, जगदीशपुर, सूजापुर, मंटू चौक, सदर टोला मरधिया आदि जगहों पर क्षेत्र के अपने जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुने। जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान काढ़ागोला स्टेशन के नजदीक गांधी स्मृति भवन में बरारी के पार्टी कार्यकताओं के साथ सांगठनिक बैठक को भी संबोधित किया है।

### बांस व्यापारी से रंगदारी मांगने एवं दस हजार रुपए छिनतई के आरोप में तीन पर प्राथमीकी दर्ज

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बांस ब्यापारी से रंगदारी के रूप में पचास हजार रुपए मांगने एवं दस हजार रुपए जबरन छिनतई करने के आरोप में बुधवार को प्राणपुर थाना में तीन लोगों पर प्राथमीकी दर्ज हुआ। उक्त घटना के संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि खुशहालपुर गांव निवासी सह बांस व्यापारी शैयद साजन ने लिखित आवेदन में जिक्र किया है कि एन एच-81 सड़क के जौनिया गांव के समीप ट्रक में बांस लोड करवा रहा था। उसी दौरान जौनिया गांव निवासी विश्वजीत कुमार उर्फ विश्वा उम्र-28 वर्ष पिता संजय मंडल, संदीप कुमार उम्र-24 वर्ष पिता नामालूम, सुशांत सिंह उम्र-26 वर्ष पिता नामालूम तीनों साकिन जौनिया एवं आठ से दस अज्ञात व्यक्ति अचानक आकर गालीगलौज एवं जान मारने की धमकी देते हुए कमीज के पाकेट से दस हजार रुपए छिनतई कर लिया तथा पचास हजार रुपए रंगदारी स्वरूप मागने लगा। रंगदारी नहीं देने पर बेरहमी से मारपीट किया। इसी बीच पुलिस का गाड़ी देख भागते हुए कहा कि आज पुलिस बचा दिया।

# पंचायत में कार्यान्वित सभी योजनाओं की हुई जांच

## नलजल की खराब स्थिति देख विफरे अधिकारी



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश के आलोक में बुधवार को राजीव रंजन श्रीवास्तव अंचलाधिकारी बगहां 2के द्वारा प्रखंड के खैरवा पंचायत में कार्यान्वित सभी योजनाओं सहित सभी विभागों की जांच का किया गया। जिसमें वार्ड नंबर 7 एवं 8में लोगों द्वारा बताया गया कि इन वार्डो में दो साल से नल जल का पानी नहीं आता है। वहीं आवास योजना की जांच के क्रम में जांच अधिकारी द्वारा लाभार्थी अलिमुनतिसा पति मैनूद्दीन अंसारी से पुछा गया कि आपके खाते में आवास की राशि भेजने के लिए किसी ने पैसा तो नहीं लिया ?इस पर लाभार्थी बताया गया कि अब तक कोई मुझसे एक रुपया भी नहीं मांगा है और न मैं दी हूं। वही पैक्स गोदाम के जाच के दौरान लोगो से पुछताछ कि गयी जिसमे लोगों द्वारा बताया गया कि याहा कभी भी धान कि खरीददारी नही कि जाती है और नही कभी भी किसानो को खाद मिलता है। इसके आलावा मनरेगा योजना, पन्द्रहवीं बित योजना द्वारा हो रहे कार्यो सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पीडीएफ दुकानों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच की गई। जिसमें जांच अधिकारी राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि खैरवा पंचायत में हुए नल जल योजना के कार्यों में पूरी तरह बंडर बांट किया गया जिसके कारण लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। जिसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों तक किया जायेगा। वहीं पक्की गली नाली निर्माण एवं पेपर ब्लाक कार्यों, मनरेगा से हुए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। दुसरी तरफ ठकरहा बीडीओ अजित कुमार सिह के द्वारा हथुअहवा पंचायत का जाच किया गया जिसमे द्वारा बीडीओ द्वारा बताया गया कि जाच के क्रम मे नलजल योजना ,गली.नाली योजना ,आगनबाडी केन्द,आवास योजना, मनरेगा योजना, कि जाच कि गयी है जिसका प्रतिवेदन जिलाधिकारी को भेजा जा.रहा है। वहीं जांच के दौरान मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह जेई रोशनी कुमारी, आवास सहायक मृदुल कृष्ण, सहायक लेखापाल चुटु कुमार, पंचायत कार्यपालक सहायक अजय कुमार राम, वार्ड सदस्य मृत्युंजय राय उपस्थिति रहे।

# मधुबनी बीडियो ने किया पंचायत में योजनाओं का निरीक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहा सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश पर मधुबनी बीडीयो राजेश भूषण के द्वारा गुरुवार को ठकराहा प्रखंड के मोतीपुर पंचायत में सरकार द्वारा संचालितत विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने पांचायत में क्रिवान्यन सभी योजनाओ समेत अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की गई। जांच में हर घर नल का जल योजना, हर घर तक पक्की गली नाली,आंगनवाड़ी केंद्र, वृद्धावस्था पेंशन,जन वितरण प्रणाली की दुकान,मनरेगा योजना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठकराहा की जांच की गई। वही उन्होंने ने स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर उनसे नल जल नाली गली, राशन किराशन, मनरेगा योजना सहित सरकार के लाभकारी योजनाओ के सम्बनध में जानकारी भी ली। इसके अलावा पक्की गली नाली की भी स्थिति देखा गया। ठकराहा प्रखंड के मोतीपुर पंचायत जांच करने आए बीडीओ श्री भूषण ने बताया कि पंचायत में संचालित सभी योजनाओ के क्रियान्वयन की जांच की गई । जिसमे मनरेगा योजना में कुछ कमियां देखने को मिला। इसके अलावा पंचायत के कई आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों बच्चे की उपस्थिति 50% से भी कम पाई गई। वही आवास योजना के लाभ लिये लाभुको के घर पहुच आवास निर्माण कार्य प्रगति का जायजा ली गई। वहीं इन्होंने बताया कि पंचायतो में बिंदुवार की गई जाच का रिपोर्ट वरिय पदाधिकारीयो को सौपा जाएगा।

# बाढ़ डिवीजन के द्वारा आनन फानन में हो रहा एंटीरोजन कार्य

## 15जून तक होना है कार्य पूरा,गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने खड़े किए सवाल

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बाढ़ नियंत्रण अवर प्रमंडल सालमारी अंतर्गत शेखपुरा के समीप तटबंध की मजबूती को लेकर बाढ़ पूर्व एंटीरोजन कार्य किया जा रहा है। किये जा रहे उक्त कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने बाढ़ विभाग के जेई की गैरमौजूदगी में तमाम सरकारी मानकों को हासिये पर रख एंटीरोजन कार्य किये जाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों ने कहा शेखपुरा में करोड़ों रुपये से किये जा रहे बाढ़ पूर्व एंटीरोजन कार्य में मिट्टी भरी गैबीयन एनसी में भर लगाई जा रही वो भी बगैर मापी किये। और तो और मिट्टी भरी गैबीयन में सिंगल निडिल से सिलाई की जा रही है। नाइलोन क्रेटिंग की जो रोप लगाई जा रही वरीय अधिकारी इसकी भी जांच कराए कि जो रोप और गैबीयन कि बोरी क्वालिटी कंट्रोल से एप्रूव हुआ है। वही लगाया जा रहा है। इसकी मिलान होनी चाहिए। कि वही लगाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा आनन फानन में कार्य किया जा रहा बढ़ते जल स्तर से कितना संघर्ष कर पायेगा और कितनी टिकाऊ होगी। साथ हीं बाढ़ विभाग के जेई विजय कुमार का दावा कितना खड़ा उतरेगा वक्त बताएगा। बताते चलें कि बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के12पंचायतों में बाढ़ पूर्व तैयारी भगवान भरोसे है। बागढोब-मीनापुर तटबंध के तैयबपुररैयांपुरएवंशेखपुराकेजीतवारपुर,गमहारगाछी के पास बाढ़ निरोधात्मक कार्य की रफ्तार धीमी है।15जून तक कार्य पूर्ण करना है। पर नहीं होने की आशंका लोग जता रहे हैं। काम में गुणवत्ता मानक हासिये पर है। मालूम हो जीतवारपुर,गमहारगाछी के पास महानंदा नदी की धारा तटबंध से सटी हुई है।

*वार्ड सदस्य ने कहाः-*

शेखपुरा पंचायत के वार्ड2के वार्ड सदस्य रुस्तम अली ने कहा गमहारगाछी-शेखपुरा के बीच एंटीरोजन का काम हो रहा है। यहां ना तो सरकार के निदेर्शानुसार बोर्ड लगाया गया है। और ना डीपीआर दिखाया जा रहा है। संवेदक विभागीय अधिकारी से कुछ भी पूछते हैं। तो कुछ बताते नहीं हैं। बगैर मापी किये बोरी में मिट्टी भर सिलाई की जा रही है। विभाग के जेई को जब से काम शुरू हुआ है। तब से अब तक यदा-कदा हीं देखे हैं। और ना हीं कार्यस्थल पर कोई विभाग के जिम्मेदार प्रोजेक्ट अधिकारी ही रहते हैं। और ना संवेदक के जिम्मेदार कर्मी15तारीख तक कार्य पूर्ण नहीं होने की संभावना है। तटबंध के करीब से महानंदा गुजर रही है।

**बाढ़ विभाग के जेई का है दावा शेष कार्य15जून से पूर्व होगा पूर्णः-**

बाढ़ विभाग के कनीय अभियंता विजय प्रसाद ने पूछे जाने पर बताया जिले में बाढ़ की संभावना15जून तक है। इससे पहले हर हाल में निरोधात्मक कार्य पूरा कर लिया जायेगा। शेखपूरा गमहारगाछी में घनश्याम लाल एजेंसी एंटीरोजन काम कर रही है। प्राक्कलित राशि5करोड़ के विरुद्ध3करोड़ से ज्यादा राशि से काम हो रहा है।1हजार मीटर के विरुद्ध950मीटर कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य अगले सात दिनों के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा।15जून तक महानंदा नदी में पानी बढ़ने की संभावना है। तो जरा सोचियेगा कि सात दिनों में जिस कार्य को पूर्ण करने का दावा किया जा रहा है। तो निश्चय हीं आनन फानन में कार्य किया जाएगा। तो कारित निरोधात्मक कार्य की मजबूती बढ़ते जल स्तर के बीच कितना संघर्षशील होगा ये तो वक्त बताएगा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कोरी कल्पना

# व्यवस्थित शौचालय नहीं रहने के कारण किशोरी बालिकाएं स्कूल नहीं पहुंचती है

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। कटिहार के बुनियादी विद्यालयों की हिल गई है बुनियाद। जिले भर के विद्यालयों से किसी न किसी स्कूल में आए दिन गड़बड़ी की शिकायत सामने आती ही रहती है।

शिक्षा का अधिकार यानी फ्रँ३ ३ङ्क एर्४िं३ङ्कल्ल (फळए), 2009 के अनुसार 6-14 साल के सभी बच्चों को अनिवार्य और मुफ़्त शिक्षा दी जायेगी ऐसा संविधान में लिखा है। साथ ही इसकी गुणवत्ता और सभी शैक्षणिक पहलुओं पर निगरानी रखने के लिए राष्ट्रीय आयोग बनाये जाने का प्रावधान है। अगस्त 2009 में भारत के संसद से निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार एक्ट पारित किया गया था और एक अप्रैल 2010 से यह कानून पूरे देश में लागू है।

आइये अब आपको उपमुख्यमंत्री साहेब के गृह जिले के राजकीय बुनियादी विद्यालय भंगहा से रूबरू कराते हैं, इन स्कूलों में जगह की कोई कमी नहीं है यहाँ सभी बुनयादी जरूरतों की चीज नदारद है। इन स्कूल में दो काम चलाऊ शौचालय है, इस उमस भरी गर्मी में पीने के पानी के लिए चापाकल है, जहाँ बच्चों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाता है। कभी कभी शौचालय के इस्तेमाल के लिए महिला शिक्षकों एवं किशोर बालिका को स्कूल के कैंपस से बाहर जाना पड़ता है। शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण अक्सर किशोरियां स्कूल से दूर हो जाती हैं। फलका ब्लॉक से करीब साढ़े पांच किमी दूर इस बुनियादी विद्यालय में पहली से आठवीं तक की पढ़ाई होती है जिसमें लगभग 1100 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में लगभग आधी संख्या छात्राओं की है लेकिन माहवारी के दिनों में अधिकतर छात्राएं स्कूल आना बंद कर देती हैं, क्योंकि इस दौरान वह स्कूल में शौचालय का प्रयोग नही कर पाती हैं। ऐसा केवल इसलिए क्योंकि उनमें ना तो पानी की सुविधा उपलब्ध है और ना ही वह प्रयोग के लायक हैं। इन सब के बावजूद शौचालयों की जर्जर स्थिति में होने के कारण उनका इस्तेमाल करना मुमकिन नहीं होता है जबकि ऐसे समय में अक्सर किशोरियों को पैड बदलने के लिए शौचालय की आवश्यकता पड़ जाती है। इस सुविधा की कमी की वजह से कई बार बालिकाएं ऐसे समय में स्कूल छोड़ देना ज्यादा बेहतर समझती हैं जिसकी वजह से उनकी पढ़ाई का नुकसान होता है और वह चाह कर भी अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं।

बुनियादी विद्यालय में जो शौचालय की कमी है इस संदर्भ में पूछे जाने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने बताया इस संदर्भ में शिक्षा विभाग एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दी गई है।

बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि अभी शौचालय बनाने के लिए कोई स्किम नहीं है जैसे ही कोई योजना आएगा विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए अनुशंसा की जायेगी।

# कालाजार और एचआईवी संक्रमित लोगों के इलाज के लिए डब्ल्यूएचओ ने जारी किया गाइडलाइन

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग कृतसंकल्पित है। इस दिशा में विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विसरल लीशमैनियासिस (वीएल) और एचआईवी के सह संक्रमण से प्रभावित लोगों के इलाज के लिए अपने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ये नए दिशानिर्देश मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर (एमएसएफ) और भागीदारों द्वारा भारत में किए गए एक अध्ययन के परिणामों और दूसरा इथियोपिया में ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीज इनीशिएटिव (डीएनडीआइ) और भागीदारों द्वारा किए गए एक अध्ययन के परिणामों पर आधारित है। कालाजार के नाम से भी ज्ञात विसरल लीशमैनियासिस नामक रोग गर्म देशों में परजीवी से होने वाला एक उपेक्षित रोग है, जो सैंडफ्लाइज द्वारा फैलता है। रोग के कारण बुखार आता है, वजन कम होता है और यदि इलाज किए बिना छोड़ दिया जाए तो यह घातक भी होता है। स्थानिक क्षेत्रों में रहने वाले विसरल लीशमैनियासिस के साथ एचआईवी से प्रभावित लोगों में एचआईवी से अप्रभावित लोगों की तुलना में विसरल लीशमैनियासिस विकसित होने की संभावना 100 से 2,300 गुना अधिक होती है। विसरल लीशमैनियासिस-एचआईवी सह-संक्रमण के लिए पिछले बताए गए उपचार में 38 दिनों तक की अवधि में नियत समय के अंतर पर लाइपोसोमल एम्फोटेरिसिन बी (एमबिसोम) के इंजेक्शन हर दिन लगाना शामिल था। नए तरीके में एम्बिसोम और ओरल मिल्टेफोसिन के संयोजन का उपयोग किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप काफी बेहतर प्रभावकारिता दर हासिल हुई है।



**वीएल के 6 प्रतिशत मामले एचआईवी से संक्रमितः**

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. जे. पी. सिंह ने कहा कि बिहार में कालाजार के सबसे अधिक मामले पाए जाते हैं। वर्तमान में कटिहार जिले में कालाजार संक्रमित कुल 20 मरीज उपलब्ध है। अनुमानित रूप से विसरल लीशमैनियासिस के 6 प्रतिशत मामले एचआईवी से सह-संक्रमित हैं। ये सह-संक्रमित रोगी उपेक्षित हैं और कलंकित हैं, उन्हें इलाज के अच्छे परिणाम नहीं मिलते हैं और विसरल लीशमैनियासिस के लिए एक रिजरवायर के रूप में भी काम करते हैं, जो देश में स्थायी उन्मूलन प्रयासों में बाधा बन रहा है।

**रोगियों का इलाज साक्ष्य-आधारित तरीके से किया जाएगाः**

चिकित्सा सलाहकार और एमएसएफ में अध्ययन समन्वयक, डॉ साकिब बुर्जा ने कहा कि भारत में पहली बार विसरल लीशमैनियासिस-एचआईवी सह-संक्रमण वाले रोगियों का इलाज साक्ष्य-आधारित तरीके से किया जाएगा। नैदानिक और सामाजिक दोनों ही दृष्टिकोणों से इन रोगियों को अत्यधिक कमजोर के रूप में पहचानने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इनके प्रबंधन में सुधार से रोगियों और विसरल लीशमैनियासिस उन्मूलन कार्यक्रम दोनों को लाभ होगा। वैसे तो अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। फिर भी इन रोगियों को कई जटिल चिकित्सा मुद्दों का होते हैं जिन्हें समग्र रूप से संबोधित करने की आवश्यकता होती है। जिसमें टीबी का एक बहुत अधिक प्रसार भी शामिल है। भारत में किए गए अध्ययन में छह महीने की अवधि में इस नए बताए गए इलाज के तरीके को पिछले उपचार के तरीके में 88 प्रतिशत की तुलना में 96 प्रतिशत प्रभावकारी पाया गया, इलाज की अवधि महत्वपूर्ण रूप से पांच से दो सप्ताह तक कम हो गई। इथियोपिया में इस नए बताए गए इलाज के तरीके से चिकित्सा के अंत में (58 दिनों के बाद) 88 प्रतिशत प्रभावकारिता दर दिखाई गई थी, जबकि इस समय किए जा रहे मानक उपचार की प्रभावकारिता इस परीक्षण में 55 प्रतिशत थी।

**नया गाइडलाइन से रोगियों के जीवन में आयेगा सुधारः**

डीएनडीआई में लीशमैनियासिस और माइसेटोमा एनटीडी (नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज) की निदेशक डॉ. फैबियाना अल्वेस ने कहा कि नए डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देश एक महत्वपूर्ण कदम हैं जिनसे उन रोगियों के जीवन में काफी सुधार आएगा जो दोनों बीमारियों से प्रभावित हैं और जो कलंक, बहिष्कार, आय की कमी और बार-बार होने वाले नुकसान से पीड़ित हैं।

एमएसएफ साउथ एशिया, महानिदेशक, डॉ फरहत मंटू कहती हैं कि एमएसएफ द्वारा हमारे सामाजिक मिशन के भाग के रूप में सबसे कमजोर आबादी और उपेक्षित बीमारियों में अनुसंधान में निवेश किया जाता है। इन सफलताओं का अर्थ यह भी है कि हमें क्षेत्र स्तर से कार्रवाई योग्य जानकारी पाने में और निवेश करना चाहिए जिससे हमारे रोगियों को नवीन, संगत, बेहतर गुणवत्ता और इलाज की सरल व्यवस्था के साथ उनका समर्थन किया जा सके। भारत, इथियोपिया और अन्य देश जहां ये दोनों रोग स्थानिक हैं, वहां अब डब्ल्यूएचओ द्वारा सुझाए गए नए उपचारों को अपनाने के लिए अपने स्वयं के उपचार दिशानिर्देशों को तत्काल अनुकूलित किया जाना चाहिए।

निदेशक, राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट और अध्ययन में प्रधान अन्वेषक, डॉ कृष्णा पांडे ने कहा कि इलाज का यह नया तरीका एक बहुत अच्छी खबर है क्योंकि इससे इंजेक्शन योग्य दवाओं के उपयोग में कमी आती है और रोगियों के ठीक होने की संभावना को काफी बढ़ जाती है। इसमें 14 दिनों में तय समय पर इसे देने की सिफारिश की जाती है, जो पहले 38 दिन था। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है।

**विसरल लीशमैनियासिस के रोगियों को अभी भी बेहतर, सुरक्षित और प्रभावकारी उपचार की आवश्यकताः**

डीएनडीआई में भारत और दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. कविता सिंह ने कहा कि विसरल लीशमैनियासिस के रोगियों को अभी भी बेहतर, सुरक्षित और प्रभावकारी उपचार की आवश्यकता है। यही कारण है कि डीएनडीआई और उसके सहयोगी एक सुरक्षित और प्रभावी मौखिक रूप से दी जाने वाली दवा से उपचार विकसित करने के अपने प्रयासों को जारी रख रहे हैं, जो विसरल लीशमैनियासिस से प्रभावित सभी लोगों तक पहुंच योग्य होगा।

- विसरल लीशमैनियासिस के रोगियों को बेहतर, सुरक्षित और प्रभावकारी उपचार की आवश्यकता
- रोगियों का इलाज साक्ष्य-आधारित तरीके से किया जाएगा

एमएसएफ-स्पेन के चिकित्सा निदेशक, डॉ क्रिस्टियन कैसाडेमोंट ने कहा कि हमने एक बार फिर साबित किया है कि कई संस्थागत भागीदारों के साथ जटिल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाले शोध विकसित करना व्यवहार्य है और इसका एक बड़ा परिवर्तनकारी प्रभाव है। इन नए दिशानिर्देशों से हजारों सबसे उपेक्षित लोगों के जीवन और उनकी देखभाल की गुणवत्ता में पर्याप्त वृद्धि होगी।

भारत में इस अध्ययन को एमएसएफ-स्पेन द्वारा वित्तीय समर्थन दिया गया था, जिसमें डीएनडीआई और नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल कार्यक्रम द्वारा दिया गया समर्थन शामिल था। इथियोपिया में किए गए अध्ययन को यूरोपीय संघ, जर्मन फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन (बीएमबीएफ) द्वारा केएफडब्ल्यू, एमएसएफ इंटरनेशनल, मेडिकोर फाउंडेशन, लिकटेंस्टीन, स्पेनिश एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोऑपरेशन और स्विस डेवलपमेंट कोऑपरेशन (एसडीसी) के माध्यम से आर्थिक रूप से समर्थन प्रदान किया गया था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



### अपना भविष्य अनलॉक करें

# विश्व प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर और कर्मिक उपचारक पूनम सेठी के साथ

लुधियाना । पंजाब का औद्योगिक शहर लुधियाना दिल्ली स्थित प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर और कर्मिक हीलर पूनम सेठी के आकर्षण का गवाह बनने के लिए तैयार है। आस्था हमेशा कट्टरपंथी विचारों से सामना करती है। फिर भी, भविष्य को समझने की इच्छा विश्वासियों और गैर-आस्तिकों में समान है। यह ज्योतिष, हस्तरेखा, कबला या टैरो हो - जो लोग भविष्य को अनलॉक करने का प्रयास करना चाहते है उन्हें पूनम सेठी ऐसा करने में मदद करती हैं।



पूर्व नियुक्ति के साथ केवल पूनम सेठी 11 और 12 जून 2022 को लुधियाना के होटल पार्क प्लाजा में परामर्श के लिए उपलब्ध होंगी। परामर्श दुष्ट नेत्र प्रभावों, 1-14 मुखी से बहुत शक्तिशाली और मूल रुद्राक्ष की माला के उपयोग पर सुझाव, सुझावात्मक इलाज और उपचार के साथ-साथ पेशे, रिश्तों, स्वास्थ्य, वित्त आदि से संबंधित आपकी सभी समस्याओं का समाधान के लिए होगा।

जो लोग उपचार शक्तियों में विश्वास करते हैं वे सबसे अधिक लाभान्वित होते हैं, इसलिए वह इसे विश्वास उपचार कहती है। वह मानती है कि किसी का जीवन पथ उसके अपने हाथों में है। लोगों की नियति हमेशा विकल्पों की एक श्रृंखला होती है और टैरो उन जीवन के निर्णयों को लेने में मदद कर सकता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचय कर सकता है और बदले में एक खुशहाल और पूर्ण जीवन बनाने में मदद करता है। टैरो एक प्राचीन विज्ञान है जिसकी उत्पत्ति रोम और मिस्र में हुई थी, कोई इन कार्डों की मूल बातें सिखा सकता है लेकिन अंतर्ज्ञान नहीं। हर कोई टैरो के साथ नहीं खेल सकता, हर किसी की छठी इंद्रिय होती है लेकिन कुछ के साथ यह अधिक विकसित होती है।

पूनम सेठी ने दुनिया भर के कई संस्थानों में फेंग शुई और टैरो कार्ड रीडिंग का अध्ययन किया है और व्यापक स्व-अध्ययन, अभ्यास और दृढ़ता के माध्यम से, लोगों को वर्तमान से भविष्य में सटीक रूप से मार्गदर्शन करने की कला में महारत हासिल की है। 34 से अधिक वर्षों की अवधि में, पूनम सेठी ने कई लोगों को ठीक किया है, जहां उनके ग्राहकों में बॉलीवुड अभिनेता, उद्योगपति, एचएनआई आदि शामिल हैं।

सेठी, द पावर ऑफ फेंग शुई किताब की लेखिका हैं, जो किसी के स्वास्थ्य, धन, रिश्तों और समृद्धि को बेहतर बनाने के लिए 90 व्यावहारिक और कुशल सुझाव प्रदान करती है। रीडिंग, हीलिंग और उपचार के अलावा, वह ऊर्जा संतुलन और रोजमर्रा के बुरे प्रभावों को नकारने के माध्यम से स्व-उपचार की तकनीक भी सिखाती है।

पूनम सेठी 11 और 12 जून 2022 को होटल पार्क प्लाजा, फिरोजपुर रोड, गुरदेव नगर, लुधियाना, पंजाब में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# यूपीएससी सीएसई परीक्षा में अनअकैडमी के 178 प्रतिभागियों ने सफलता प्राप्त की

चंडीगढ़ : भारत के सबसे बड़े शिक्षण मंच, अनअकैडमी ने आज घोषणा की कि यूपीएससी सीएसई 2021 के 685 रैंक धारकों में से 178 अनअकैडमीलर्नर्सहैं।अनअकैडमी के मंच से शीर्ष रैंक हासिल करने वालों में गामिनी सिंगला (ऑल इंडिया रैंक- 3), ऐश्वर्या वर्मा (ऑल इंडिया रैंक- 4), उत्कर्ष द्विवेदी (ऑल इंडिया रैंक- 5) और यक्ष चौधरी (ऑल इंडिया रैंक- 6) हैं। 3 शिक्षार्थियों ने 1-5 के बीच रैंक हासिल की है, 32 ने 6-100 के बीच रैंक हासिल की है और 143 ने 101-685 के बीच ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।178 रैंकर्स में से 45 लर्नर्स अनअकैडमी प्लस/ आइकोनिक सब्सक्राइबर थे, जिन्हें भारत के शीर्ष शिक्षकों द्वारा पढ़ाया गया था। अन्य रैंकर्स को यूपीएससी सीएसई 2021 साक्षात्कार के लिए अनअकैडमी के लास्ट माइल प्रोग्राम द्वारा निर्देशित किया गया था। लास्ट माइल प्रोग्राम यूपीएससी सीएसई परीक्षा के अंतिम चरण के लिए एक इंटरव्यू गाइडेंस प्रोग्राम है जो उन शिक्षार्थियों की मदद करता है जिन्होंने मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है तथा अब उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए पेश होना है। साक्षात्कार की तैयारी हेतु एक नकली सेट-अप तैयार किया जाता है जहां शिक्षार्थियों से सभी प्रश्न सेवानिवृत्त नौकरशाहों, पूर्व यूपीएससी सदस्यों और शीर्ष शिक्षकों द्वारा पूछे जाते हैं। पिछले साल के अनअकैडमी के इंटरव्यू गाइडेंस प्रोग्राम में 170+ रैंकर्स ने ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल करके इंटरव्यू स्टेज को क्वालिफाई किया।अनअकैडमी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए अग्रणी ऑनलाइन शिक्षण मंच है।

## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर बढ़ाने से बुधवार को मुम्बई शेयर बाजार गिरा है। इसी के साथ ही बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही। आरबीआई ने नीतिगत दर में 0.50 फीसदी की वृद्धि की है जिसके बाद बाजार नीचे आया है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी निकालने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 214.85 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 54,892.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 55,423.97 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद 54,683.30 अंक के निचले स्तर तक गिरा। वहीं पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 60.10 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी नीचे आकर 16,356.25 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई के रेपो दर बढ़ाने से मकान, वाहन और अन्य कर्ज की मासिक किस्त ईएमआई भी बढ़ेगी। सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा के शेयर गिरे हैं जबकि दूसरी ओर टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, डॉ. रेड्डीज, बजाज फाइनेंस, टीसीएस और टाइटन के शेयर लाभ में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार रेपो दर में 0.50 फीसदी की वृद्धि यह आरबीआई ने संदेश दिया है कि वह मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करना चाहता है। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन में शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरा है। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट रही।

### विश्वबैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 2.9 तिशत किया

वाशिंगटन, एजेंसी। विश्वबैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि दर के अपने अनुमान को घटा दिया है। इसका कारण रूस-यूक्रेन युद्ध, व्यापक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कमी की आशंका और निम्न वृद्धि दर के साथ ऊंची मुद्रास्फीति की स्थिति (स्टैगफ्लेशन) को लेकर चिंता है। बहुपक्षीय संस्थान ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर इस साल 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले साल 2021 के 5.7 प्रतिशत और इस साल जनवरी में जताये गए 4.1 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से कम है। विश्वबैंक ने कहा कि कई देशों में मंदी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। संस्थान वर्ष 2023 और 2024 में भी कोई अच्छी तस्वीर नहीं देख रहा। दोनों साल वैश्विक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। विश्वबैंक ने अमेरिका के लिये आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया है। जबकि जनवरी में इसके 3.7 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गई थी। वहीं पिछले साल 2021 में वृद्धि दर 5.7 प्रतिशत रही थी। यूरो मुद्रा वाले 19 सदस्यीय यूरोपीय देशों की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 2.5 प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि जनवरी में इसके 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। पिछले साल वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत थी। अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की आर्थिक वृद्धि दर इस साल 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है जबकि पिछले साल यह 8.1 प्रतिशत थी।

### अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करेंगे: दास

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता या नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। दास ने बुधवार को यहां मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि आगे चलकर महामारी की वजह से उपलब्ध कराई गई अत्यधिक तरलता को कई साल के समय में सामान्य स्तर पर लाया जाएगा। हालांकि, इसके साथ ही केंद्रीय बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज लेने के कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर ध्यान देगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को आधा प्रतिशत बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत करने का फैसला किया है।

### अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को रिलायंस के साथ लेन-देन से दूर रहने का नोटिस भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को एक नोटिस भेजकर कहा है कि वे रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह के साथ किसी भी तरह के लेनदेन का हिस्सा बनने से परहेज करें। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अमेजन के इस नोटिस में फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को रिलायंस समूह के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरह के लेनदेन से दूर रहने को कहा गया है। अमेजन ने यह नोटिस उन मीडिया रिपोर्टों के बाद भेजा है जिनमें कहा गया था कि फ्यूचर समूह अपनी आपूर्ति श्रृंखला एवं लॉजिस्टिक कारोबार की बिक्री के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ बातचीत कर रहा है। अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को पिछले छह जून को भेजे इस नोटिस में कहा है कि फ्यूचर ग्रुप और रिलायंस के बीच के समझौते को फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के लेनदारों ने खारिज कर दिया था लेकिन एफआरएल ने धोखाधड़ी और जटिल चाल के जरिये अपने 835 स्टोर पहले ही रिलायंस को सौंप दिए हैं।

# क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर दिया। इसके बाद नीतिगत दरें 4.40 फीसदी से बढ़कर 4.90 फीसदी हो गईं। इसके साथ ही दास ने क्रेडिट कार्ड और सहकारी बैंकों को लेकर भी बड़ी घोषणाएं की हैं। आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया है। गवर्नर दास ने कहा कि शुरूआत में रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जो उपयोगकताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा और डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में यूपीआई उपयोगकताओं के डेबिट कार्ड के माध्यम से बचत या चालू खातों को जोड़कर लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। आवास क्षेत्र में ऋण प्रवाह को गहरा करने के लिए आरबीआई ने आज सहकारी बैंकों के लिए घोषणाएं कीं।




गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि सहकारी बैंक अब व्यक्तिगत होम लोन के लिए अधिक उधार दे सकेंगे। यह आवासीय आवास क्षेत्र में बेहतर ऋण प्रवाह सुनिश्चित करेगा। दास ने कहा कि आवासीय आवास की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा को घर की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए 100 फीसदी से अधिक संशोधित किया जा रहा है।

# लागत से कई गुना ज्यादा मुनाफा, सिर्फ 5 साल में नीलगिरी की खेती से करोड़पति बन सकते हैं किसान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में बड़े पैमाने पर नीलगिरी यानी यूकेलिप्टस के पेड़ों की खेती की जाती है। इस पेड़ की सबसे खास बात है कि अन्य फसलों के मुकाबले इसमें मेहनत की आवश्यकता कम पड़ती है। इसके रखरखाव और देखभाल की खास जरूरत नहीं पड़ती। यूकेलिप्टिस के पेड़ की खेती को दुरुस्त तरीके से किया जाए तो बेहद कम समय में लाखों-करोड़ों का मुनाफा कमाया जा सकता है। नीलगिरी की खेती पूरे भारत में किसी भी जगह हो सकती है। पहाड़ी क्षेत्र हो या मैदान हर जगह इस पेड़ को लगाया जा सकता है। मौसम का भी इस पेड़ पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता।



विशेषज्ञों के अनुसार एक हेक्टेयर क्षेत्र में यूकेलिप्टस के 3000 हजार पौधे लगाए जा सकते हैं। इन पेड़ों को लगाने में ज्यादा से ज्यादा 30 हजार का निवेश करके लाखों का मुनाफा की चाह रखने वाले किसानों के लिए पेड़ लगाना फायदे का सौदा हो सकता है। नीलगिरी की लकड़ियां बेहद मजबूत मानी जाती हैं। पानी से भी ये लकड़ियां जल्दी खराब नहीं होती हैं। इनका इस्तेमाल पेटियां, ईंधन, हार्ड बोर्ड, फर्नीचर और पार्टिकल बोर्ड इत्यादि बनाने के लिए किया जाता है। यह पेड़ केवल 5 साल में अच्छी तरह से विकास कर लेता है। इसके बाद इनकी कटाई कर किसान अच्छा मुनाफा कमा सकता है। नीलगिरी के एक पेड़ से लगभग 400 किलो लकड़ी प्राप्त होती है। बाजार में यूकेलिप्टिस की लकड़ी 6-7 रुपए प्रति किलो के भाव से बिकती है। ऐसे में अगर हम एक हेक्टेयर में तीन हजार पेड़ लगाते हैं। तो आसानी से 72 लाख रुपए तक कमा सकते हैं।

# रूसी तेल के अधिक आयात से खुदरा तेल कंपनियों को होगा फायदाः रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी। बाजार कीमतों से काफी कम दाम पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात किए जाने से सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों फायदा होगा। निकट अवधि में उनकी वर्किंग कैपिटल की जरूरत में कमी आ सकती है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी के खुदरा बिक्री मूल्य में लागत के हिसाब से बदलाव नहीं किए हैं। वे ईंधन विपणन पर नुकसान उठाती हैं और इसकी भरपाई सस्ते रूसी कच्चे तेल के प्रसंस्करण से हासिल होने वाले उच्च रिफाइनरी मार्जिन से कर रही हैं। फिच ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि बढ़ती वैश्विक मांग और रिफाइंड उत्पादों के लिए आपूर्ति में कमी आने से रिफाइनिंग मार्जिन को समर्थन मिलता है और तेल कंपनियों के विपणन मार्जिन में क्रमिक सुधार होता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार कीमतों पर मिल रही खासी छूट पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात करना तेल विपणन कंपनियों के लिए निकट अवधि की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को कम कर सकता है।



रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें मध्यम अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप रहेंगी। इससे तेल विपणन कंपनियों के विपणन मार्जिन में वित्त वर्ष 2022-23 के बाकी समय में धीरे-धीरे सुधार होना चाहिए, भले ही यह सामान्य स्तर से कम हो कच्चे तेल की कीमत 84 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर मार्च की शुरूआत में 14 साल के उच्च स्तर 139 डॉलर पर पहुंच गई थीं। हालांकि बाद में इसमें धीरे-धीरे कुछ गिरावट आई और इस समय यह 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कीमतें 120 डॉलर के ऊपर जाती हैं और ग्लोबल परिस्थितयां नहीं सुधरती हैं तो क्रूड और महंगा हो सकता है। ऐसी स्थिति में फिर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं।

# जिंदल स्टेनलेस ने केमटेक वर्ल्ड एक्सपो में भाग लिया

हिसार। जिंदल स्टेनलेस ने जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किए जा रहे केमटेक वर्ल्ड एक्सपो 2022 के 30वें संस्करण में भाग लिया। वैश्विक रासायनिक और फार्मा प्रसंस्करण उद्योगों के पेशेवरों के सबसे बड़े सम्मेलन में जिंदल स्टेनलेस ने कांस्य प्रायोजक के रूप में हिस्सा लिया और अपने विशिष्ट स्टेनलेस स्टील उत्पादों का प्रदर्शन किया। इनमें लीन डुप्लेक्स, डुप्लेक्स और सुपर डुप्लेक्स, सुपर ऑस्टेनिटिक और अन्य नए उत्पाद जैसे चेकर्ड शीट, हॉट-रोल बॉन्डेड क्लैड प्लेट्स और 316 एफ मशीनी स्टेनलेस स्टील ग्रेड जैसे महत्वपूर्ण एप्लिकेशन ग्रेड शामिल थे। इनका उपयोग आम तौर पर परमाणु ऊर्जा उत्पादन, थर्मल पावर उत्पादन, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन, इथेनॉल, जैव-ईंधन, पल्प और पेपर, उर्वरक, जल उपचार, पेट्रोकेमिकल्स और तेल और गैस उद्योगों में किया जाता है। भारत में, स्टेनलेस स्टील प्रसंस्करण उद्योग का बाजार लगभग 50,000 मीट्रिक टन प्रति माह का है, जिसमें जिंदल स्टेनलेस की हिस्सेदारी लगभग 65 प्रतिशत है।

जिंदल स्टेनलेस के निदेशक, श्री तरुण खुल्बे ने कहा कि प्रसंस्करण उद्योग एक महत्वपूर्ण, विनिर्देश-आधारित और प्रौद्योगिकी-गहन क्षेत्र है। जिंदल स्टेनलेस इस क्षेत्र में विशेष स्टेनलेस स्टील ग्रेड की आपूर्ति करता आया है। इस साल के एक्सपो में हमारी थीम वन-स्टॉप-शॉप फॉर एनीथिंग स्टेनलेस है। स्टेनलेस स्टील उद्योग में 50 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, हमारे पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को अनुकूलित एवं अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने की विशेषज्ञता और क्षमता है। हम एक आत्मनिर्भर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कंपनी ने अन्य प्रमुख प्रतिभागियों जैसे एलएंडटी, बर्जर, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज आदि के साथ पैनल चर्चा में भी भाग लिया। प्रसंस्करण उद्योग में जंग से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी और सामग्री चयन पर विचार-विमर्श किया गया। जिंदल स्टेनलेस ने हाइड्रोजन, इथेनॉल, मेथनॉल आदि सहित, नए नवीन अनुप्रयोगों के लिए स्टेनलेस स्टील का उपयोग करते हुए स्थायी समाधान विकसित करने पर जोर दिया। जिंदल स्टेनलेस के विश्व-स्तर पर प्रमाणित उत्पादों की आपूर्ति दुनिया-भर के मुख्य प्रसंस्करण उद्योग प्रयोगों के लिए की जाती है।

# गौतम अडानी मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर को खरीदने की तैयारी में

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े अमीर कारोबारी गौतम अडानी स्वास्थ्य सेवाओं में भी एकाधिकार की तैयारी में हैं। अडानी ग्रुप इसके लिए कई बड़े अस्पतालों, डायग्नॉस्टिक चेन और ऑनलाइन तथा डिजिटल फामेर्सी के अधिग्रहण की योजना बना रहा है। इनमें डायग्नोस्टिक चेन मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड में मैज्योरिटी स्टेक भी शामिल है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अडानी ग्रुप और अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने की संभावनाएं तलाश रही हैं।

अडानी ग्रुप ने हाल में हेल्थकेयर सेक्टर में उतरने की घोषणा की थी। ग्रुप ने इसके लिए एक नई कंपनी अडानी हेल्थ वेंचर्स लि (एएचवीएल) का गठन किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उतरने के लिए समूह की कई बड़ी कंपनियों के साथ बात चल रही है। अडानी ग्रुप स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में चार अरब डॉलर का निवेश कर सकता है। अडानी ग्रुप और पीरामल हेल्थकेयर सार्वजनिक क्षेत्र की फार्मास्यूटिकल कंपनी एचएलएल हेल्थकेयर लिमिटेड को खरीदने की होड़ में भी हैं। सरकार ने दिसंबर, 2021 को कंपनी में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की इकाइयों को बेचने का फैसला किया था।

सूत्रों के मुताबिक मेट्रोपोलिस के साथ डील एक अरब डॉलर की हो सकती है। मेट्रोपोलिस की शुरूआत 1980 के दशक में हुई थी और इसका कामकाज 19 राज्यों में फैला है। खासकर देश के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों में इसकी मजबूत उपस्थिति है।



**हमीरपुर : आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 62 स्कूलों में वर्षा जल संचयन की स्थापना की। आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर पहल के तहत, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ ने हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के 62 स्कूलों में वर्षा जल संचयन इकाइयां स्थापित की हैं। लगभग 62 लाख लीटर प्रति वर्ष संचयन की संयुक्त क्षमता वाली ये इकाइयाँ छात्रों और ग्रामीणों को समान रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएंगी। श्री. अनुराग ठाकुर, माननीय खेल मंत्री, युवा मामले और सूचना और प्रसारण मंत्री, भारत सरकार ने आज इन इकाइयों का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री अविजीत साहा, अध्यक्ष, आईसीआईसीआई फाउंडेशन और श्री अनुज अग्रवाल, मुख्य परिचालन अधिकारी, आईसीआईसीआई फाउंडेशन उपस्थित थे।**

# अपोलो फर्टिलिटी द्वारा दिल्ली के लाजपत नगर में एक अत्याधुनिक आईवीएफ केंद्र की शुरूआत

दिल्ली,जून 2022ः - निसंतान दंपति को आईवीएफ उपचार फायदेमंद साबित हो रहे हैं। प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ जोडों के लिए आईवीएफ आशा का नया किरण है। इसे देखकर अपोलो हेल्थ एंड लाइफस्टाइल औ▪ अपोलो हॉस्पिटल्स समूह द्वारा अपोलो फर्टिलिटी ने दिल्ली के लाजपत नगर में अपना १७ वां सबसे बडा आईवीएफ केंद्र शुरू किया हैं। इस केंद्र के उद्घाटन अवसर पर कृति गर्ग (आईएएस) उपायुक्त पश्चिम दिल्ली डॉ. अश्वानी कुमार (आईएएस), शिविंग्स फाउंडेशन संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज, अपोलो फर्टिलिटी सीओओ अनुभव प्रशांत, वरिष्ठ सलाहकार प्रजनन चिकित्सा और आईवीएफ डॉ. श्वेता गुप्ता उपस्थित थे।

८५०० स्वेअर फिट की जगह यह लॅब बनाई गयी है। यह क्लास १०० ओटी और लैमिनार वायु प्रवाह के साथ पहली आईवीएफ प्रयोगशाला में से एक होगी जो भ्रूण के लिए बेहतर स्वच्छ हवा प्रदान करेगी। अब तक ६००० आईवीएफ केसेस देखे हैं। इस केंद्र में एक प्रशिक्षित टीम यहां विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करेगी।

अपोलो फर्टिलिटी के सीनियर कंसल्टेंट रिप्रोडक्टिव मेडिसिन और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा, ह्लपिछले कुछ वर्षों में, इनफर्टिलिटी की समस्या युवा जोडों में बढती दिखाई दे रही हैं। कई युवा जोड़ों के बीच सबसे आम स्वास्थ्य समस्याओं में से एक के रूप में उभरा है। गतिहीन जीवन शैली, तनाव, अनियमित नींद पैटर्न, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान और शराब भारत में इनफर्टिलिटी के बढ़ने का मुख्य कारण हैं। द इंडियन सोसाइटी ऑफ असिस्टेड रिप्रोडक्शन के अनुसार, बांझपन वर्तमान में भारतीय आबादी का लगभग १० से १४ प्रतिशत प्रभावित करता है, शहरी क्षेत्रों में उच्च दर के साथ, जहां छह में से एक जोड़ा प्रभावित होता है।

डॉ. गुप्ता ने आगे कहां की, ह्लकई जोड़े जो एक परिवार शुरू करना चाहते हैं और गर्भ धारण करने में असमर्थ हैं वे मनोवैज्ञानिक और पारस्परिक संकट का अनुभव करते हैं जो उनके जीवन की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। लेकिन दवाओं और आईवीएफ जैसी प्रक्रिया इनफर्टिलिटी पर उपचार और गभार्धारणा करने में मदत कर सकता हैं।

अपोलो फर्टिलिटी सीओओ अनुभव प्रशांत ने कहॉ की, ह्लइस केंद्र द्वारा एक ही छत के निचे आईयूआई, आईवीएफ आईसीएसआई, हिस्टेरोस्कोपी, पीजीएस और पीजीडी सहित लैप्रोस्कोपिक सर्जरी और अत्याधुनिक एआरटी उपचार से लेकर सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।ह्व

अपोलो हेल्थ एंड लाइफस्टाइल लिमिटेड के सीईओ चंद्रशेखर सी ने कहॉ की, ह्ललाजपत नगर में सबसे बड़े अत्याधुनिक फर्टिलिटी सेंटर को लॉन्च करते हुए बेहद खुश हैं। भारत में बांझपन की समस्या बढती जा रही हैं। ऐसे में निसंतान दंपतीओं को गर्भधारणा के लिए गुणात्मक उपचार प्रदान करने के लिए हम कोशिश कर रहे हैं। पिछले ६ महीनों में कोलकाता, नोएडा, मुंबई, सोलापुर और हैदराबाद में आईवीएफ केंद्र शुरू करने के बाद अब दिल्ली में आईवीएफ केंद्र शुरू किया हैं।

गर्भधारणा करने की कोशिश करने वाले निसंतान जोडों के लिए यह अत्याधुनिक केंद्र वरदान साबित होगा। अपोलो भारत में सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर ब्रांड है, और हमें उम्मीद है कि हमारी फर्टिलिटी सेवाएं इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण इनफर्टिलिटी पर उपचार प्रदान करेंगी। अपोलो फर्टिलिटी, भारत भर के 8 शहरों में अपनी मजबूत बनाने और विस्तार करने की योजना बना रही है।

अपोलो फर्टिलिटी भारत भर के ११ शहरों में अपना विस्तार किया हैं। जैसे में अब प्रजनन चिकित्सा के प्रति देश के अन्य हिस्सों में अत्याधुनिक उपचार पहोचाने के लिए अब विभिन्न योजना का तेजी से विस्तार करने का प्रयास कर रहा है।

गर्भधारण करने की कोशिश करने वाले दंपतिओ के लिए अपोलो फर्टिलिटीद्वारा दिल्ली में लाजपत नगर आईवीएफ केंद्र शुरू किया हैं।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा पहला टी20



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम गुरुवार को यहां मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी। इस मैच में भारतीय टीम युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल की कप्तानी में उतरेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम ने नियमित कप्तान रोहित शर्मा , अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह व मो शमी को आराम दिया है। ऐसे में इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए भी यह सीरीज अहम मानी जा रही है। इस सीरीज में भारतीय टीम नये और अनुभवी खिलाड़ियों की क्षमता को आंकने का प्रयास भी करेगी। भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है क्योंकि उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिलेगा। भारतीय टीम पिछले कुछ समय से अच्छी लय में है उसने लगातार 12 मैच जीते हैं और वह लगातार 13वां टी20 जीतकर नया रिकॉर्ड बनाने का भी प्रयास करेगी। वहीं मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का लक्ष्य इस सीरीज में टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना व अक्टूबर में होने वाले विश्व कप के लिये टीम तैयार करना होगा।

इस मैच में भारतीय टीम प्रबंधन के लिए सलामी जोड़ीदार के तौर पर रुतुराज गायकवाड़ और इशान किशन में से किसी एक का चयन करना कठिन होगा। यह दोनों ही आईपीएल में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव के नहीं होने के कारण तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। वहीं अच्छी फॉर्म में चल रहे दीपक हुड्डा को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। आईपीएल में दीपक ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं गेंदबाजी में युवा अर्शदीप सिंह को अवसर मिल सकता है।

दूसरी ओर तेंबा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों पर रन बनाने की जिम्मेदारी रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान कगिसो रबाडा, लुंगी एनडिगी, एनरिक नॉर्किया जैसे खिलाड़ियों पर रहेगी।

दोनो ही टीमें इस प्राकर हैं :

भारतीय टीमः लोकेश राहुल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान-विकेटकीपर), दिनेशकार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

दक्षिण अफ्रीका की टीमः तेंबा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनडिगी, एनरिक नॉर्किया, वेन पर्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डर डुसेन और मार्को यानसेन।

## टी-20 में दक्षिण अफ्रीका पर हमेशा भारी पड़ी है भारतीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। यहां गुरुवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी , जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में इस मैच में लोकेश राहुल की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम में कई युवा खिलाड़ियों उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह को अवसर मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि टी-20 में वह हमेशा ही दक्षिण अफ्रीकी टीम पर भारी पड़ी है।

दोनो ही टीमों के बीच अब तक कुल 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। इसमें से भारत ने 9 और दक्षिण अफ्रीका ने 6 मुकाबले जीते हैं। इस दौरान दोनों ही टीमों के बीच कोई भी मैच टाई या परिणाम रहित नहीं रहा। इससे साफ है कि टी-20 सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब तक 6 बार टी-20 सीरीज खेली गई है। इसमें से भारतीय टीम ने चार बार दक्षिण अफ्रीका को हराया है जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम ने एक बार जीत हासिल की है। जबकि एक सीरीज सीरीज ड्रॉ रही। यह पहली बार है जब दोनो के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी।

टी-20 में दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा स्कोर की बात करें तो इसमें दक्षिण अफ्रीकी टीम ने बाजी मारी है। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ टी-20 मैचों में 2 बार 200 से ज्यादा रन बनाये हैं। जोहान्सबर्ग में खेले गए एक मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 219 रन बनाए थे। वहीं धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 3 विकेट पर 200 रन बनाए थे। भारतीय टीम केवल एक बार ही 200 रनों से ऊपर गयी हैं।

भारत की तरफ से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में सबसे ज्यादा 362 रन रोहित शर्मा ने बनाए हैं। उनके अलावा सुरेश रैना ने 339, विराट कोहली ने 254, शिखर धवन ने 233 और महेन्द्र सिंह धोनी ने 204 रन बनाए हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की ओर से भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 295 रन जेपी डुमिनी ने बनाए हैं। एबी डिवीलियर्स ने 208, फरहान बेहरदीन ने 146, फॉफ डुप्लेसी ने 143 और जैक्स कैलिस ने 140 रन बनाए हैं। इनमें से कोई भी खिलाड़ी अब टीम में नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिताली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



नई दिल्ली, एजेंसी। महिला क्रिकेट की शीर्ष खिलाड़ियों में से एक भारतीय एकदिसीय और टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। मिताली ने अपने दो दशक से अधिक लंबे क्रिकेट करियर में कई अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। मिताली ने साल 1999 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था उसके बाद से ही वह लगातार खेलती रही हैं। इस प्रकार उन्होंने 23 साल भारत की ओर से खेला है। यह महिला क्रिकेट में एक रिकार्ड है। संन्यास की घोषणा करते हुए मिताली ने कहा, इतने साल से आपके प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। अब मैं अपनी दूसरी पारी के लिए आपका आशीर्वाद और सहयोग चाहूंगी। मिताली ने साथ ही कहा, हर सफर की तरह ही मेरे क्रिकेट करियर का भी कहीं न कहीं अंत होना ही था। मैं आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के हर प्रारुप को अलविदा कह रही हूं। मैं मन में हमेशा भारतीय टीम को जिताने का इरादा लेकर उतरती हूं। मुझे जिस प्रकार भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करने का मौका मिला, उसे मैं हमेशा ही याद रखूंगी। मुझे लगता है कि अब मेरे संन्यास का सही समय आ गया है क्योंकि कई युवा खिलाड़ी अवसर का इंतजार कर रहीं हैं। भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।

### कोच पर आरोपों के बाद साइ ने भारतीय साइकिल टीम को वापस बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने स्लोवेनिया गयी भारतीय साइकिल टीम को वापस बुला लिया है क्योंकि एक महिला साइकिल चालक ने मुख्य कोच आर के शर्मा पर आपत्तिजनक व्यवहार का आरोप लगाया था। भारतीय टीम प्रशिक्षण के साथ ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये स्लोवेनिया गयी थी। इस टीम में पांच पुरुष और एक महिला साइकिल चालक शामिल हैं और तय कार्यक्रम के अनुसार उन्हें 14 जून को स्लोवेनिया से वापस लौटना था। साइ ने आरोप लगाने वाली साइकिल चालक को पहले ही वापस बुला लिया था। साथ ही इस मामले की जांच के लिये एक समिति भी गठित कर दी थी। वहीं इस मामले को लेकर भारतीय साइकिल महासंघ (सीएफआई) के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि विवाद को देखते हुए साइ ने वर्तमान दौरे को बीच में ही समाप्त करने का फैसला किया है। साथ ही कहा, ह्यह्यसाइ के अधिकारी ने आज सुबह सीएफआई को बताया कि कोच शर्मा सहित पूरे दल को स्लोवेनिया से तत्काल वापस बुलाया जाएगा।ह्वह्व वहीं कोच से भी कहा है कि वह तत्काल वापस लौटें।

### हार्दिक गेंद और बल्ले दोनों से एक अच्छे खिलाड़ी : द्रविड़

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में हार्दिक पंड्या फिनिशर की भूमिका निभाएंगे। द्रविड़ ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि पंड्या तीन या चार नंबर पर बल्लेबाजी करें। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हार्दिक गेंद और बल्ले दोनों से एक अच्छे खिलाड़ी हैं। हमने पहले भी उन्हें हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखा है। वह एकदिवसीय मुकाबलों के अलावा आईपीएल में वो शानदार फॉर्म में दिखे हैं। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है कि हमारे पास हार्दिक जैसी खूबियों वाले खिलाड़ी हैं। वहीं बल्लेबाजी क्रम को लेकर कोच ने कहा, मैं मैच के शुरू होने से पहले क्रम का खुलासा नहीं करने जा रहा हूं पर सामान्य तौर पर, कभी-कभी आप अपनी फ्रेंचाइजी के लिए जो भूमिका निभाते हैं, वह उस भूमिका के जैसी ही हो जाती है जो आप राष्ट्रीय टीम के लिए निभाते हैं। वहीं कभी-कभी आपको टीम के हिसाब से अपनी भूमिका बदलनी पड़ती है। यह हार्दिक ही नहीं सभी खिलाड़ियों के लिए है, अपनी फ्रेंचाइजी के लिए उन्होंने जो भूमिकाएं निभाईं हैं, वो उस भूमिका से अलग हो सकती है, जिसकी हम अपने टीम संयोजन के आधार पर उम्मीद कर रहे हैं।

## हार्दिक पंड्या ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा, वह हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहते : गैरी कर्स्टन


मुंबई, एजेंसी। भारत के विश्व कप विजेता कोच गैरी कर्स्टन ने पहली ही बार में गुजरात टाइटंस को आईपीएल का खिताब दिला दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनके मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा हैं। आईपीएल विजेता बनते ही पंड्या की जिंदगी बदल गई, जो लोग उनकी आलोचना कर रहे थे वे अब तारीफ करते नहीं थकते हैं। गैरी कर्स्टन ने कहा, मैं हार्दिक पांड्या से प्रभावित हुआ हूं। उन्हें पहले से अच्छी तरह से नहीं जानता था। वह यह क्रिकेटर हैं, जो सहज रूप से खेलते हैं और खेल को आगे बढ़ाते हैं। वह हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहते हैं। वह अपने खिलाड़ियों को सुधारना और समझना चाहते हैं। कर्स्टन ने बताया कि पंड्या की अगुवाई वाली टाइटंस ने 2022 आईपीएल चैंपियन बनने के लिए हर मोर्चे पर जबरदस्त प्रदर्शन किया।

कर्स्टन ने कहा, वह एक शानदार क्रिकेटर हैं, लेकिन जो चीज उन्हें सबसे अलग करती है, वह सीखने की उत्सुकता है। वह उन सीखने की चाह रखने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। हमने देखा है कि कैसे नेतृत्व उनके अंदर स्वाभाविक रूप से आया है ह्व पंड्या टाइटंस के लिए 15 पारियों में 487 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और आठ विकेट लेकर तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। कर्स्टन ने कहा, वह एक प्रभावशाली खिलाड़ी हैं, जो आपके लिए गेम जीत सकता है। वह टी-20 में सबसे बड़े फिनिशरों में से एक हैं ह्व कप्तान के रूप में अपने पहले सीजन में पीठ की चोट से उबरने और हाल ही में टी 20 विश्व कप के भूत को पीछे छोड़ते हुए पंड्या ने जिम्मेदारी ली और साबित करके दिखाया। कर्स्टन ने कहा, ह्ययह उनका शानदार गुण है। वह आकर्षक हैं और खिलाड़ियों को समझने की कोशिश करते हैं, ताकि अपने साथियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकें।'




क्रीटेरियम डयू डयूफाइन में एक प्रतियोगी वाउट वेन अलर्ट जीत के बाद उत्साहित होकर खुशी व्यक्त करते हुए।

## धोनी सा ठहराव और आत्मविश्वास अपने भीतर लाना चाहते हैं प्रिटोरियस



मुंबई, एजेंसी। भारत के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला की तैयारी में जुटे दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला ड्वेन प्रिटोरियस ने कहा कि वह भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसा ठहराव और आत्मविश्वास अपने भीतर लाना चाहते हैं। प्रिटोरियस ने इस साल आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पदार्पण किया। उन्होंने छह मैचों में 44 रन बनाए और छह विकेट लिए। भले ही उन्हें ज्यादा मैच खेलने के मौके नहीं मिले लेकिन उन्होंने कहा कि धोनी के साथ खेलकर उन्होंने काफी कुछ सीखा।

उन्होंने कहा, अपना पहला आईपीएल खेलना अच्छा अनुभव था। यह काफी समय से मेरा सपना था और सीएसके जैसी कामयाब टीम के साथ खेलने के मौके का मैंने पूरा मजा लिया। एक खिलाड़ी के तौर पर काफी जिम्मेदारियां मिलती हैं। उन्होंने कहा धोनी की कप्तानी में खेलने में और उनके साथ बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आया। भारत में वह बहुत बड़ा ब्रांड है, भारतीय क्रिकेट के लिए उसने कितना कुछ किया है। यह सब देखना अच्छा अनुभव रहा। प्रिटोरियस ने कहा, सबसे बड़ी बात जो मैने उनसे सीखी है, वह मैदान पर शांतचित्त बने रहना है। वह कैसे खुद पर से दबाव हटाकर गेंदबाज पर डाल देते हैं। उन्होंने मुझे यह महसूस कराया कि डैथ ओवरों में असल में गेंदबाज दबाव में रहते हैं। धोनी बहुत ज्यादा रोमांचित नहीं होते और हमेशा आशावादी रहते हैं।

उन्होंने कहा, वह मानते हैं कि वह कुछ भी कर सकते हैं। उनके जैसा ठहराव और आत्मविश्वास मैं भी अपने खेल में देखना चाहता हूं। भारत के खिलाफ श्रृंखला के बारे में उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के लिए टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका होगा। इसके साथ ही भारतीय टीम के कमजोर और मजबूत पक्षों को जानने का भी मौका मिलेगा। आईसीसी टी20 विश्व कप आस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच होगा।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका पहले टी20 में खिलाड़ियों को गरमी से जूझना पड़ेगा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार को यहां होने वाले पहले टी20 क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों को तेज गरमी से भी जूझना पड़ेगा। दिल्ली में बीते कुछ दिन से पारा लगातार ऊपर जा रहा है। यहां तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी दिल्ली में दिन के समय तापमान 42 डिग्री तक रह सकता है जबकि शाम के समय तापमान 34 डिग्री के आसपास रहेगा और हवा 20 किलोमीटर की रफ्तार से चलेगी। यह मैच शाम को 7 बजे से खेला जाएगा पर इसके बाद भी खिलाड़ियों को गरमी से शायद ही राहत मिले।

तेज गरमी के कारण पिच सूखी होने से बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं रहेगा। पिछले इतिहास पर नजर डालें तो यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का औसत स्कोर 155 के आसपास रहा है। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए यह औसत गिरकर 145 हो जाता है। इस मैदान पर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में केवल एक बार ही 200 से अधिक रन बने हैं। भारत ने साल 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 202 रन बनाए थे और मुकाबला 53 रन से जीता था। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल दो अवसरों पर ही 160 रन से ज्यादा बना पाई है। ऐसे में 160 रन से ऊपर के लक्ष्य का पीछा करना इस पिच पर आसान नहीं होता है। इसके अलावा, पहले बल्लेबाजी करने वाली और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने यहां बराबर मैच जीते हैं। इससे पता चलता है कि टॉस की भूमिका निर्णायक नहीं होती है। इस मैदान पर सबसे अधिक विकेट लेने वाले शीर्ष-10 गेंदबाजों में से 6 स्पिनर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया



कोलंबो, एजेंसी। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मुकाबले में मेजबान श्रीलंकाई टीम को 10 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.3 ओवर में 128 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद जीत के लिए मिले 129 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बिना किसी नुकसान के 14 ओवरों में ही हासिल कर लिया। डेविड वॉर्नर 70 और कप्तान आरोन फिंच 61 बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मेजबान टीम की शुरूआत ठीक रही पर सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद पारी लड़खड़ा गयी। श्रीलंकाई टीम की ओर चरित असालंका ने सबसे अधिक 38 रन बनाए। वहीं उनके जोड़ीदार पाथुम निसांका ने 36 और गुणतिलका ने 26 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने केवल 16 रन देकर 4 विकेट लिये जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। इसके अलवा केन रिचर्ड्सन ने भी 1 विकेट लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गयी है।

## युजवेंद्र चहल का पहला प्यार क्रिकेट, पत्नी धनश्री ने किया खुलासा




मुंबई, एजेंसी। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के दौरान राजस्थान रॉयल्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया। चहल ने 17 मैचों में कुल 27 विकेट हासिल कर प्रतिष्ठित पर्पल कैप भी जीती। चहल ने आईपीएल 2022 में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पांच विकेट लिए और हैट्रिक भी ली। भारतीय स्पिनर अपने खेल का आनंद लेना चाहता है और खेल के दौरान हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कान रखते है। वहीं चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने बताया कि उनका पहला प्यार कौन है।

धनश्री ने कहा, यूजी एक बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति है, बहुत ईमानदार, और वह क्रिकेट से प्यार करता है। उनका पहला प्यार क्रिकेट है, इसलिए उनके साथियों के आसपास इस माहौल में रहना उनके हमेशा मुस्कुराते रहने और एक सुंदर मुस्कान का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आपको संतुलन बनाने की जरूरत है। बेशक, वातावरण बहुत गर्म और मैत्रीपूर्ण है, लेकिन यह तनावपूर्ण हो जाता है। तब आपको इसके साथ रहना होगा। इसलिए युजी हर समय युजी है।

धनश्री ने खुद तनाव से निपटने के बारे में बताया कि आईपीएल, वनडे या किसी अन्य खेल को देखने के दौरान दर्शक की तुलना में वह बहुत तनाव महसूस करती हैं। उन्होंने कहा, अब तक हर कोई यह जानता है कि मैं अत्यधिक अभिव्यंजक हूं। जब लोग आईपीएल, टेस्ट या वनडे जैसे किसी भी खेल को देखने आते हैं, तो उन्हें तनाव होता है क्योंकि वे एक टीम का समर्थन करते हैं। आप स्पष्ट रूप से चाहते हैं कि आपकी टीम अच्छा प्रदर्शन करे। यह अब हमारा जीवन है और हमें इसे इस तरह से संरक्षित करना होगा कि यह उतना तनावपूर्ण न हो जितना दिखता है।

## 47 साल पहले 7 जून 1975 को हुई थी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत, अब होने लगे 3 प्रकार के बड़े आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के लिए क्रिकेट एक धर्म की तरह हो गया है और आज 7 जून का दिन बेहद ही खास है। 47 साल पहले आज ही के दिन 7 जून 1975 को पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत की गई थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इसके बाद से क्रिकेट में नए फॉर्मेट को शामिल किया और अब नए टूनार्मेंट भी हो रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2007 में शुरू हुआ। यह खेल का सबसे छोटा फॉर्मेट है। वहीं खेल के सबसे पुराने फॉर्मेट टेस्ट को रोमांचक बनाने के लिए अब इसका भी वर्ल्ड कप यानी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का मुकाबला खेला जा रहा है। यानी अभी वर्ल्ड कप के 50 साल भी पूरे नहीं हुए और इसने काफी कुछ बदलाव देख लिया। आइए हम आपको विस्तार से इसके इतिहास के बारे में जानकारी देते हैं।

क्रिकेट के पहले 2 वर्ल्ड कप 1975 और 1979 को इंग्लैंड में कराए गए और दोनों ही बार वेस्टइंडीज की टीम चैंपियन बनी। इसके बाद आज तक वह वनडे वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत सकी है। यानी 43 साल से विंडीज टीम को इस खिताब का इंतजार है। 1983 में इंग्लैंड और वेल्स में संयुक्त रूप से इसे आयोजित किया गया। खिताबी मुकाबले में कपिल देव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर इतिहास रचा और पहली बार टाइटल अपने नाम किया। वर्ल्ड कप के पहले सीजन में 8 टीमों के बीच कुल 15 मुकाबले खेले गए थे। वहीं 2019 में हुए अंतिम सीजन में 10 टीमों के बीच 48 मुकाबले हुए।

वनडे वर्ल्ड कप के पहले 3 सीजन 60 ओवर के खेले गए। यानी हर पारी में 60 ओवर होता था। 1987 से इसे घटाकर 50 ओवर का कर दिया गया, जो आज भी जारी है। वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास को देखें, तो अब तक कुल 20 टीमें इसमें उतर चुकी हैं। लेकिन सिर्फ 6 ही टीमें कम से कम एक खिताब जीतने में सफल हुई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम टूनार्मेंट की सबसे सफल टीम है। उसने 5 बार टाइटल जीता है। वेस्टइंडीज और भारत ने 2-2 बार फाइनल जीता। वहीं पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड की टीमें एक-एक बार ऐसा कर चुकी हैं। टी20 आज क्रिकेट का सबसे पसंदीदा फॉर्मेट बन चुका है। आज सभी बड़े देश अपने यहां टी20 लीग आयोजित कर रहे हैं। आईसीसी ने 2007 से टी20 वर्ल्ड कप की शुरूआत की। टीम इंडिया ने पहले सीजन का खिताब जीता था। अब तक कुल 7 सीजन के मुकाबले खेले जा चुके हैं और 6 टीमें यहां भी चैंपियन बन चुकी हैं। वेस्टइंडीज ने 2 बार इसका भी खिताब जीता है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें भी एक-एक बार चैंपियन बन चुकी हैं। टी20 लीग के 8वें सीजन का आयोजन इसी साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होना है।

## उमरान को करना पड़ेगा इंतजार , हर कोई अंतिम एकादश में नहीं हो सकता : द्रविड़



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि वह निरंतरता पर भरोसा करते हैं। द्रविड़ ने कहा कि हमारे पास बड़ी टीम है और हर कोई अंतिम एकादश में नहीं हो सकता। ह्व उन्होंने कहा, ह्यमुझे निरंतरता पसंद है और मैं लोगों को समय देने में विश्वास करता हूं. द्रविड़ के इस बयान से साफ है कि आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार से सबका ध्यान खींचने वाले युवा युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को टीम में अवसर के लिए अभी इंतजार करना होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार से 5 मैचों की टी20 सीरीज शुरू रही है जिसमें उमरान को अवसर मिलने की अटकलें लगीं थी। उमरान ने आईपीएल सत्र के 4 मैचों में कुल 22 विकेट लिए हैं। वह अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे हैं।

वहीं द्रविड़ का मानना है कि अभी उनके पास हर्षल पटेल , भुवनेश्वर कुमार और आवेश खान जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। इन्होंने पिछली सीरीज में भी खेला था। उन्होंने कहा कि टीम में युवा खिलाड़ियों का भी होना अच्छी बात है इससे पूल बड़ा होता है और ज्यादा विकल्प मिलते हैं पर सभी को एक-साथ अवसर नहीं दिया जा सकता क्योंकि वह हर किसी खिलाड़ी को पर्याप्त समय देना चाहते हैं हालांकि उन्होंने उमरान की तारीफ करते हुए कहा, ह्यवह काफी तेज गेंदबाजी करते हैं। आईपीएल में भारतीय गेंदबाजों को इतनी तेज गेंदबाजी करते देखना अच्छा लगता है।

# पुरुषों के लिए हेयर ऑयल

पसीनें की वजह न सिर्फ त्वचा की नमी और चमक जाने लगती है। पसीने और चिपचिपाहट की वजह से बाल भी रुखे और बेजान लगने लगते हैं। खासकर पुरुषों के साथ यह समस्या बहुत ज्यादा होती हैं। इसलिए कई पुरुष गर्मी आते ही तेल लगाना छोड़ देते हैं, मौसम बदलते ही तेल लगाना न छोड़े अपने बालों के अनुसार तेल चुने और लगाएं। इससे बालों को पोषण मिलने के साथ ही गर्मी में आपको सुकून मिलेगा। आइए जानते है कि पुरुषों को अपने बालों के अनुसार कौनसा तेल लगाना चाहिए।



### जोजोबा ऑयल

सूखे और डेमेज्ड हेयर के लिए जोजोबा ऑयल सूखे और डेमेज्ड, ड्रेंडफ से भरे हुए बालों को सही करने का काम करता है। यह एक तरह से नॉन स्टिकी और नॉन ग्रीसी ऑयल होता है, यह बालों में सीरम की तरह काम करता है। इसमें मौजूद एंटीबैक्टिरियल गुण मौजूद होते हैं जो बालों के जड़ों में अवशोषित होकर जड़ों को रिपेयर करने का काम भी करते हैं।

### नारियल का तेल

सभी तरह के बालों के लिए नारियल का तेल हमारे देश में मुख्यत यूज में लिया जाता है। यह बहु उद्देश्यी तेल है जो कि हर तरह का बालों में लगाया जा सकता है। यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने के साथ ही यह आपके जड़ों में से ड्रेंडफ हटाने के अलावा बालों को पोषण देने के साथ ही चमकदार बनाता है।



### ऑलिव ऑयल

सेंसिटिव बालों के लिए यह एक तरह से बालों के लिए बहुत ही अच्छा कंडीश्नर है। यह कभी भी बालों में किसी तरह का एर्लीजिक रिएक्शन को नहीं बढ़ाता है। यह हर तरह के सेंसेटिव बालों में सूट हो जाता है। यह जड़ों को हेल्दी बनाए रखता हैं।



# आईलाइनर को स्मज होने से बचाएं

आईलाइनर आंखों की खूबसूरती बढ़ाने का काम करता है। इससे आंखें और भी बड़ी व अट्रैक्टिव नजर आती है। ऐसे में लड़कियां अपनी डेली रूटीन में ब्लैक आईलाइनर को अलग-अलग तरीकों से लगाना पसंद करती है। इसके अलावा पार्टी या खास मौके पर कई लड़कियां कलर्ड लाइनर भी यूज करती है। मगर ज्यादा इसके स्मज यानी फैलने का खतरा रहता है। ऐसे में लुक खराब होने की चिंता रहती है। साथ ही कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी इन समस्याओं से परेशान है तो आज हम आपको लंबे समय तक आईलाइन टिका रहने के कुछ टिप्स बताते हैं।



### टोनर करें इस्तेमाल

आईलाइनर लगाने से आंखों को टोनर की मदद से साफ करें। इससे आंखों के आसपास जमा एक्सट्रा आयल व गंदगी साफ होने में मदद मिलेगी। ऐसे में लाइनर आसानी से लगने के साथ फैलने का खतरा कम रहेगा।

### प्राइमर करें यूज

अपनी आईलिड पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए प्राइमर लगाएं। उसके बाद इसपर आईलाइनर लगाएं। इससे आपका लाइनर लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही इसे लगाने में भी आसानी होगी।

### सही आईलाइनर का करें चुनाव

बाजार में अलग-अलग तरह के आईलाइनर मिलते हैं। ऐसे में आप इसे अपनी स्किन टाइप के हिसाब से खरीद सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, अगर आपकी स्किन ड्राई या नार्मल है तो आप लिक्विड, क्रीम बेस्ड या पेंसिल आइलाइनर ले सकती है। इसके विपरीत ऑयली स्किन वालों के लिए जेल लाइनर बेस्ट रहेगा। ये जल्दी स्मज नहीं होंगे। ऐसे में आंखों की खूबसूरती बरकरार रहेगी।

### वाटरप्रूफ आईलाइन खरीदें

आईलाइन खरीदते समय यह ध्यान रखें कि वो वाटरप्रूफ हो। ये लंबे समय तक लगे रहने के साथ आंखों को नुकसान होने से भी बचाता है।

### पहले करें लैशेज कर्ल

अगर आप आईलाइनर लगाने के बाद लैशेज कर्ल करती है तो अपनी इस आदत को बदल लें। असल में,कर्लर का सिलिकॉन पैड कुछ पिगमेंट को दूर करता है। ऐसे में लंबे समय तक आईलाइनर टिका रहने में मदद मिलती है। इसलिए हमेशा पहले लैशेज को कर्लर की मदद से गोल करें। उसके बाद ही आईलाइनर का इस्तेमाल करें।



# शिशु की त्वचा से बाल हटाने के उपाय



### आटा और सरसों का तेल

चार चम्मच गेहूं के आटे में दो-तीन चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। इसको थोड़ा सा पानी डालकर गूंध लें और इसकी लोई यानी बॉल बना लें। शिशु की मालिश के बाद इस लोई में हल्का सा तेल लगाकर शिशु के शरीर पर हल्के हाथों से धीरे-धीरे मलें। ऐसा कुछ दिनों तक लगातार करने से बाल हटने लगेंगे। अगर बच्चे को सरसों का तेल सूट नहीं करता है तो इसके लिए आप उस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आप शिशु के शरीर की मालिश करती हैं।

### आटा, हल्दी और बादाम का तेल

तीन-चार चम्मच आटे में आधा चम्मच हल्दी और दो चम्मच बादाम का तेल डालकर गूंध लें। इसकी मुलायम लोई बनाएं जो शिशु के शरीर पर चिपके नहीं, इस लोई में हल्का सा बादाम का तेल लगाकर शिशु के शरीर पर हल्के हाथों से मलें। चेहरे के बाल हटाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### बेसन, दूध और हल्दी

शिशु के शरीर से बाल हटाने के लिए आप बेसन, दूध और हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। तीन-चार चम्मच बेसन में चौथाई चम्मच हल्दी और दो-तीन चम्मच दूध मिलाकर आटे की तरह गूंध लें। इसकी लोई बनाकर धीरे-धीरे शिशु के शरीर पर मलें। इस प्रक्रिया को शिशु की मालिश के बाद रोज़ाना दस-बारह मिनट तक दोहराएं। कुछ दिनों में शरीर से बाल हटने लगेंगे। दो चम्मच चंदन पाउडर में दो चुटकी हल्दी मिलाएं और दो चम्मच दूध मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को शिशु की शरीर पर हल्के हाथों से लगाएं। जब ये थोड़ा सूख जाये तो धीरे-धीरे मलते हुए इस पेस्ट को शिशु के शरीर से हटाएं। इसके बाद उसके शरीर को गीले कपड़े से साफ कर दें या नहला दें।

### मसूर दाल, ऑलिव ऑयल और दूध

दो चम्मच मसूर दाल को रात को पानी में भिगो दें। सुबह इसको महीन पीस कर इसका पेस्ट बना लें। इसमें दो चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं और दो चम्मच दूध मिलाएं। इस पेस्ट को शिशु के शरीर पर लगाकर आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद हल्के हाथों से मलते हुए इसे शरीर से हटा दें।

# ऐसे करें गुलाब जल का इस्तेमाल



### चेहरे से मुहांसों के दाग हटाने के लिए

चेहरे से मुहांसों के दाग हटाने के लिए, आप गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले, गुलाब जल को रुई की सहायता से अपने चेहरे पर लगाएं और रात भर के लिए ऐसे ही छोड़ दें.

### डार्क स्पॉट्स को हटाने के लिए

डार्क स्पॉट्स को हटाने के लिए, आप एक चम्मच दही में, 15 बूंदें गुलाब जल की मिलाएं और 5 बूंदें नीबू के रस की मिलाएं. इस मिक्सचर को अपने चेहरे पर आधे घंटे के लिए फेस पैक की तरह से लगाएं और सूखने पर चेहरा धो लें.

### स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए

स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए, आप एक चम्मच बेसन में, एक चम्मच दही मिलाएं और उसमें 15 बूंदें गुलाब जल की मिलाएं. इसको अच्छी तरह से मिक्स कर लें और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह अप्लाई करें. इसके 20 मिनट बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें.

### चेहरे पर ताजगी के लिए

चेहरे पर नमी और ताजगी के लिए, आप तीन चार चम्मच गुलाब जल को आइस ट्रे में डालकर फ्रीजर में रख दें. जब यह आइस क्यूब जम जाए, तो इसको निकाल कर, इससे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से रब करें. इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा, स्किन में कसाव आएगा साथ ही चेहरे पर नमी और ताजगी बनी रहेगी.

### स्किन में ग्लो लाने के लिए

स्किन में ग्लो लाने के लिए, आप एक चम्मच दही में, 20 बूंदें गुलाब जल की मिलाएं. दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर फेस मास्क की तरह अप्लाई करें. इसके लगाने के 20 मिनट बाद चेहरा पानी से धो लें.

### धूप से स्किन झुलसने पर

गर्मी में धूप की वजह से अगर चेहरे की स्किन झुलस जाए, तो इसके लिए आप रोजाना रात को सोने से पहले, गुलाब जल को रुई के ज़रिये अपने चेहरे पर लगाएं. पूरी रात इसे ऐसे ही लगा रहने दें. चेहरे की रंगत निखारने के लिए चेहरे की रंगत निखारने के लिए, आप एक चम्मच चंदन पाउडर में, दो चम्मच गुलाब जल मिलाएं, इसमें एक चुटकी भीमसैनी कपूर भी मिला लें. इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं और सूखने तक ऐसे ही छोड़ दें. इसके बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें.

# घूमना-फिरना ज़िंदगी का अहम हिस्सा

हर किसी के जीवन में घूमने-फिरने का अलग समय महत्व होता है। हालांकि जीवन के सबसे यादगार पल किसी ना किसी वेकेशन के तो होते ही हैं। कई सारे लोग ऐसे होते हैं जिनको घूमना फिरना पसंद नहीं होता कुछ ऐसे होते हैं जिनको हर 3 -4 महीने में उनका घूमने का प्लान बन ही जाता है। बात अगर ख़ास कर उनकी करें जिन्हे घूमने फिरने में कोई दिलचस्पी नहीं है या जो कहते हैं कि घूमने से टाइम वेस्ट होता है उनके लिए ये जानना जरूरी है कि घूमना क्यों जरूरी है।



ट्रैवल में आप अपनी ताकत, कमजोरी, इंपोर्टेंस को समझते हैं। आपको अपने आप को जानने का मौका मिलता है। अन्य जगहों के बारे में जानने का मौका मिलता है। पर्सनल ग्रोथ को इंहेंस करने के लिए ट्रैवलिंग बहुत जरूरी है। घूमने से आप अपने रोजाना के रूटीन से हट कर कुछ करते हैं। जो आपको आपके कंफर्ट जोन से बाहर निकालने में मदद करता है। जिसकी मदद से आप ज्यादा फ्री महसूस करते हैं। सेल्फ डेवलपमेंट हर इंसान के लिए ज़रूरी होता है। तो इसलिए हर इंसान को घूमने फिरने के लिए अपने सेल्फ डेवलपमेंट के ट्रिप प्लैन करना चाहिए।

शांति सुकून हर किसी इंसान के ज़िन्दगी में मायनें रखता है। रोजाना के रूटीन में हर किसी का अपना एक शेड्यूल होता है। जो कई बार स्ट्रेस से भरा हुआ होता है। हम अपनी आत्मशांति खो देते हैं। हर किसी के ज़िन्दगी में एक ऐसा पल होता है जिससे वह निकलना चाहता है इन सब के लिए आपको एक पल शांति सुकून के नाम करना चाहिए। ऐसे में ट्रैवलिंग अच्छा ऑप्शन है, जो आपको घूमने फिरने नई जगहों को एक्सप्लोर करने का मौका देता है। ट्रैवलिंग टेंशन को दूर करने में मदद करेगा। ट्रैवलिंग से ना केवल मन की शांति मिलती है बल्कि, यह आपके दिमाग को भी पूरी तरह से एक्सपेंड करता है, आप चीज़ों को बेहतर तरीके से समज पाते हैं।

# ध्यान दें: वैक्सीनेशन के बाद साइड इफेक्ट्स को न करें नजरअंदाज



**वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण के साथ दर्ज किए गए सबसे आम इफेक्ट्स में फ्लू जैसे लक्षण शामिल हैं और ये अपेक्षित हैं। साथ ही ये प्रतिक्रियाशील माने जाते हैं। वैक्सीनेशन के बाद ये लक्षण नजर आएं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए न कि अपनी मर्जी से कोई दवा लेनी चाहिए।**


वैक्सीन जब शरीर में अपने असर दिखाती है, तो इस दौरान कई साइड इफेक्ट्स नजर आते हैं। ऐसे में शरीर में दर्द और थकान जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हमें इनसे घबराना नहीं है, बल्कि डॉक्टर द्वारा दी गई दवा का सेवन करें और अच्छे से आराम करें क्योंकि 2-3 दिनों में ये दिक्कतें दूर हो जाती हैं। कोरोना की वैक्सीन लेने के बाद जिस तरह कई व्यस्कों में बुखार आना देखा गया था, तो ठीक ऐसे ही माना जा सकता है कि बच्चों में हल्का या तेज बुखार आने जैसी दिक्कतें देखी जा सकती हैं, क्योंकि वैक्सीन अपना असर दिखाती है। ऐसे में डॉक्टर की निगरानी में रहें और अपने मन से किसी भी दवा का सेवन न करें।

उम्मीद की जा सकती है कि जिस जगह पर बच्चों को कोरोना का इंजेक्शन लगेगा, वहां उन्हें दर्द हो सकता है। जैसे व्यस्कों को हुआ था। ऐसे में जरूरी है कि बच्चे को ज्यादा से ज्यादा आराम कराया जाए और कुछ दिन बाद ये दर्द छूमंतर हो जाता है।

# क्या होते हैं ई-सिगरेट में?

**ज्यादा से ज्यादा युवा ई-सिगरेट का इस्तेमाल करते हैं, जिन्हें पारंपरिक धूम्रपान के सुरक्षित विकल्प के रूप में प्रचारित किया जाता है। हालांकि यह भ्रामक प्रचार है, क्योंकि इनकी वैपिंग में करीब दो हजार रसायन होते हैं और इनमें से ज्यादातर रसायन ऐसे हैं, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। इनमें बहुत से औद्योगिक रसायन और कैफीन शामिल हैं। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के हालिया शोध के मुताबिक, यद्यपि ई-सिगरेट में सिगरेट वाले तत्व काफी कम होते हैं और इन्हें सिगरेट के सुरक्षित विकल्प के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन इन्हें कंबस्शन टेंपरेचर से कम पर जलाया जाता है, इसलिए इस बात के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलते हैं कि यह सिगरेट के मुकाबले में ज्यादा सुरक्षित है।**

इसमें कहा गया है कि वैपिंग करने वालों को यह भी नहीं पता है कि वह जिस प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं, अभी उसके खतरों के बारे में पूरी जानकारी भी नहीं है। इन रसायनों से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। अध्ययन में छह संभावित हानिकारक पदार्थों की पहचान की गई है, जिनमें तीन ऐसे रसायन शामिल हैं जो पहले कभी ई-सिगरेट में नहीं पाएग ए थे। चार उत्पादों में से दो में उत्तेजक कैफीन शामिल मिला है। अध्ययन में आगे कहा गया है कि पहले भीई-सिगरेट में कैफीन मिली है, लेकिन केवल कॉफीव चॉकलेटफ्लेवर वाले ई-सिगरेट में। कंपनियों ने बिना बताए ही धूम्रपान करने वालों को ज्यादा किक देने के लिए ई-सिगरेट में इसे मिलाया होगा। कैफीन के अलावा, शोधकर्ता ओंने तीन औद्योगिक रसायनों, एक कीटनाशक और दोफ्लेवर की पहचान की, जिनका जहरीला प्रभाव हो सकता है या सांसों में जलन होती है। शोध में वैपिंग लिक्विड में हजारों अज्ञात रसायन पाए गए और एरोसोल में कंपाउंड्स की संख्या और भी बढ़ गई। इसके अलावा, आमतौर पर कंबस्शन से जुड़े संघनित हाइड्रोकार्बन जैसे कंपाउंड भी पाए गए, जबकि निर्माता ने दावा करते हैं कि वैपिंग में ऐसे कंपाउंड नहीं हैं। पारंपरिक सिगरेट में कंबस्शन के दौरान उत्पन्न संघनित हाइड्रोकार्बन विषाक्त होते हैं। ई-सिगरेट पर जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी का शोध इस मामले में पुराने अध्ययनों से अलग है कि इसमें पारंपरिक सिगरेट में पाए जाने वाले खतरनाक रसायनों के प्रमाण विशेषरूप से परखे गए। नए शोध में वैपिंग लिक्विड और एरोसोल में पाए जाने वाले सभी रसायनों का विश्लेषण किया गया। शोध के दौरान क्रोमैटोग्राफी और हाई रेजोल्यूशन स्पेक्ट्रोमेट्री के जरिये वैप सैंपल को टेस्ट किया गया। यह केमिकल फिंगरप्रिंटिंग की तकनीक है, जिसका प्रयोग पानी, भोजन और खून में विभिन्न कार्बनिक तत्वों की पहचान के लिए होता है। इसमें एमआईसाल्ट, वुसु, जूल और ब्लू के टोबैको फ्लेवर वाले लिक्विड को परखा गया।



# कारपेट पर लगे हेयर डाई के दाग करें रिमूव

**बालों को कलर करने का फैशन काफी ज़ोरों पर है। फिर भले ही सफेद बालों को डाई करना हो या फिर बालों के नेचुरल कलर पर अपने पसंद का कलर अप्लाई करना हो। ऐसे में हर बार पार्लर जाना तो मुमकिन होता नहीं है, इसलिए लोग ज्यादातर घर में ही बालों को डाई कर लेते हैं। लेकिन कई बार बालों को कलर करते समय डाई कारपेट पर भी गिर जाती है, जिसकी वजह से कारपेट पर गहरे निशान पड़ जाते हैं जो देखने में भद्दे नजर आते हैं। अगर इन दागों को रिमूव करने की कोशिश करो तो ये दाग आसानी से निकलते भी नहीं हैं। ऐसे में हम आपकी इस दिक्कत को दूर करने के लिए कुछ तरीके बता रहे हैं, जिनको आजमाकर आप कारपेट पर लगे हेयर डाई के दागों को आसानी से साथ हटा सकते हैं। आइये जानते हैं कि डाई के दाग हटाने के लिए क्या तरीके आजमाए जा सकते हैं।**

### हाइड्रोजन पेरॉक्साइड

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल आप हेयर डाई के दाग को निकालने के लिए कर सकते हैं। ये नॉर्मल से लेकर परमानेंट हेयर डाई के दाग को हटाने में आपकी मदद करेगा। इतना ही नहीं इसके इस्तेमाल से कारपेट के रंग ख़राब होने का डर भी नहीं रहेगा। इसके लिए आप एक से दो चम्मच हाइड्रोजन पेरॉक्साइड लिक्विड किसी बाउल में लेकर इसमें कॉटन बॉल को डिप कर लें। इसके बाद इसको दाग वाली जगह पर अच्छी तरह से लगाकर लगभग दस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद ब्रश की मदद से रगड़कर कारपेट को साफ़ करें। दाग आसानी से निकल जायेगा।

### नींबू का रस

नींबू का रस भी आप कारपेट से हेयर डाई का दाग हटाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप नींबू के रस को दाग वाली जगह पर अच्छी तरह से छिड़क दें। इसके बाद ब्रश की मदद से इसको रगड़कर साफ करें। अगर दाग एक बार में साफ नहीं होता है तो आप इस प्रोसेस को फिर से दोहरा सकते हैं।

### नेल पेंट रिमूवर

नेल पेंट रिमूवर की मदद भी आप कारपेट पर लगे दाग को हटाने के लिए ले सकते हैं। इसके लिए आप नेल पेंट रिमूवर को कॉटन बॉल के जरिए कारपेट पर अच्छी तरह से लगा दें और कुछ देर ऐसे ही लगा छोड़ दें। इसके बाद किसी सूती कपड़े से रगड़ कर दाग को निकालें। दाग आसानी के साथ रिमूव हो जाएगा।

### सोडियम थायोसल्फेट

कारपेट से हेयर डाई के साथ किसी भी तरह के दागों को हटाने के लिए आप सोडियम थायोसल्फेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले एक से दो कप पानी को गर्म कर लें, फिर इसमें एक चम्मच सोडियम थायोसल्फेट डालकर घोल तैयार कर लें। अब इस घोल को आप स्प्रे बॉटल में भरकर दाग वाली जगह पर छिड़काव कर दें या फिर किसी सूती कपड़े के जरिए इस घोल को दाग पर अच्छी तरह से लगा कर 5 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद ब्रश से रगड़कर दाग को हटाएं।

आज की रेसिपी

## अंजीर की खीर



हैदराबादी अंजीर की खीर रेसिपी: यह एक बहुत ही स्वादिष्ट खीर की रेसिपी है जिसमें आपको अंजीर की गुडनेस के साथ केसर, राइस और इलाइची का स्वाद भी मिलेगा.

**सामग्री :**

- 1 कप रात भर भीगे हुए अंजीर
- मुट्ठी भर चावल (3-4 घंटे के लिए भिगोए हुए)
- 1 लीटर दूध
- 4-5 टेबल स्पून कडेंस्सेंड मिल्क
- 6-7 केसर रेशे
- 1/2 टी स्पून इलायची पाउडर

**विधि :**

- भिगोए हुए अंजीर को पीसकर एक पेस्ट बना लें और एक तरफ रख दें.
- चावल का भी एक पेस्ट बनाकर एक तरफ रख दें.
- तीन-चार मिनट के लिए मध्यम आंच पर सॉस पैन में दूध को पकाएं.
- इसमें चावल का पेस्ट डालें और इसे लगातार चलाएं ताकि इसमें गांठे न पड़ें.
- अंजीर का पेस्ट डालें और इसे लगातार चलाएं.
- जब आपको एक गाढ़ा और क्रीमी मिश्रण मिल जाए तो इसमें कडेंस्सेड मिल्क और केसर डालकर उबालें.
- आखिर में इसमें इलाइची पाउडर डालें, इसे अच्छे से मिलाएं और छोटे बाउलस में निकालकर सर्व करें.